CMYK

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, बुधवार 24 दिसम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 137 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 3 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में विधानसभा में विपक्ष की एसआईआर पर चर्चा की मांग को सरकार ने किया खारिज पेज 2



दीप्ति शर्मा पहली बार आईसीसी महिला टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर खेल टाइम्स



आवाज की दुनिया के सरताज थे मोहम्मद रफी सम्पादकीय



ट्रम्प ने सालभर में 18 हजार करोड़ चंदा लिया पेज 12

# बांग्लादेशी हिंदू युवक की हत्या का भारत में विरोध

**नई दिल्ली/ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद (विहिप) देशभर में प्रदर्शन कर रही है। मंगलवार सुबह विहिप के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर प्रदर्शन किया।

दिल्ली के अलावा विहिप ने मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, भोपाल और जम्मू में रैली निकालकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। बांग्लादेश में 18 दिसम्बर की रात हिंदू युवक दीपू चंद्र की हत्या कर दी गई थी। पहले यह दावा किया जा रहा था कि दीपू ने फेसबुक पर




धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी की थी, लेकिन शुरुआती जांच में इसका कोई सबूत नहीं मिला। इस बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है। यह 10 दिन में दूसरी बार है, जब भारतीय उच्चायुक्त को बुलाया गया है। बांग्लादेशी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद भारत विरोधी प्रदर्शनों और फिर मैमन सिंह जिले में दीपू की मॉब लिंचिंग को लेकर दोनों देशों के रिश्ते काफी बिगड़ गए हैं। बांग्लादेश ने मंगलवार को भारत में अपने राजनयिक मिशनों पर हुए हमलों को लेकर गहरी चिंता जताई। विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक इन घटनाओं के विरोध में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया गया। घटनाएं नई दिल्ली और सिलीगुड़ी में हुईं। बांग्लादेश ने कहा कि यह हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाएं अस्वीकार्य हैं।

- **विश्व हिंदू परिषद ने किया देश के छह शहरों में प्रदर्शन, ढाका में भारतीय उच्चायुक्त तलब**
- **मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, भोपाल और जम्मू में रैली निकालकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की**

# यूपी टीईटी परीक्षा रद्द

- **पीजीटी- टीजीटी की नई तारीखें जल्द**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से 28 और 29 जनवरी को प्रस्तावित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) निरस्त कर दी गई है। आयोग की ओर से टीईटी के साथ प्रवक्ता (पीजीटी) एवं प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) भर्ती परीक्षाओं के कार्यक्रम जल्द जारी किए जाएंगे।

टीईटी मई के मध्य में कराने की बात भी कही जा रही है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की मंगलवार को हुई बैठक में परीक्षा नियंत्रक को इसके लिए जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आयोग की भर्ती परीक्षाओं का वार्षिक कैलेंडर भी तैयार किया जाए और उसी के अनुसार परीक्षाएं कराया जाना सुनिश्चित की जाए। भर्ती परीक्षाओं को लेकर आयोग में अब गतिरोध दूर होने की उम्मीद जगी है। नए अध्यक्ष प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई पहली बैठक में परीक्षाओं की तारीख, तो घोषित नहीं की गई, लेकिन इसका खाका जरूर तैयार किया गया। शीत अवकाश के बाद नए साल में आयोग खुलने पर परीक्षाओं की तारीख घोषित होने की भी उम्मीद है। आयोग की ओर से टीईटी के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### यूएई से वांछित भगोड़े रितिक बजाज को भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से वांछित भगोड़े अपराधी रितिक बजाज को इंटरपोल की सहायता से वापस लेकर यहां पहुंची। सीबीआई ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा वांछित भगोड़े अपराधी रितिक बजाज को इंटरपोल सहयोग से यूएई से भारत वापस लाया गया है। सीबीआई के अनुसार रितिक बजाज दिल्ली पुलिस को मादक पदार्थ तस्करी और आपूर्ति मामले में वांछित था। वह भारत से भाग गया था और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनबीसी) की मदद से यूएई में मिला। सीबीआई ने विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ मिलकर भगोड़े को वापस लाने में मदद की। इससे पहले सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के कहने पर इंटरपोल के जरिये बजाज के खिलाफ रेड नोटिस हासिल किया था।

### छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आईएएस अधिकारी निरंजन दास गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आईएएस अधिकारी निरंजन दास को गिरफ्तार कर लिया। दास को रायपुर स्थित धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें ईडी की तीन दिन की हिरासत में भेज दिया गया। ईडी ने छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित एसीबी/ईओडब्ल्यू द्वारा आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी।

### नहीं रहे हिंदी के प्रख्यात साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल

**रायपुर।** ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित छत्तीसगढ़ के प्रख्यात हिंदी साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का मंगलवार को रायपुर एम्स में निधन हो गया। 89 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। रायपुर एम्स में उनका इलाज चल रहा था। सांस लेने में दिक्कत के कारण उन्हें वेंटिलेटर में ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। प्रसिद्ध उपन्यासकार, लेखक और कवि विनोद कुमार शुक्ल ने उपन्यास एवं काव्य विधाओं में साहित्य का शानदार सृजन किया था।

# SIR वोटर लिस्ट: मप्र में 42.74 लाख नाम कटे

## छत्तीसगढ़ में 27 लाख और केरल में 24 लाख लोगों के नाम काटे गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश की एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की, जिसमें से 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं। इसमें 19.19 लाख पुरुष, 23.64 लाख महिलाएं हैं। लिस्ट में 8.46 लाख मृत, 8.42 लाख अनुपस्थित, 22.78 लाख शिफ्ट और 2.76 लाख डुप्लिकेट पाए गए। इसके अलावा केरल में 24.08 लाख और छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख नाम लिस्ट में से हटाए गए हैं।

छत्तीसगढ़ में 6.42 लाख मतदाताओं की मौत हो चुकी है। 19.13 लाख दूसरी जगह शिफ्ट हुए और 1.79 लाख डुप्लीकेट पाए गए। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है। इससे पहले चुनाव आयोग 7 राज्यों पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, लक्षद्वीप और पुड्डुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर चुका है। इन राज्यों में अलग-अलग कारणों से कुल 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा नाम ड्राफ्ट रोल से हटाए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 97 लाख तमिलनाडु से फिर गुजरात से 73 लाख और बंगाल से 58 लाख नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में से बाहर किए गए हैं। 2025 की स्थानीय निकाय चुनावों के लिए तैयार वोटर लिस्ट के मुताबिक केरल में 2.86 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड वोटर हैं। एसआईआर के तहत मतदाता सूची का 99 फीसदी से अधिक डिजिटलीकरण पूरा हो गया है और लगभग 25 लाख नाम हटाए जा सकते हैं। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है। ड्राफ्ट और फाइनल वोटर लिस्ट, दावा-आपत्ति की सूची वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। राजनीतिक दलों के साथ साझा होगी। ईआरओ के फैसले के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट और फिर सीईओ के पास अपील का प्रावधान भी रहेगा। अगर किसी मतदाता के दस्तावेज रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते, तो ईआरओ नोटिस जारी -शेष पृष्ठ दो पर



- **राजस्थान व बंगाल समेत 7 राज्यों से 2.70 करोड़ लोगों के हटे थे नाम**

# कार्ति चिदंबरम पर कसा कानूनी शिकंजा

**नई दिल्ली।** राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम और उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट एस. भास्कररामन के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच किए जा रहे कथित चीनी वीज़ा रैकेट मामले में आरोप तय किए।

अदालत ने भास्कररामन पर मामले से संबंधित महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने का भी आरोप लगाया। दोनों आरोपियों ने खुद को निर्दोष बताया, जिसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई 16 जनवरी को तय की। सीबीआई ने विकास मखारिया को सरकारी गवाह का दर्जा दे दिया है, जिनसे अभियोजन पक्ष के मामले में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। सीबीआई की एफआईआर के अनुसार, पंजाब के मानसा स्थित एक निजी कंपनी (तलवंडी साबो पावर लिमिटेड) ने कथित तौर पर चीनी नागरिकों के लिए वीजा जारी करवाने में मदद के लिए बिचौलियों के माध्यम से 50 लाख रुपये का भुगतान किया। यह कंपनी 1,980 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट स्थापित कर रही थी, जिसका निर्माण कार्य एक चीनी कंपनी को आउटसोर्स किया गया था। परियोजना में देरी होने के कारण, कंपनी ने कथित तौर पर गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा निर्धारित वीजा सीमा से अधिक चीनी पेशेवरों को लाने की कोशिश की। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि इन प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए कंपनी के प्रतिनिधियों ने अपने सहयोगियों के माध्यम से चेन्नई स्थित एक व्यक्ति से संपर्क किया। आरोप है कि चीनी अधिकारियों को पहले दिए गए 263 प्रोजेक्ट वीजा का पुन: उपयोग करने की योजना बनाई गई, जिससे गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित सीमा को प्रभावी ढंग से दरकिनार किया जा सके। इसके बाद, वीजा के पुन: उपयोग की मंजूरी के लिए गृह मंत्रालय को एक अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसे एक महीने के भीतर मंजूरी मिल गई। जांचकर्ताओं के अनुसार, चेन्नई स्थित व्यक्ति ने 50 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की, जिसे पंजाब स्थित फर्म ने अदा किया।



- **राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने चीनी वीजा घोटाले में कांग्रेस नेता के खिलाफ आरोप तय किए**

# अंकिता भंडारी हत्याकांड की न्यायालय की निगरानी में हो सीबीआई जांच: कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/देहरादून।** कांग्रेस ने उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले की व्यापक पड़ताल आवश्यक बताते हुए इस घटना की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में केंद्रीय जांच ब्यूरो-सीबीआई से जांच कराने की मांग की है।

उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीन साल पुराने इस मामले में हाल में एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें खुलासा हुआ है कि इस हत्याकांड में भाजपा का एक बड़ा नेता शामिल रहा है। यह खुलासा खुद को भाजपा कार्यकर्ता होने का दावा करने वाली एक महिला ने किया है। इस वीडियो से साफ है कि अपराधी सत्ताधारी दल का नेता है और यदि सीबीआई मामले की जांच करती है, तो वह निष्पक्ष नहीं होगी इसलिए इस पूरे प्रकरण की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराई जानी चाहिए। श्री गोदियाल ने कहा कि भाजपा के एक पूर्व विधायक की वार्ता का भी एक ऑडियो वायरल हो रहा है, जिसमें अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़ा खुलासा हुआ है।

- **हत्याकांड में भाजपा का एक बड़ा नेता रहा शामिल : गोदियाल**

# सहारनपुर के पांच लोगों की हरियाणा में मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** जिले में देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखपुरा कदीम निवासी पांच लोगों की हरियाणा के कुरुक्षेत्र में दम घुटने से मौत हो गई है। मौत का कारण दम घुटना बताया गया है। यह सभी दो दिन पहले ही गांव से गए थे। इनमें दो सगे भाई, जीजा-साला और एक अन्य व्यक्ति शामिल है। पांच मौतों से गांव में मातम है।

शेखपुरा कदीम निवासी नूर (26) ठेकेदारी करता था। वह 21 दिसम्बर को गांव के रहने वाले सोनू (30), मदनपाल (42), रोशनपाल (45) और रामकुमार (46) को कुरुक्षेत्र ले गया था। यह सभी पेंटर का काम करते थे। सोमवार रात खाना खाने के बाद पिपली रोड स्थित होटल स्टर्लिंग रिसोर्ट में रात के समय कमरे में अंगीठी जलाकर सो गए थे, लेकिन वह मंगलवार सुबह नहीं उठे। सफाईकर्मी ने देखा कि कमरे से कोई बाहर नहीं निकला है, तो उसने कमरे का दरवाजा खटखटाया फिर खिड़की से देखा तो कोई हरकत नहीं हुई। पुलिस मौके पर -शेष पृष्ठ दो पर



- **कमरे में अंगीठी जलाकर सोए थे, पांचों का घुट गया दम, मृतकों में दो सगे भाई भी शामिल**

# भाजपा संविधान खत्म करने की साजिश रच रही: राहुल

बर्लिन, वार्ता

**लोकसभा में नेता** प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा पर भारतीय संविधान को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा संविधान की उस मूल भावना को खत्म करना चाहती है, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार देती है। राहुल गांधी 17 से 19 दिसम्बर तक जर्मनी दौरे पर पहुंचे थे।

इस दौरान 18 अक्टूबर को उन्होंने बर्लिन स्थित हर्टी स्कूल में छात्रों को संबोधित किया था। कांग्रेस ने सोमवार रात इस बातचीत का एक घंटे लंबा वीडियो जारी किया। वीडियो में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा राज्यों की समानता, भाषाओं की समानता और धर्मों की समानता के विचार को खत्म करने की बात कर रही है। भाजपा ने देश की संस्थाओं पर भी पूरा कब्जा कर लिया है। राहुल गांधी ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाएं स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर पा रही हैं। सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों का राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। एजेंसियां सिर्फ विपक्षी नेताओं पर केस दर्ज कर रही हैं, भाजपा नेताओं पर कोई दर्ज नहीं किया जाता। हम सिर्फ भाजपा से नहीं लड़ रहे, हम उनके भारतीय संस्थागत ढांचे और एजेंसियों पर कब्जे के खिलाफ भी लड़ रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमने तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के चुनाव जीते हैं। हमने हरियाणा का चुनाव भी जीता, इसमें कोई शक नहीं है। मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाया कि एक ब्राजील की महिला हरियाणा की वोटर लिस्ट में थी। जब हमने यह प्रश्न चुनाव आयोग से पूछे तो उन्होंने जवाब नहीं दिया। हमें लगता है कि महाराष्ट्र के चुनाव भी निष्पक्ष नहीं थे। हम इस समय देश और दुनिया में बड़े बदलाव से गुजर रहे हैं। पहले भारत को अमेरिका के प्रभुत्व वाली दुनिया से फायदा हुआ, जहां अमेरिका दुनिया के नियम बनाता था, भले इसमें कुछ गलतियां थीं। अब अमेरिका की ताकत सेना, अर्थव्यवस्था और वित्त संबंधी मामलों में चुनौती का सामना कर रही है। साथ ही अमेरिका के अपने अंदर भी कई समस्याएं हैं। एक बड़ी चुनौती यह है कि उत्पादन का काम ज्यादातर चीन के हाथ में चला गया है।



- **ईडी-सीबीआई का हथियार की तरह इस्तेमाल हो रहा**
- **जर्मनी में बोले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष**

# अखलाक मॉब लिंचिंग में केस वापसी की याचिका निरस्त

**ग्रेटर नोएडा।** अखलाक मॉब लिंचिंग में केस वापस लेने के मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई।

मामले में फास्ट-ट्रैक अदालत (एफटीसी) ने अभियोजन पक्ष की ओर से केस वापसी की अर्जी को महत्वहीन और आधारहीन मानते हुए निरस्त कर दिया। मामले में अभियोजन की ओर से लगाई गई अर्जी के लिए मंगलवार की तारीख दी थी। अदालत ने दोनों पक्षों को सुना। साथ ही अदालत ने कहा कि मामले में अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। साथ ही मामले में अदालत ने प्रतिदिन सुनवाई की बात कही है। इस दौरान अभियोजन को आगे गवाहों के बयान दर्ज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस आयुक्त और डीसीपी ग्रेटर नोएडा को निर्देशित किया कि अगर गवाहों को सुरक्षा की आवश्यकता है, तो उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए।

- **केस वापसी की अर्जी को महत्वहीन और आधारहीन माना**

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी ने चरण सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। मोदी ने मंगलवार को कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना जीवन समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के साथ-साथ कृषि की प्रगति और किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित कर दिया।

### खड़गे ने चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किसानों के अधिकारों के लिए हमेशा आगे रहने वाले नेता के रूप में उनकी प्रशंसा की। खड़गे ने किसान दिवस पर सभी किसान भाइयों-बहनों और खेत मजदूरों को बधाई दी।

### कफ सिरप मामले में शुभम समेत चार के लुकआउट नोटिस

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में कोडीन कफ सिरप मामले में मास्टर माइंड शुभम जायसवाल की धर पकड़ के लिये वाराणसी पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी किया है। पुलिस ने बताया कि सोमवार को शुभम जायसवाल समेत चार आरोपियों के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस द्वारा लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। शुभम के साथ दिवेश जायसवाल, अमित जायसवाल और आकाश पाठक पर वित्तीय धोखाधड़ी, एनडीपीएस अधि. नियम समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। प्रहलाद घाट निवासी शुभम जायसवाल को सोनभद्र, जौनपुर, चंदौली और वाराणसी पुलिस काफी दिनों से तलाश रही है। कोडीन युक्त प्रतिबंधित सिरप मामले को लेकर विस में भी बहस देखने को मिली है।

## विधानसभा में विपक्ष की चर्चा की मांग को सरकार ने किया खारिज

# एसआईआर पर यूपी विधानसभा में हुआ हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- एसआईआर का काम चुनाव आयोग के नियंत्रण में
- कांग्रेस बोली बीएलओ की मौतों का मुआवजा दिया जाए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को विपक्ष ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराने की मांग की, लेकिन सरकार ने इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया कि एसआईआर का काम चुनाव आयोग की तरफ से किया जा रहा है। इस पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है, इसलिए इस मांग को ग्राह्य (स्वीकार) नहीं किया जा सकता है।

बीएलओ की मौतों को लेकर उठे सवालों पर सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जवाब दिया। श्री खन्ना ने एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा के दौरान विपक्ष के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, वह अत्यंत दुखद है और सरकार इस पीड़ा को समझती है। उन्होंने कहा कि इन मौतों की जांच कराई जाएगी कि किन परिस्थितियों में घटनाएं हुईं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव संबंधी कार्यों के मामले में सरकार की भूमिका सीमित है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग इस विषय पर मौन है और सरकार आयोग की प्रतिनिधि नहीं है। चुनाव आयोग पर सरकार का कोई प्रत्यक्ष सुपरविजन नहीं होता। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (पीपुल्स रिप्रेजेंटेशन एक्ट) के तहत सभी सरकारी कर्मचारी चुनाव के दौरान चुनाव आयोग के डेपुटेशन पर होते हैं और यह पूरा मामला चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि दर्द घुटने का है और इलाज दांत का किया जा रहा है, यानी जिस संस्था की जिम्मेदारी है, उस पर सवाल नहीं उठाए जा रहे हैं। खन्ना ने कहा कि सरकार मानवीय आधार पर पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है, लेकिन चुनावी प्रक्रिया से जुड़े निर्णय और जिम्मेदारी चुनाव आयोग की ही है। कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा ने नियम-56 के अंतर्गत सदन में यह मामला उठाया और एसआईआर पर चर्चा कराने की मांग की। एसआईआर के दौरान मृतक बीएलओ के परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए।

## ग्रीन हाइड्रोजन के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना को योगी सरकार की मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में ग्रीन हाइड्रोजन अनुसंधान, तकनीकी विकास, मानव संसाधन सशक्तिकरण एवं औद्योगिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने को मंजूरी दी है। पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आईआईटी कानपुर द्वारा हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय (एचबीटीयू), कानपुर के सहयोग से स्थापित किया जाएगा, वहीं दूसरा सेंटर आईआईटी-बीएचयू द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के साथ संयुक्त रूप से स्थापित किया जाएगा। दोनों सेंटर साझेदार संस्थानों के परिसरों से संचालित होंगे। यूपी नेडा के एमडी एंड डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह ने बताया कि इन सेंटरों में चलने वाली परियोजनाओं में दोनों संस्थान बारी-बारी से नेतृत्व करेंगे। यह सेंटर हब-एंड-स्पोक मॉडल पर कार्य करेगा, जिसके तहत प्रदेश के अन्य इंजीनियरिंग और तकनीकी संस्थानों को इससे जोड़ा जाएगा। सेंटर में बायोमास आधारित एवं इलेक्ट्रोलाइज़र आधारित ग्रीन हाइड्रोजन पर अनुसंधान और तकनीकी विकास किया जाएगा। ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 के तहत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक इन्क्यूबेशन सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। इसके माध्यम से हर वर्ष 10 स्टार्टअप्स को और पांच वर्षों में कम से कम 50 स्टार्टअप्स को सहयोग और मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके लिए 25 लाख रुपये प्रतिवर्ष (पांच वर्षों तक) की सहायता का प्रावधान किया गया है। सेंटर प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों और पॉलीटेक्निक संस्थानों के लिए पाठ्यक्रम निर्माण, मेंटरिंग, तकनीकी प्रदर्शनियों और कॉन्फ्रेंसों के आयोजन में भी सहयोग करेगा।

# सीएम योगी ने किसानों को दी ट्रैक्टर की चाबी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मान दिवस पर किसानों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सर्दी, गर्मी की परवाह किए बिना जब वह पसीना बहाता है और सर्दी को अपनी अस्थियों में समाहित कर ऊर्जा का प्रवाह धरती मां के साथ करता है, तो खेती अन्न उत्पादन के रूप में सोना उगलती है।

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर विधान भवन प्रांगण स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। योगी ने 'किसान सम्मान दिवस' पर किसानों को ट्रैक्टर की चाबी दी। साथ ही किसानों, वैज्ञानिकों, एफपीओ आदि को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह सीड पार्क अटारी लखनऊ के प्लॉट आवंटन प्रक्रिया का बटन दबाकर शुभारंभ किया। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपनी मेहनत से किसानों ने प्रगति की है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब पहली बार किसान भी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना। धरती हमारी मां और हम सभी इसके पुत्र हैं, इसलिए पुत्र का दायित्व है कि जब मां बीमार या संकट में हो, तो पुत्र उसे संकट से उबारने में योगदान देता है। पहली बार स्वायल हेल्थ कार्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में धरती मां की सेहत के बारे में हर किसी को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसानों को प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना से जोड़ा, फिर एक-एक करके प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि, एमएसपी की गारंटी हो या बीज से लेकर बाजार तक किसानों की सुविधाओं को बढ़ाया गया। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को 'भारत रत्न' देकर किसानों का मान बढ़ाया। लघु व सीमांत किसानों के लिए कृषि ऋण मोचन कार्यक्रम लागू किया। पहले किसान शासन की किसी भी योजना का अंग नहीं था, लेकिन आज किसान को शासन की हर योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। आज बिचौलिया किसानों की फसल का दाम नहीं तय करता। उन्होंने कहा कि यदि किसान को बाजार में फसल का अच्छा दाम मिला, तो ठीक वरना सरकार उसे खरीदेगी।

# रक्षामंत्री राजनाथ ने मार्गदर्शिका का विमोचन किया



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सड़क परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने में होने वाली देरी की समस्या के समाधान के लिए मंगलवार को यहां एक मार्गदर्शिका का विमोचन किया। यह मार्गदर्शिका देश के दूर-दराज और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में राजमार्गों एवं सामरिक सड़कों के निर्माण तथा रखरखाव का दायित्व निभाने वाले सीमा सड़क संगठन ने तैयार की है।

डीपीआर एक व्यापक दस्तावेज होता है जिसमें परियोजना के अभियांत्रिकी डिजाइन, निर्माण पद्धति, क्रियान्वयन रणनीति, गुणवत्ता नियंत्रण तथा लागत विश्लेषण शामिल होते हैं। सड़क संगठन ने यह मार्गदर्शिका डीपीआर तैयार करने के लिए विनिर्देशों, मानकों, दिशानिर्देशों एवं प्रक्रियाओं को समाहित करते हुए एक संक्षिप्त, व्यापक एवं एकरूप संदर्भ प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित की है। यह मार्गदर्शिका नई सड़क परियोजनाओं के निर्माण अथवा मौजूदा सड़क अवसंरचना के उन्नयन, दोनों ही स्थितियों में परियोजना की परिकल्पना के प्रत्येक चरण में अभियंताओं की सहायता करेगी।

# अरावली मुद्दे पर मंत्री का बयान अस्पष्ट

नई दिल्ली, वार्ता



- पर्यावरण मंत्री के स्पष्टीकरण पर कांग्रेस खफा

कांग्रेस ने कहा है कि अरावली को लेकर केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने जो स्पष्टीकरण दिया है, उससे कई और सवाल खड़े होते हैं तथा पूरे मुद्दे को गहरे संदेह में ले जाते हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि अरावली मुद्दे पर पर्यावरण मंत्री का स्पष्टीकरण अस्पष्ट है और इसमें जो आंकड़े दिए गए हैं, वह भ्रामक है और उससे कई सवाल और संदेह पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री के अनुसार अरावली के 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में से फिलहाल केवल 0.19 प्रतिशत हिस्सा ही खनन पटों के अंतर्गत है, लेकिन यह भी लगभग 68,000 एकड़ है, जो अपने आप में एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। हालांकि 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर का आंकड़ा भ्रामक है। इसमें चार राज्यों के 34 अरावली जिलों का पूरा भौगोलिक क्षेत्र शामिल कर लिया गया है। यह एक गलत आधार है, क्योंकि सही आधार तो इन जिलों के भीतर वास्तव में अरावली के अंतर्गत आने वाला भूभाग होना चाहिए। यदि अरावली के वास्तविक क्षेत्र को आधार माना जाए, तो 0.19 प्रतिशत का आंकड़ा बहुत कम आकलन साबित होगा। रमेश ने आरोप लगाया कि तीन चार राज्यों के 34 जिलों में से जिन 15 जिलों के लिए आंकड़े सत्यापित किए जा सकते हैं, उनमें अरावली क्षेत्र पूरे भूभाग का लगभग 33 प्रतिशत है। नयी परिभाषा के तहत इन अरावली क्षेत्रों में से कितना हिस्सा बाहर कर दिया जाएगा और खनन तथा अन्य विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा-इस बारे में किसी भी तरह की स्पष्टता नहीं है। उनका कहना था कि अगर पर्यावरण मंत्री के सुझाव के अनुसार स्थानीय प्रोफाइल को आधार बनाया जाता है, तो 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली कई पहाड़ियां भी संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएंगी। संशोधित परिभाषा के बाद दिल्ली- एनसीआर में अरावली की अधिकांश पहाड़ी इलाके रियल एस्टेट विकास के लिए खोल दी जाएंगी, जिससे पर्यावरण पर दबाव और बढ़ेगा।

## योगी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को अर्पित की श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है और कहा है कि डबल इंजन की सरकार उनकी प्रेरणा से किसानों के हित में काम कर रही है। योगी ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि किसानों के मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। अन्नदाता किसानों एवं प्रदेश वासियों को 'किसान दिवस' की हार्दिक बधाई। चौधरी साहब का संपूर्ण जीवन गांव, गरीब, शोषित, वंचित और किसान बंधुओं की समृद्धि में समर्पित रहा। डबल इंजन सरकार उनकी प्रेरणा से किसान साथियों के हितों के लिए प्रतिबद्धता पूर्वक कार्य कर रही है। गौरतलब है कि योगी सरकार किसान कल्याण के लिए जीवन समर्पित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्मदिवस 'किसान सम्मान दिवस' के रूप में मना रही है।



**सेंसेक्स** 85524.85
**निफ्टी** 26117.15



**सोना रु.** 136133
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 209250
प्रति किलो



# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 43 अंक नीचे

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को उतार-चढ़ाव देखा गया और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 42.64 अंक (0.05 प्रतिशत) गिरकर 85,524.84 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 4.75 अंक यानी 0. 02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 26,117.15 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.05 प्रतिशत गिर गया। छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप-100 में 0.37 प्रतिशत की तेजी रही। आईटी और बैंकिंग सेक्टरों ने बाजार पर दबाव बनाया। मीडिया, धातु, एफएमसीजी और रसायन सेक्टरों में तेजी रही।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस का शेयर लगभग सवा प्रतिशत टूटा। भारती एयरटेल और अडानी पोर्ट्स में भी लगभग एक प्रतिशत की गिरावट रही। सनफार्मा, टेक महिंद्रा, इटरनल, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, ट्रेंट और टीसीएस के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर सवा प्रतिशत के आसपास चढ़े। टाटा स्टील में भी करीब एक फीसदी की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, पावरग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर और बजाज फाइनेंस के शेयर बढ़त में रहे।

## नोएडा एयरपोर्ट की साइबर सिक्योरिटी संभालेगी टेक महिंद्रा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपने नेटवर्क को मजबूत करने और साइबर सुरक्षा ऑपरेशन के लिए महिंद्रा समूह की कंपनी टेक महिंद्रा के साथ करार किया है। दोनों कंपनियों की संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस उद्देश्य के लिए टेक महिंद्रा एकीकृत नेटवर्क एंड सिक्योरिटी ऑपरेशन्स सेंटर स्थापित करेगी। यह हवाई अड्डे पर निर्बाध और सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करेगा। टेक महिंद्रा नेटवर्क और हवाई अड्डे के आईटी ढांचे के लिए 24 गुना 7 निगरानी एवं प्रबंधन मुहैया कराएगी। इसमें एप्लिकेशन्स, डाटाबेस, नेटवर्क, सर्वर, स्टोरेज सिस्टम और संबंधित डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल होंगे। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टफ स्नेलमैन ने कहा कि एक नए हवाई अड्डे के तौर पर हमारे पास नेटवर्क की मजबूती, सुरक्षा और डिजिटल इकोसिस्टम में पहले दिन से ही परिचालन की उत्कृष्टता शामिल करने का अवसर है। टेक महिंद्रा के साथ हमारी सहभागिता एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार नेटवर्क तथा साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क तैयार करने की दिशा में एक कदम है। इससे सुरक्षित, भरोसेमंद और निर्बाध परिचालन सुनिश्चित हो सकेगा।

## सोना 1.36 लाख पार, चांदी भी 2.09 लाख किलो के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम मंगलवार को लगातार दूसरे दिन ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सोना 2,163 रुपए बढ़कर 1,36,133 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। इससे पहले सोमवार को ये 1,33,970 रुपए पर था।1 किलो चांदी की कीमत भी 1,523 रुपए बढ़कर 2,09,250 रुपए प्रति किलो के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई हैं। इससे पहले सोमवार इसकी कीमत 2,07,727/किलो थी। दस दिन में चांदी 23,762 रुपए महंगी हुई। 10 दिसंबर को इसकी कीमत 1,85,488 रुपए प्रति किलो थी। अमेरिका के ब्याज दर घटाने से डॉलर कमजोर हुआ और सोने की होल्डिंग कॉस्ट कम हुई, इससे लोग खरीदने लगे। रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं। चीन जैसे देश अपने रिजर्व बैंक में सोना भर रहे हैं, ये सालभर में 900 टन से ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं, इसलिए दाम ऊपर जा रहे हैं। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि चांदी की डिमांड में अभी तेजी है, जिसके आगे भी बने रहने का अनुमान है। ऐसे में चांदी अगले 1 साल में 2.50 लाख तक जा सकती है।

# चावल, गेहूं, दालें हुई मजबूत खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और दालों में भी मजबूती देखी गई। चीनी के दाम लगभग अपरिवर्तित रहे। वहीं खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये बढ़कर 3,867 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,862 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की कीमत आठ रुपये और मसूर दाल की सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल पांच रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल के भाव कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही रहे। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 51 रिंगिट चढ़कर 4036 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.18 प्रतिशत टूटकर 48.99 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 42 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति की कीमत 31 रुपये और सरसों तेल की 21 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल और मूंगफली तेल 17.17 रुपये महंगे हुए। पाम ऑयल की कीमत 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत लगभग स्थिर रही। चीनी में भी टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7819.75 रुपये, मसूर काली 8168.89 रुपये, मूंग दाल 10103.52 रुपये, उड़द दाल 10377.66 रुपये, तुअर दाल 10599.84 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2861.69 रुपये और चावल 3866.57 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3294.53 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**एसआईआर वोटर...** करेगा। जांच के बाद ही नाम जोड़ने या हटाने का फैसला लिया जाएगा। बिना सुनवाई के किसी का नाम नहीं हटाया जाएगा। 1 बंगाल में सबसे ज्यादा 58 लाख 20 हजार 898 वोटरों के नाम हटाए गए। इनमें 24 लाख 16 हजार 852 नाम मृत वोटरों के हैं। 19 लाख 88 हजार 76 वोटर ऐसे हैं, जो दूसरे जगह शिफ्ट हो गए हैं। 12 लाख 20 हजार 38 वोटर लापता, 1 लाख 38 हजार 328 डुप्लीकेट या फर्जी और 57 हजार 604 नाम अन्य कारणों से हटाए गए। राजस्थान की एसआईआर की ड्राफ्ट लिस्ट में 41.85 लाख वोटर्स के नाम काटे गए हैं। ड्राफ्ट लिस्ट के साथ एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड और आलरेडी एनरोल्ड लिस्ट दी गई है। गोवा में 11.85 लाख मतदाताओं में से 10.84 लाख ने फार्म जमा किए। यहां 1 लाख से ज्यादा नाम हटे, जिनमें मृत, अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाता शामिल हैं। उत्तर गोवा में 44,639 और दक्षिण गोवा में 55,403 नाम हटाए गए। पुड्डुचेरी में ड्राफ्ट सूची से 1.03 लाख से ज्यादा नाम हटे हैं। अब कुल मतदाता 9.18 लाख रह गए हैं। यहां सबसे ज्यादा नाम पुड्डुचेरी जिले में हटे, जबकि कराईकल, माहे और यानम में भी बड़ी संख्या में मतदाता सूची से बाहर हुए। लक्षद्वीप मे 27 अक्टूबर तक कुल 58 हजार मतदाता दर्ज थे। ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद इनमें से 56,384 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल पाए गए हैं। यानी 1,616 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। तमिलनाडु में यहां पब्लिश हुए ड्राफ्ट रोल में से 97 लाख से ज्यादा नाम काटे गए हैं। एसआईआर से पहले राज्य में वोटर्स की संख्या 6.41 करोड़ थी। अब घटकर 5.43 करोड़ हो गई है। राज्य में अब 2.66 करोड़ पुरुष, 2.77 करोड़ महिलाएं और 7,191 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। गुजरात में राज्य में नई एसआईआर लिस्ट में 73.73 लाख से ज्यादा वोटर्स के नाम कम हुए हैं। राज्य में पहले 5.08 करोड़ से ज्यादा वोटर्स रजिस्टर्ड थे। अब घटकर 4.34 करोड़ रह गए हैं।

**यूपी टीईटी...** लिया जाएगा, लेकिन अभी तक यह प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है। ऐसे में 28 और 29 जनवरी को परीक्षा करा पाना संभव नहीं था। ऐसे में टीईटी की नई तारीख घोषित की जाएगी। आयोग मई के मध्य में परीक्षा कराने पर विचार कर रहा है। कोई रुकावट नहीं आई तो 17 एवं 18 मई को टीईटी का आयोजन कराया जा सकता है।

**सहारनपुर के...** पहुंची और दरवाजा तोड़ा, तो पांच लाशें पड़ी थी। सभी के शव बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए। पुलिस की जांच में सभी की मौत दम घुटने से आई है। पुलिस ने शेखपुरा कदीम में परिजनों को सूचना दी। इसके बाद गांव में मातम पसर गया। ठेकेदार नूर और सोनू दोनों सगे भाई हैं। नूर की शादी पांच महीने पहले हुई थी, जबकि सोनू की करीब तीन साल पहले हुई। कोई बच्चा नहीं है। इनके दो बड़ी बहनें हैं, जिनकी शादी हो गई। माता-पिता हैं। रोशनपाल और रामकुमार जीजा-साला है। इनमें रोशनपाल रामकुमार का साला हैं। रोशनपाल के तीन बच्चे हैं। इनमें दो लड़की हैं, जिनके नाम प्रियंका, नेहा है, जबकि बेटा नरेंद्र है। प्रियंका की शादी हो चुकी है। रामकुमार तीतरों के गांव महमूदपुर का निवासी है। फिलहाल थाना सदर बाजार क्षेत्र में गलीरा रोड पर रहता था। इसके भी तीन बच्चे हैं। मदनपाल के दो लड़की हैं, जिनके नाम स्वाति व नैंसी है, जबकि बेटे का नाम नवीन है। मदनपाल की रात ही परिवार में बात हुई थी। क्योंकि उनके चाचा के लड़के को कुछ दिन पहले ही बेटा हुआ था। एक-दो दिन में आने के लिए बोल रहा था।

# राजभवन में मोती की खेती का शुभारंभ

## राज्यपाल आनंदी पटेल ने पर्लफॉर्मिंग परियोजना शुरू की

लखनऊ, वार्ता



किसान दिवस पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन परिसर में मोती की खेती (पर्ल फार्मिंग) परियोजना का तालाब में सीप अवतरण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के समस्त किसानों को किसान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने कहा कि देश की प्रगति किसानों की समृद्धि से जुड़ी है और कृषि क्षेत्र में नवाचार ही किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने परियोजना स्थल पर कृषि- कें. द्रित कंपनी मणि एग्रो हब प्राइवेट लिमिटेड, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदर्शित मोती के सीप की सर्जरी प्रक्रिया का अवलोकन किया और इसे एक उपयोगी व लाभकारी नवाचार बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर सृजित करती हैं। राज्यपाल ने जनपद बलिया के प्रगतिशील किसान जेपी पांडेय की प्रेरक सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन, मूल्य संवर्धन और स्थानीय बाजार के विकास से किसान आत्मनिर्भर बन सकता है। उन्होंने कहा कि किसान जब ठान लेता है कि उसे कुछ करना है, तो वह बड़ी उपलब्धि हासिल करता है। उन्होंने परिश्रम के साथ सही सोच, प्रभावी प्रबंधन और विभागीय समन्वय पर बल दिया। मौसम के अनुरूप पशुपालन प्रबंधन, नियमित बैठकें, योजनाबद्ध कार्य, नवीनतम तकनीक का उपयोग और औपचारिक प्रोटोकॉल से आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। साथ ही राजभवन में किए जाने वाले नवाचारों को संस्थागत रूप देने और मणि एग्रो हब प्रालि के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मणि एग्रो हब के निदेशक आनंद त्रिपाठी ने बताया कि मोती की खेती एक वैज्ञानिक, टिकाऊ और लाभकारी कृषि उद्यम है। लगभग 2000 वर्ग फीट के तालाब में 10,000 सीपों की खेती से 18 माह में औसतन 8.5 लाख रुपये तक की शुद्ध आय संभव है।

# महबूबा मुफ्ती ने बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं की स्थिति पर चिंता जताई



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को बंगलादेश से मिली, उन रिपोर्टों पर चिंता व्यक्त की जिनमें कहा गया है कि वहां हिंदू महिलाएं सिंदूर लगाकर स्वतंत्र रूप से घूमने में डर रही हैं।

सुश्री महबूबा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हालांकि यह मुद्दा 'गंभीर' है, लेकिन भारतीय नेतृत्व बंगलादेशी अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाने में नैतिक दुविधा का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि बंगलादेश से आने वाली खबरें, जिनमें कहा गया है कि हिंदू महिलाएं सिंदूर लगाकर स्वतंत्र रूप से घूमने में डर रही हैं, अत्यंत विचलित करने वाली हैं। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि दुर्भाग्य से भारतीय नेतृत्व इस गंभीर मुद्दे को बंगलादेशी अधिक. ारियों के साथ उठाने में नैतिक दुविधा का सामना करता दिख रहा है, क्योंकि देश के भीतर ही कुछ असामाजिक तत्व मुस्लिम महिलाओं के हिजाब जबरन उतारते देखे जाते हैं। कट्टरपंथियों के दबदबे वाली दुनिया में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए वास्तव में कौन खड़ा होगा। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई ने मंगलवार को बंगलादेश में अल्पसंख्यकों की हत्याओं पर नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी की कथित चुप्पी को लेकर उन पर तीखा हमला बोला। एक बयान में भाजपा प्रवक्ता मंजूर भट्ट ने उमर अब्दुल्ला सहित जम्मू-कश्मीर के नेताओं की चुप्पी पर सवाल उठाए।

## महाराज ने नैनी-सैनी एयरपोर्ट के विस्तार कार्यों को परखा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने पिथौरागढ़ में नैनी-सैनी एयरपोर्ट के विस्तार कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद विकास भवन में आयोजित जनसुनवाई में उन्होंने जनता की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। जनसुनवाई के दौरान आए जनहित के मुद्दों पर मंत्री जी ने सभी फरियादियों को एक-एक करके सुनने के बाद मूलभूत समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया। साथ ही, जिलाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि पूर्ण पारदर्शिता के साथ सभी कार्यों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उन्होंने वरदानी पार्क में निर्मित स्टार गेजिंग सुविधा का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगाई, मुख्य विकास अधिकारी डॉ दीपक सैनी, उप जिलाधिकारी मनजीत सिंह, तहसीलदार विजय गोस्वामी आदि संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# फिर बोतल से बाहर आया वीआईपी 'गट्टू'

## अंकिता भंडारी हत्याकांड: वायरल वीडियो ने दून से दिल्ली तक मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड की वादियों में ठंड बढ़ रही है, मगर सियासत का पारा अचानक उफान पर है। वजह है, अंकिता भंडारी हत्याकांड, जो एक बार फिर राज्य की राजनीति, सत्ता और न्याय व्यवस्था के सामने कठोर सवाल खड़े कर रहा है। इस बार वीआईपी के नाम का खुलासा खुद भाजपा से निष्कासित पूर्व विधायक सुरेश राठौर की कथित पत्नी उर्मिला ने किया है, जिसने फेसबुक लाइव आकर उस वीआईपी का नाम लिया, जिसका जिक्र इस हत्याकांड में शुरू से होता रहा, लेकिन जांच की फाइलों में कभी दर्ज नहीं हुआ।

महिला ने अपने वीडियो में कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में जिस वीआईपी के लिए उस पर दबाव बनाया जा रहा था, उसका नाम 'गट्टू' है और वह भाजपा का बड़ा नेता है। यह वही नाम है, जिसे लेकर लंबे समय से चर्चाएं थीं, मगर कभी आधिकारिक तौर पर सामने नहीं लाया गया। उर्मिला के वीडियो की गूंज दिल्ली तक सुनाई दी है।



फाइल फोटो

"सरकार की ओर से बनाई गई एसआईटी का काम अंकिता को न्याय दिलाना नहीं, बल्कि गवाहों को डराना और आरोपियों को बचाना बन गया। अब जब भाजपा से जुड़े लोगों के नाम खुद सामने आ रहे हैं, तो पूरी सरकार खामोश क्यों है?...**गणेश गोदियाल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उत्तराखण्ड।**

"कांग्रेस शुरू से पूछती रही, वीआईपी कौन है? अब जब नाम सामने आ रहा है और भाजपा के लोग ही 'गट्टू' का जिक्र कर रहे हैं, तो सच्चाई से भागा क्यों जा रहा है? अंकिता पर वीआईपी को 'स्पेशल सर्विस' देने का दबाव बनाया जा रहा था और उसके इनकार की कीमत उसे अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। यह सिर्फ हत्याकांड नहीं, बल्कि 'उत्तराखंड के स्वाभिमान की हत्या' थी, अब सच्चाई खुद भाजपा के भीतर से सामने आ रही है...**हरीश रावत, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड।**

## समय पर सुबूत मांगने पर पीठ दिखा गई वीआईपी का राग अलापने वाली कांग्रेस: भट्ट



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि अंकिता हत्याकांड मे वीआईपी का राग अलापने वाली कांग्रेस समय पर सुबूत मांगने पर पीठ दिखा गयी।

उन्होंने कहा कि मामले में अगर, कांग्रेस गंभीर होती तो अदालत मे साक्ष्यों के साथ बयान दे सकती थी। उस समय डीजीपी ने सार्वजनिक अपील की थी कि यदि किसी को वीआईपी के बारे में जानकारी है तो आए और बतायें। तब किसी ने नहीं बताया और न आज बता रहे हैं।

वहीं अपुष्ट वायरल वीडियो को छेड़छाड़ वाला बताते हुए उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है, ऐसे में उसे राजनैतिक हथियार बनाने का प्रयास कांग्रेस कर रही है। जबकि जिस महिला का ऑडियो वायरल किया है उसके पिछले कृत्य और राजनैतिक षडयंत्र किसी से छिपा नहीं है। भट्ट ने कहा कि जिस वायरल ऑडियो को राजनैतिक हथियार बनाने का अनैतिक कार्य कांग्रेस कर रही है, उसको लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसमें ऑडियो बताए जा रहे एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उनकी आवाज के साथ एआई की मदद से छेड़छाड़ कर यह ऑडियो तैयारी की गई है।

# पूर्व सीएम हरदा ने दर्ज कराई एफआईआर



- भाजपा पर एआई के जरिए छवि खराब करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भाजपा के विरुद्ध नेहरू कॉलोनी थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

रावत का आरोप है कि भाजपा अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल और वेबसाइट के माध्यम से एआई से निर्मित 'डीपफेक' वीडियो प्रसारित कर रही है, जिसका उद्देश्य उनकी राजनीतिक छवि को धूमिल करना और सांप्रदायिक तनाव पैदा करना है। थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रसारित किए जा रहे वीडियो में हिंदू-मुस्लिम समुदाय के बीच विद्वेष फैलाने वाले आपत्तिजनक शब्दों और चित्रों का उपयोग किया गया है। हरीश रावत ने दावा किया कि एआई तकनीक का इस्तेमाल कर उन्हें गलत तरीके से चित्रित किया गया है ताकि उन्हें 'राष्ट्रद्रोही' के रूप में पेश किया जा सके। बताया कि यह प्रकरण उनके संज्ञान में 18 दिसंबर 2025 को आया, जिसके बाद उन्होंने 23 दिसंबर को औपचारिक शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के साथ संबंधित वीडियो के लिंक, पेनड्राइव में वीडियो की कॉपी और सोशल मीडिया पोस्ट के स्क्रीनशॉट भी पुलिस को सौंपे गए हैं। प्रस्तुत दस्तावेजों में भाजपा उत्तराखंड के आधिकारिक पेज और 'क्या बल उत्तराखंड' जैसे अन्य हैंडल्स की पोस्ट का हवाला दिया गया है। इन पोस्ट में कांग्रेस पर 'वोटबैंक के लालच' में पहाड़ की 'डेमोग्राफी' बदलने और 'जिहाद' की पैरवी करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

# जन जन की सरकार अभियान: भाजपा ने विधानसभा व मंडल तक सौंपी जिम्मेदारी

- प्रदेश संयोजक के रूप में प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार को मिली जिम्मेदारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने जन जन की सरकार जन जन के द्वार अभियान के सफल और प्रभावी क्रियान्वहन के लिए प्रदेश टोली का गठन किया है। प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार के नेतृत्व में विधानसभा और मंडल स्तर पर समन्वयक भी बनाए गए है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि जन जन को केंद्र व राज्य सरकारों की योजनाओं के लाभ पहुंचाने और उनकी समस्याओं के निवारण के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश संयोजक के रूप में प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार को जिम्मेदारी दी गई है। सह संयोजक के रूप में राज. कुमार पुरोहित, सीताराम भट्ट, श्याम डोभाल, राजेंद्र रावत, भुवन जोशी को दायित्व सौंपा गया हैं। कार्यक्रमों को अधिक गति देने और प्रभावी बनाने के लिए 304 मंडल समन्वयक भी बनाए गए हैं।

सांसद, विधायक आदि अन्य सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहेंगे।

### विधानसभा स्तर पर इन्हें मिली जिम्मेदारी

विधानसभा स्तर पर पुरोला से प्रताप सिंह पवार, यमुनोत्री गीता राम गौड़, गंगोत्री राम सुंदर, बद्रीनाथ रामचंद्र, थराली हरक सिंह नेगी, कर्णप्रयाग ऋषि प्रसाद, केदारनाथ विजय कपरवान, रुद्रप्रयाग चंडी प्रसाद, घनसाली राजकुमार, देवप्रयाग जगत सिंह चौहान, नरेंद्र नगर सुभाष बड़थ्वाल, प्रताप नगर गीता रावत, टिहरी बलवीर घुनियाल, धनोल्टी गौरीश डोभाल, चकराता कुलदीप कुमार, विकास नगर श्याम अग्रवाल, सहसपुर विश्वास डाबर, मसूरी डॉ देवेंद्र भसीन, डोईवाला मधु भट्ट, ज्वालापुर विनय रोहेला, लक्सर शोभाराम प्रजापति, हरिद्वार ग्रामीण डॉ. जयपाल चौहान, भगवानपुर सुनील सैनी, झबरेड़ा ओम प्रकाश जमदग्नि, पिरान कलियर देशराज कंडवाल, खानपुर सुरेंद्र मोगा, मंगलौर श्यामवीर सैनी, पौड़ी रमेश गाड़िया, श्रीनगर हेमंत हेमंत द्विवेदी, चौबट्टाखाल ऋषि कंडवाल, यमकेश्वर भुवन विक्रम डबराल, लैंडडाउन वीरेंद्र दत्त सेमवाल, धारचूला गणेश भंडारी, डीडीहॉट श्री नारायण राम आर्य, पिथौरागढ़ श्री अशोक नबियाल, गंगोलीहाट हेमराज बिष्ट, कपकोट महेश्वर मेहरा, बागेश्वर गंगा बिष्ट, द्वाराहाट शिव सिंह बिष्ट, सल्ट कैलाश पंत, रानीखेत शिव सिंह बिष्ट, सोमेश्वर भूपेश उपाध्याय, अल्मोड़ा शंकर कोरंगा, जागेश्वर दिनेश आर्य, लोहाघाट श्याम नारायण पांडे, चंपावत मुकेश मेहराना, लालकुआं रेनू अधिकारी, भीमताल शांति मेहरा, नैनीताल नवीन वर्मा, कालाढूंगी पूरनचंद्र नैनवाल, रामनगर सरदार मंजीत सिंह, जयपुर अनिल कपूर काशीपुर-बाजपुर सुरेश भट्ट, गदरपुर दीपक मेहरा, किच्छा खतीब अहमद, सितारगंज-नानकमत्ता बलराज पासी, खटीमा उत्तम दत्ता प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी का किया भावपूर्ण स्मरण

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वर्गीय इंद्रमणि बड़ोनी का उनकी जयन्ती पर भावपूर्ण स्मरण किया। स्व. बडोनी की जयन्ती की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि पृथक उत्तराखंड राज्य निर्माण आन्दोलन में स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उत्तराखंड राज्य आन्दोलन में उनके सक्रिय सहयोग को सदैव याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी 1994 के राज्य आंदोलन के सूत्रधार रहे। वे देवभूमि के संस्कारों के अग्रदूत व पहाड़ के सच्चे हितैषी थे। पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिये उनकी स्पष्ट सोच एवं राज्य निर्माण के संघर्ष में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. बडोनी की जयन्ती का अवसर हमें उत्तराखण्ड को विकसित एवं अग्रणी राज्य बनाने की भी प्रेरणा देता है।

# सीएम धामी ने भालू हमले के पीड़ितों से की बातचीत

- साहसी छात्राओं दिव्या व दीपिका की बहादुरी को बताया गर्व का विषय

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी अंतर्गत विद्यालय परिसरों के समीप घटित भालू हमले की घटनाओं को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अत्यंत गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय दिया है।

मुख्यमंत्री ने भालू के हमले में घायल हुए पीड़ित छात्र से दूरभाष पर सीधी बातचीत कर न केवल उसका हालचाल जाना, बल्कि उसे



ढांढस बंधाते हुए शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की। धामी ने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और उपचार एवं सुरक्षा के हर स्तर पर किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घटना के दौरान अदम्य साहस, सूझबूझ और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए भालू से बच्चों की जान बचाने वाली साहसी छात्राओं दिव्या और दीपिका से भी बातचीत की।

कहा कि इतनी कम उम्र में जिस साहस, धैर्य और जिम्मेदारी का परिचय उन्होंने दिया है, वह पूरे प्रदेश के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। जिला प्रशासन व वन विभाग को निर्देश दिए हैं कि प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से गश्त बढ़ाई जाए, विद्यालयों, आंगनबाड़ियों और आबादी वाले क्षेत्रों के आसपास सुरक्षा के अतिरिक्त पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि घायल छात्र को उचित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

### धामी सरकार की उधमसिंहनगर को बड़ी सौगात

# रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज को 300 बेड और 100 एमबीबीएस सीटें

- उत्तराखण्ड के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम, रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज से बदलेगा तराई-भाबर का स्वास्थ्य परिदृश्य

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सशक्त मार्गदर्शन और चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के स्पष्ट दिशा-निर्देशों में उत्तराखण्ड ने स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

एक जनपद-एक मेडिकल कॉलेज के लक्ष्य की ओर अग्रसर धामी सरकार ने राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर को 300 बेड चिकित्सालय व100 एमबीबीएस सीटों की स्वीकृति प्रदान की है। इस मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से तराई-भाबर क्षेत्र के साथ-साथ सीमांत और पर्वतीय क्षेत्रों के लाखों लोगों को सुलभ, आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

संस्थान न केवल बेहतर उपचार सुविधाओं का केंद्र बनेगा, बल्कि चिकित्सा शिक्षा, जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों, आपदा प्रबंधन और रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी उत्तराखण्ड को नई मजबूती प्रदान करेगा। 300 बेड चिकित्सालय के संचालन से क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा। मरीजों को जांच, उपचार और देखभाल की बेहतर व्यवस्थाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर में 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध होने से दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों व जटिल मामलों में त्वरित उपचार संभव हो पायेगा। संस्थान में इमरजेंसी और विशेष चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को तत्काल राहत मिलेगी।


**एक जनपद-एक मेडिकल कॉलेज के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ा रहे कदम : डॉ. राजेश**

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि हम एक जनपद-एक मेडिकल कॉलेज के लक्ष्य की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर का संचालन उत्तराखण्ड के स्वास्थ्य तंत्र को नई दिशा देगा। 300 बेड चिकित्सालय और 100 एमबीबीएस सीटों के साथ यह संस्थान गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सीमांत, ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों को समय पर बेहतर उपचार मिलेगा। साथ ही चिकित्सा शिक्षा, जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों और आपदा प्रबंधन में राज्य की क्षमता सशक्त होगी, जिससे प्रदेश की स्वास्थ्य रैंकिंग में भी सुधार सुनिश्चित होगा।

## सीएम ने किया नाबार्ड के राज्य फोकस पेपर 2026-27 का विमोचन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** दून में आयोजित सहकारिता मेला 2025 के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नाबार्ड की ओर से तैयार राज्य फोकस पेपर 2026-27 का विमोचन किया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत, राज्य सभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, सौरभ थपलियाल महापौर, मेहरबान सिंह बिष्ट निबंधक, सहकारी समितियां, पंकज यादव, मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड, आदि उपस्थित थे। यह दस्तावेज राज्य के प्राथमिकता क्षेत्रों के लिए ऋण क्षमता का व्यापक आकलन प्रस्तुत करता है, वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 65,916 करोड़ अनुमानित है, जो की पिछले वर्ष की तुलना में 20.50 प्रतिशत अधिक है। जिला स्तर पर तैयार पोटेंशियल लिंक्ड क्रेडिट प्लान के आधार पर तैयार यह दस्तावेज संतुलित कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए एक रोडमैप है, जिसमें कृषि, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, बुनियादी ढांचा और जलवायु परिवर्तन पहलों जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है।




# नैनीताल में है भारत का पहला मेथोडिस्ट गिरजाघर

## 160 वर्षों का अतीत खुद में सजोए हुए है यह ऐतिहासिक चर्च

**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** मेथोडिस्ट चर्च न सिर्फ नैनीताल, बल्कि पूरे भारत का सबसे पुराना मेथोडिस्ट गिरजाघर है। यह गिरजाघर आज भी अपनी ऐतिहासिक विरासत को खुद में संजोए हुए प्रतीत होता है। मालरोड स्थित मेथोडिस्ट चर्च 160 साल से अधिक पुराना है।

गिरजाघर की इमारत अपनी खूबसूरती, संरचना और ऐतिहासिक पहचान के लिए जानी जाती है। इसका इतिहास भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा हुआ है।

प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो. अजय रावत के अनुसार, मेथोडिस्ट चर्च का निर्माण 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा हुआ है। उस दौर में जब अमेरिकी मेथोडिस्ट मिशनरी विलियम बटलर भारत पहुंचे थे तो



उन्होंने कलकत्ता, इलाहाबाद सहित कई शहरों में मेथोडिस्ट धर्म का प्रचार-प्रसार किया, वे कलकत्ता और इलाहाबाद में मेथोडिस्ट चर्च की स्थापना करना चाहते थे, मगर सफल नहीं हो सकें। जिसके बाद वो बरेली चले गए और यहां आकर उन्होंने चर्च के निर्माण के लिए भूमि भी खरीद ली थी, मगर तभी मेरठ में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की घटना हुई, इस दौरान बरेली के कमांडर निकल्सन ने सुरक्षा कारणों से बटलर को नैनीताल जाने की सलाह दी। 22 सितंबर 1858 को बटलर नैनीताल पहुंचे, जहां से भारत के पहले मेथोडिस्ट चर्च के स्थापना की नींव पड़ी।

प्रोफेसर रावत बताते हैं कि उस दौर के तत्कालीन कुमाऊं कमिश्नर सर हेनरी रैमजे के सहयोग से मल्लीताल रिक्शा स्टैंड के समीप इस चर्च का निर्माण कार्य शुरू किया गया। चर्च को तैयार होने में लगभग दो वर्ष का समय लगा। इसे शहर के परिवेश को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया, जहां प्राकृतिक रोशनी और खुला वातावरण प्रमुख विशेषता रहे। इसी कारण इसे काउंटी चर्च के नाम से भी जाना जाता है। चर्च की बनावट में उस दौर की यूरोपीय वास्तुकला की झलक साफ दिखाई देती है, जो आज भी पर्यटकों और इतिहास प्रेमियों को आकर्षित करती है।

आज यह चर्च न केवल ईसाई समुदाय की आस्था का केंद्र है, बल्कि नैनीताल की सांस्कृतिक विरासत का भी अहम हिस्सा बन चुका है। हर साल क्रिसमस के अवसर पर यहां विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दौरान चर्च में क्रिसमस केक काटकर श्रद्धालुओं में वितरित किया जाता है। खास बात यह है कि इन कार्यक्रमों में हर धर्म के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं, जो नैनीताल की गंगा-जमुनी तहजीब को दर्शाता है, माल रोड में स्थित मेथोडिस्ट चर्च इतिहास, आस्था और सौहार्द का ऐसा प्रतीक है, जो नैनीताल के समृद्ध इतिहास को भी दर्शाता है।

# डंपिंग जोन की सुरक्षा दीवार जल्द बनाने के निर्देश

■ गंगा स्वच्छता और नगरीय क्षेत्रों में अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर डीएम सख्त, गंगा समिति की बैठक में सीवर लाइन और वेस्ट मैनेजमेंट पर हुआ मंथन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में गंगा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई, जिसमें जिले की पर्यावरणीय सुरक्षा और गंगा की निर्मलता को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु जिले की समस्त नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में चल रहे साफ-सफाई अभियान, ट्रेंचिंग ग्राउंड की स्थिति और वेस्ट मैनेजमेंट की प्रभावी कार्ययोजना रहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि गंगा और उसकी सहायक नदियों के संरक्षण के लिए नगरीय क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का सुचारु होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से चम्बा और नई टिहरी के लिए चिन्हित डम्पिंग जोन मोकरी में सुरक्षा दीवार के निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कार्य की गति पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सुरक्षा दीवार का निर्माण निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की पर्यावरणीय क्षति को रोका जा सके। इस दौरान जिले की सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों ने अपने क्षेत्रों में वर्तमान में प्रचलित साफ-सफाई व्यवस्था और कूड़ा निस्तारण की स्थिति का ब्योरा प्रस्तुत किया, जिस पर जिलाधिकारी ने नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

नमामि गंगे और सीवर लाइन परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए परियोजना प्रबंधक, निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई (गंगा), उत्तराखण्ड पेयजल निगम, श्रीनगर ने बैठक में जानकारी दी कि देवप्रयाग में सीवर लाइन बिछाने का कार्य अंतिम चरणों में है। उन्होंने बताया कि वहां 200 मीटर सीवर लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है, जिसके माध्यम से क्षेत्र के 17 घरों को सीवर नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि उक्त योजना को आगामी 31 दिसम्बर 2025 तक निरीक्षण हेतु पूरी तरह तैयार कर लिया जाएगा, जिससे स्थानीय निवासियों को बेहतर सीवेज सुविधा का लाभ मिल सकेगा।बैठक में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की कार्यप्रणाली और मानकों को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई।

उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अक्टूबर माह की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया गया कि भागीरथी पुरम स्थित 5 एमएलडी और देवप्रयाग स्थित 1.4 एमएलडी एसटीपी में फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई है। इस पर स्पष्टीकरण देते हुए अधिशासी अभियंता जल संस्थान नई टिहरी ने बताया कि भागीरथी पुरम के प्लांट का डिजाइन पीरियड पूरा हो चुका है, जिसके चलते यह समस्या आई है और अब इसके उच्चीकरण की कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

वहीं, देवप्रयाग एसटीपी के संबंध में अधिशासी अभियंता ने जानकारी दी कि प्लांट के सेंसर में तकनीकी खराबी आने के कारण टेस्टिंग में विसंगति आई थी, जिसे सुधारने के लिए नया सेंसर मंगवा लिया गया है। बैठक में डीएफओ पुनीत तोमर, अधिशासी अभियंता जल संस्थान प्रशांत भारद्वाज, डीटीडीओ एस.एस. राणा, और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नई टिहरी बासुदेव डांगवाल सहित अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

## जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम सीएम की दूरदर्शी सोच का परिणाम: विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** विधानसभा सहसपुर के अंतर्गत सभावला में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेशभर में संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत आयोजित बहुद्देशीय शिविर में विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आमजन को शि. विर का अधिकतम लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

बहुद्देशीय शिविर में 23 विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों द्वारा मौके पर ही जनता की समस्याओं को सुना गया और संबंधित प्रकरणों का त्वरित समाधान किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने प्रतिभाग कर सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम मुख्यमंत्री धामी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसके माध्यम से सरकार स्वयं जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। इस पहल से आमजन को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचता है।विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने जनता से अपील करते हुए कहा कि जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले ऐसे बहुद्देशीय शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं, ताकि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

## एनआईटी उत्तरखंड में जीआईएएन पाठ्यक्रम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) उत्तराखंड के गणित विभाग द्वारा वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों के लिए डेटा-आधारित चिंतन, मॉडलिंग एवं सांख्यिकीय निष्कर्षण पर पाँच दिवसीय ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क्स पाठ्यक्रम का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। यह प्रतिष्ठित पाठ्यक्रम भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रदान किए गए 6.6 लाख रूपये के अनुदान से 23 से 27 दिसंबर 2025 तक संचालित किया जाएगा। जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देना तथा भारतीय छात्रों और शोधकर्ताओं को वैश्विक स्तर की विशेषज्ञता से जोड़ना है। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि एमएएनआईटी भोपाल एवं एनआईटी उत्तराखंड के निदेशक प्रो. केके शुक्ल ने कहा कि डेटा-आधारित अनुसंधान, गणितीय मॉडलिंग और सांख्यिकीय विश्लेषण आज वैश्विक स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। कहा कि इस प्रकार के अंत. रराष्ट्रीय पाठ्यक्रम संस्थान की अकादमिक प्रतिष्ठा को और सुदृढ़ करते हैंबताया कि यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को गणितीय मॉडलिंग, सांख्यिकीय महामारी विज्ञान, डेटा एनालिटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग जैसे आधुनिक उपकरणों से परिचित कराएगा। डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी ने पोस्ट कोविड-19 युग में इस पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों को समझने, उनके प्रबंधन और न्यूनीकरण में डेटा, गणितीय मॉडलिंग और सांख्यिकीय निष्कर्षण की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। मौके पर एनआईटी उत्तराखंड के कुलसचिव हरि मौल आजाद, डीन (योजना एवं विकास) डॉ. विवेक श्रीवास्तव, डॉ. शशांक भातरा, गणित विभाग के डॉ. डीबी सिंह सहित आदि मौजूद थे।

## बांग्लादेशियों के अत्याचार के विरोध मे पुतला दहन

**विकासनगर।** बंगलादेश मे हो रही हिंदुओं की हत्या एवं अत्याचार के विरोध युनुस का पुतला दहन किया गया। प्रतिष्ठा सेवा समिति के अध्यक्ष गिरीश डालाकोटी ने कहा कि इस्लामिक आतंक वाद नही चलेगा, बंग्लादेशी वापिस जाओ, ये देश है वीर शिवाजी का आदि नारे लगाकर सरकार से अवलिम्ब कार्यवाही की मांग की गई। उन्होंने सरकार से मांग की हमारे यंहा रहने वाले बंगलाद. ेशीयो को चिंहित करके बाहर भेजा जाए अन्यथा 15 दिन के बाद यह कार्य हिंदू संघटन करेंगे। इस अवसर पर प्रतिष्ठा सेवा समिति के अध्यक्ष गिरीश डालाकोटी, भूपेंद्र ,सविता आदि उपस्थित रहे।

## सड़क धंसी , बड़े हादसे का खतरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** सहिया स्टेट हाईवे पर सड़क धंसने से क्षेत्र में बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। यह धंसाव चकराता गेट से सहिया की ओर लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां सड़क का एक हिस्सा पैराफिट के पास से नीचे की ओर धंस रहा है, जो दूर से नजर नहीं आता, जिससे वाहन चालकों के लिए यह स्थान बेहद खतरनाक बन गया है।स्थानीय ग्रामीणों राजेंद्र सिंह चौहान (राजू), प्रदीप जोशी, सहित अन्य लोगों ने बताया कि इस स्थान पर वाहन साइड देने या लेने के दौरान सड़क के और नीचे बैठने का खतरा बना रहता है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग की अधिशासी अभियंता रचना थपलियाल ने बताया कि सड़क धंसाव की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। फिलहाल प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिली है, लेकिन जल्द ही स्वीकृति मिलने की उम्मीद है, जिसके बाद मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

### एक नजर .......

## मंदिर समिति ने विद्यालय को भेंट किया वाटर कूलर

**श्रीनगर।** सिद्धपीठ मां धारी देवी मंदिर समिति ने आनंदा इंटरनेशनल स्कूल ढमक में एक वाटर कूलर प्रदान किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रशासन ने मंदिर समिति के अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय का स्वागत किया गया। मौके पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय ने विद्यालय प्रशासन को हर संभव सहायता एवं सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिलाया। मौके पर पार्षद राजेंद्र सिंह नेगी, विद्यालय की प्रधानाचार्य गीता भंडारी, विद्यालय समिति के अध्यक्ष डॉ. उत्तम सिंह भंडारी, राजेश पाण्डेय, गौरव बुटोला, सुदर्शन कुमार, सुमन रावत, राखी पंत, मानसी बंगवाल, रचना बहुगुणा, दीपिका उनियाल, मोनिका, विजय लक्ष्मी, मीनाक्षी, वंदना डंगवाल सहित आदि मौजूद थे।

## जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए: खंडेवाल



**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर में ब्लॉक प्रमुख अचला खण्डेवाल की अध्यक्षता में राज्य वित्त योजना के अंतर्गत विकास योजनाओं को क्रियान्वान किए जाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देना सहित आगामी योजनाओं कि समीक्षा करना के उद्देश्य से आहुत की गई बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में ब्लॉक प्रमुख अचला खण्डेवाल ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को राज्य वित्त के तहत आवंटित बजट का सदुपयोग करने और जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रस्तावों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर सहायक खंड विकास अधिकारी दिलमणि जोशी, कनिष्ठ उप प्रमुख प्रियंका जयाड़ा, क्षेत्र पंचायत सदस्य रानीहाट मनोज कुमार जोशी, सुमन नौटियाल, विजयमोहन बहुगुणा, अनिता देवी, चन्द्रमोहन सिंह आदि मौजूद थे।

## देवभूमि, एसजीआरआर और राइंका श्रीनगर ने जीता मैच

**श्रीनगर।** रोटरी क्लब अलकनंदा वैली श्रीनगर के तत्वावधान में एनआईटी खेल मैदान में चल रही स्व. विमला जुगरान स्मृति स्कूली बालक एवं बालि. का क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन देवभूमि स्कूल और राइंका श्रीनगर ने मैच अपने नाम किया। प्रतियोगिता का पहला मैच देवभूमि स्कूल और राइंका कीर्तिनगर के मध्य खेला गया। प्रतियोगिता में पहले बल्लेबाजी करते हुए देवभूमि स्कूल की टीम ने विपक्षी टीम को 12 ओवरों में 104 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राइंका कीर्तिनगर 12 ओवरों में 101 रन ही बना पाई। देवभूमि की टीम ने 4 रनों से मैच अपने नाम किया। वहीं दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए रेनबों स्कूल की टीम ने 12 ओवरों में 104 रन बनाएं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राइंका श्रीनगर की टीम ने 10वें ओवर की पहली गेंद में ही मैच अपना नाम किया। मैच जीत कर राइंका श्रीनगर सेमिफाइनल में प्रवेश किया। मौके पर रोटरी क्लब अलकनंदा वैली के खेल प्रभारी प्रदीप मल्ल, खेल प्रभारी कृपाल सिंह पटवाल, अध्यक्ष डा. सुनील बिजल्वाणप्रतियोगिता में नारायण सदन पहले, व्यास सदन दूसरे एवं पाराशर सदन तीसरे स्थान पर रहा। अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षकाएं उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय गणित दिवस पर गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कोटद्वार ।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर में सोमवार को गणित को नया आयाम देने वाले दुनिया के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती एवं राष्ट्रीय गणित दिवस उपलक्ष्य में अंतर सदन गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चारों सदनों के छात्रों ने भाग लिया।

## अनियंत्रित होकर बाइक यूटीलिटी से टकराई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** कालसी चकराता मोटर मार्ग पर सियारली खड के पास मोड पर बाईक अनियंत्रित होकर यूटीलीटी से टकरा जाने से बाइक सवार व एक महिला घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से 108 सेवा के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाएं गए। जहां से प्रथम उपचार के बाद एक को हायर सेन्टर किया रेफर किया गया।

मंगलवार की शाम करीब चार बजे शमशेर सिंह पुत्र जिंगुटिया निवासी खोई चंदोऊ ( 27 ) अपनी बाइक से चकराता से विकासनगर आ रहा था। इसी बीच बोडोई छानी से एक महिला कला देवी पत्नी दमाराम वर्मा निवासी उपरोली ने साहिया आने के लिए लिफ्ट ली। कुछ ही दूरी पर सियारली खड के समीप तिबर मोड पर बाइक चालक हड़बड़ा गया और साहिया की और से आ रही यूटीलिटी से टक्करा गया। बाईक चालक शमशेर सिंह के सिर पर गहरी चोट आने से उसको हायर सेन्टर रेफर कर दिया। जबकि महिला को उपचार के बाद घर भेज दिया।

डाक्टर ममता नेगी ने बताया कि बाईक सवार के सिर पर कट भारी चोटे आने के कारण हायर सेन्टर रेफर किया गया।

## बीएड नवीन सत्र 2025-27 के अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बी.एड. के नवीन सत्र 2025-27 के अभिविन्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी.एस. नेगी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य ने नव प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बी. एड. केवल शैक्षिक योग्यता नहीं बल्कि व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। उन्होंने बताया कि बी. एड. पाठ्यक्रम में प्रशिक्षु जो भी क्रियाकलाप सीखते हैं, वे भविष्य में अपने छात्रों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह पाठ्यक्रम 'स्वयं करके सीखने' और 'प्रत्यक्ष अनुभव' के सिद्धांत पर आधारित है।

बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. रुचि बहुखंडी ने नए प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि केवल बी.एड. की डिग्री प्राप्त करना ही लक्ष्य नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमारा वास्तविक उद्देश्य समाज में एक आदर्श शिक्षक बनना और समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाना होना चाहिए।' उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि शिक्षक समाज का आदर्श होता है और उसे विशेष सम्मान प्राप्त होता है। नए प्रशिक्षुओं के बीच आपसी मैत्री, सहयोग और टीम भावना विकसित करने के उद्देश्य से संचार खेल, टीम निर्माण कौशल, एकाग्रता अभ्यास जैसे कई रोचक क्रियाकलाप संचालित किए गए।

## छात्राओं को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

विकासनगर। जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता अंडर 14-19 का आयोजन देहरादून में क्रीड़ा भारती के तत्वाधान में किया गया। इस ओपन टूर्नामेंट में एनफील्ड स्कूल की अक्शिका शर्मा, याशिका तोमर एवं अन्य बालिकाओं ने ओपन टीम से खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओपी चुग ने सभी छात्राओं को सम्मानित किया। शारीरिक शिक्षा अध्यापक अंकित डबराल व जवाहर शर्मा को उनके परिश्रम एव मार्गदर्शन के लिए बधाई दी।

## निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम एक जनवरी से प्रारंभ

**कोटद्वार ।** सेवायोजन विभाग उत्तराखंड द्वारा संचालित गोविंद नगर स्थित शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केंद्र में आरक्षित वर्ग, पिछड़ा वर्ग व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए रोजगार परख प्रशिक्षण व प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम एक जनवरी से आरंभ होगा। मंगलवार को केंद्र प्रभारी उत्तम कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के अंतर्गत छात्रों को छह मास का टंकण व लिपिकीय व आशुलिपि में एक साल का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण में हिंदी टंकण, हिंदी आशु. लिपि व इंटनेट व कम्प्यूटर का ज्ञान निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार छात्रों को दिया जायेगा।

## परिस्थितियों से लड़कर हार गया रुद्रप्रयाग जिले का ल्वेगढ़ गांव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड की पहचान एक सुंदर पहाड़ी प्रदेश के रूप में है। हरे-भरे खेत-खलिहान, पर्वत श्रृंखलाएं, प्राकृतिक सौंदर्य यहां की पहचान हैं। लेकिन राज्य अस्तित्व में आने के बाद इन 25 सालों में पलायन की मार झेल रहे कई गांव खाली हो चुके हैं। कभी लोगों से गुलजार रहने वाले गांवों को 'घोस्ट विलेज' कहा जाने लगा है.। ऐसे ही गांवों की श्रेणी में उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिला का ल्वेगढ़ गांव भी शामिल हो गया है। ये गांव गढ़वाल के 52 गढ़ों में शामिल है।

उत्तराखंड के पहाड़ उजड़ने के पीछे कई वजहें रही हैं। हालांकि, गांव के गांव खाली होने का मुख्य कारण बुनियादों सुविधाओं का अभाव रहा है, जिसकी बानगी हर गांव में देखने को मिल जाती है। रुद्रप्रयाग जिले का ल्वेगढ़ गांव भी ऐसी परिस्थितियों से लड़कर अब हार गया है और अब ये गांव भी वीरान हो गया है। दरअसल, ल्वेगढ़ गांव में अंतिम निवासी 90 वर्षीय सीता देवी के निधन के बाद शेष दो बुजुर्ग महिलाएं भी ये गांव छोड़कर अपने परिजनों के पास अन्य गांवों में चली गईं, जिससे यह गांव खाली हो गया. स्वतंत्रता सेनानी शिव सिंह सजवाण का पैतृक गांव आज बुनियादी सुविधाओं के अभाव में वीरान हो गया है।

जहां एक ओर सरकार रिवर्स पलायन की बात कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत ठीक उलट दिखाई दे रही है। पहाड़ों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में पलायन तेजी से बढ़ा है। गांवों में अब वीरानी छाने से जंगली जानवरों का आशियाना बनते जा रहे हैं। सरकार और प्रशासन समय रहते अगर इन गांवों में ध्यान देता तो आज स्थिति ऐसी नहीं होती।

जनपद में स्थित स्वतंत्रता सेनानी शिव सिंह सजवाण का पैतृक गांव ल्वेगढ़ अब पूरी तरह खाली हो चुका है। गांव की अंतिम निवासी 90 वर्षीय सीता देवी के निधन के बाद शेष दो बुजुर्ग महिलाएं भी अपने परिजनों के पास अन्य गांवों में चले गए हैं, जिससे यह गांव जनशून्य हो चुका है। गांव के खाली होने का मुख्य कारण सड़क और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहा है।

वैसे पहाड़ी इलाकों के सैकड़ों गांव सड़क, पानी, स्वास्थ्य और संचार जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में खाली रहे हैं। विकासखंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत कांडई का राजस्व गांव ल्वेगढ़ इन्हीं में से एक है। ये वही गांव है, जहां के स्वतंत्रता सेनानी शिव सिंह सजवाण ने आजादी की लड़ाई में कई बार जेल की सजा काटी थी। जिस गांव से कभी आजादी की मशाल जली थी, आज वहां वीरानी और सन्नाटा पसरा हुआ है। इसी गांव से कुछ दूरी पर स्थित ढिंगणी गांव भी चार साल पहले जनशून्य हो चुका है, जबकि चाम्यूं गांव में केवल एक बुजुर्ग दंपति रह रहे हैं।

बता दें कि करीब दस साल पहले तक ल्वेगढ़ में 15 परिवार निवास करते थे। पेयजल, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं न मिलने के कारण लोग धीरे-धीरे पलायन करने लगे। आज गांव तक पहुंचने के लिए एक किमी पैदल रास्ता भी मुश्किल से दिखाई देता है। गांव के चारों ओर बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग गई हैं और कई आशियानें टूट चुके हैं। इस वर्ष अक्टूबर के पहले हफ्ते तक गांव में केवल तीन बुजुर्ग महिलाएं और एक दिव्यांग युवक ही रह रहे थे। 10 अक्टूबर को 90 वर्षीय सीता देवी का निधन हो गया।

## प्रशासन ने कसी नकेल, तस्करों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद को नशा मुक्त बनाने और युवाओं को मादक पदार्थों के दलदल से बाहर निकालने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी मुहिम और अधिक तेज कर दी है। इसी क्रम में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनपद एवं थाना स्तरीय एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की एक महत्वपूर्ण मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए कि नशे के अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और नशा तस्करों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल धरपकड़ ही काफी नहीं है, बल्कि जागरूकता और पुनर्वास के माध्यम से समाज की जड़ों तक पहुंचना भी अनिवार्य है।

बैठक के दौरान पुलिस विभाग की ओर से अपर पुलिस अधीक्षक जे. आर. जोशी ने जिले में चल रहे नशा विरोधी अभियानों का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा न केवल अपराधियों पर शिकंजा कसा जा रहा है, बल्कि जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सचेत भी किया जा रहा है।

उन्होंने जानकारी दी कि एनडीपीएस एक्ट के तहत लगातार कार्रवाई जारी है और विशेष रूप से पर्यटन की दृष्टि से संवेदनशील मुनि की रेती क्षेत्र में तीन व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज कर सख्त संदेश दिया गया है। इसके अलावा, पुलिस विभाग एनजीओ के सहयोग से नशा पीड़ितों के पुनर्वास (रिहैबिलिटेशन) के लिए भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है ताकि भटके हुए युवाओं को मुख्यधारा में वापस लाया जा सके।

उन्होंने अन्य सभी विभागों से अपील की कि यदि उन्हें नशे के अवैध व्यापार के संबंध में कोई भी गोपनीय सूचना मिलती है, तो वे तत्काल पुलिस के साथ साझा करें।

युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा भी बैठक का अहम हिस्सा रही। विभाग द्वारा बताया गया कि स्कूलों और कॉलेजों में एंटी ड्रग क्लबों का गठन किया गया है जो छात्रों के बीच सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही शिक्षण संस्थानों में रैंडम चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं और टोबैको ओथ (तंबाकू निषेध शपथ), जागरूकता सेमिनार और काउंसलिंग सत्रों का आयोजन किया जा रहा है ताकि छात्र जिज्ञासावश भी नशे की ओर आकर्षित न हों। वन विभाग की ओर से रेंज अधिकारी कपिल ने जंगलों में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए किए गए फील्ड निरीक्षणों की जानकारी दी।

बैठक में एसडीएम नरेंद्रनगर आशीष घिल्डियाल, एसडीएम धनोल्टी नीलू चावला, एसडीएम कीर्तिनगर मंजू राजपूत, एसडीएम टिहरी संदीप कुमार सहित स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे और भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया।

## बंड विकास मेले में स्कूली छात्रों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति

■ मेले में धीरे-धीरे मेलार्थियों की भीड़ बढ़ने से रौनक लौटने लगी है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**बंड विकास मेले में आज के मुख्य अतिथि रहे भाजपा के जिलाध्यक्ष गजपाल बर्तवाल। जबकि विशिष्ट अध्यक्ष रहे बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, राज्यमंत्री हरक सिंह नेगी, गोपेश्वर पालिका अध्यक्ष संदीप रावत और दशोली प्रमुख विनीत देवी रहे। बंड विकास संगठन के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नेगी द्वारा सभी मुख्य अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालों का भी निरीक्षण किया गया।

मेले में चौथे दिन बंड क्षेत्र के दर्जनों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई।

सरस्वती शिशु मंदिर पीपलकोटी के नौनिहालों द्वारा मेला खेलों मां की शानदार प्रस्तुति की गई। वहीं हिमालय उदय चिल्ड्रन एकेडमी के छात्रों ने भी अपनी विलुप्त हो रही संस्कृति के संरक्षण के लिए संदेश दिया गया। पावन मेरो उत्तराखंड गढ़ देश के माध्यम से छात्रों ने दिया सुंदर संदेश।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा सिकन्दरपुर भैंसवाल, तहसील-भगवानपुर, जिला-हरिद्वार(उत्तराखण्ड) खसरा नंबर 721, खाता संख्या 685 में भण्डारन हेतु आवेदन किया है। यदि किसी को आपत्ति हो तो 15 दिन के भीतर जिलाधिकारी हरिद्वार के यहा अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**इस्लाम पुत्र सईद अहमद**
**निवासी अकबरपुर कालसो,**
**तहसील भगवानपुर**
**जिला-हरिद्वार**

# सहकारिता आर्थिक मॉडल नहीं, सामाजिक परिवर्तन का माध्यम: सीएम

## सहकारिता मेला 2025 का सीएम धामी ने किया उद्घाटन, किसानों, महिलाओं व युवाओं को मिल रहा लाभ

■ 670 सहकारी समितियां पूरी तरह डिजिटल, उत्तराखंड बना देश का मॉडल राज्य

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को रेंजर्स ग्राउंड, देहरादून में आयोजित सहकारिता मेला 2025 में प्रतिभाग किया। यह आयोजन 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025' व उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में किया गया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता मेला केवल उत्पादों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि उत्तराखंड की सहकारिता शक्ति, ग्रामीण आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सहकारिता भारतीय जीवन पद्धति का मूल संस्कार रही है, जहां व्यक्ति अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज के सामूहिक हित के लिए कार्य करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में सहका-रिता की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है, इसी को ध्यान में रखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में सहकार से समृद्धि के संकल्प को साकार करने के लिए देश में अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन एक ऐतिहासिक निर्णय है, जिसे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में मजबूती से आगे बढ़ाया जा रहा है।

उत्तराखंड आज सहकारिता सुधारों में देश का अग्रणी राज्य बन चुका है। पूरे देश में बहुउद्देश्यीय सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण की शुरुआत उत्तराखंड से हुई और आज प्रदेश की सभी 670 सहकारी समितियां पूर्णतः डिजिटल हो चुकी हैं। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत, विधायक खजान दास, सविता कपूर आदि उपस्थित रही।



### जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार: 6396 शिकायतों का हुआ त्वरित निस्तारण

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार संचालित 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान ने न्याय पंचायत स्तर पर ग्रामीणों तक शासन-प्रशासन की सेवाओं को सीधे पहुँचाने में एक नई मिसाल कायम की है। एक सप्ताह के दौरान राज्य भर में 93 बहुद्देश्यीय शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें कुल 6396 शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया और 28,959 ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। सरकारी सेवाओं की पहुँच और पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए इन शिविरों में ग्रामीणों को 9061 प्रमाणपत्र भी निर्गत किए गए।धामी इस महत्वपूर्ण पहल के माध्यम से न्याय पंचायत स्तर पर ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और पात्र लोगों को जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए गंभीर हैं। उन्होंने इस अभियान की नियमित समीक्षा की और स्वयं शिविरों में जाकर ग्रामीणों से संवाद किया। मंगलवार को मुख्यमंत्री श्री धामी ने अल्मोड़ा जिले के रानीखेत में ग्रामीणों से फीडबैक लिया और दिन में विकासखंड ताड़ीखेत की न्याय पंचायत जैनोली में आयोजित बहुद्देश्यीय शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों पर चर्चा की और अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

### लाखों महिलाएं 'लखपति दीदी' बनकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश कर रही: धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारी समितियां अब केवल ऋण देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती दवाइयां, कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में बीमा, पेंशन, बिजली बिल, आधार एवं डिजिटल सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सहकारी समितियों का डेटा राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस पर अपलोड किया गया है। दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के तहत किसानों, महिला स्वयं सहायता समूहों और सहकारी संस्थाओं को ब्याजमुक्त ऋण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। आज सहकारी बैंकों में हजारों करोड़ रुपये की जमा पूंजी जनता के बढ़ते भरोसे का प्रमाण है। महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सहकारिता समितियों और स्वयं सहायता समूहों को विशेष प्राथमिकता दी गई है, जिससे लाखों महिलाएं 'लखपति दीदी' बनकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश कर रही हैं।

## अमेरिकी दूतावास ने एसडीआरएफ उत्तराखण्ड को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड पुलिस की राज्य आपदा प्रतिवादन बल ने अपनी पेशेवर दक्षता और अदम्य साहस के दम पर एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय फलक पर प्रदेश का मान बढ़ाया है। आपदा प्रबंधन और दुर्गम हिमालयी क्षेत्रों में जटिल रेस्क्यू ऑपरेशनों के लिए अमेरिकी दूतावास ने एसडीआरएफ उत्तराखंड को विशेष स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

साहसिक अभियानों की सराहना का यह सम्मान मुख्य रूप से उन ऑपरेशनों के लिए दिया गया है, जिनमें एसडीआरएफ ने अपनी जान जोखिम में डालकर कठिन परिस्थितियों में फंसे अमेरिकी और अन्य विदेशी पर्यटकों को सुरक्षित निकाला।

सेनानायक आईपीएस अर्पण यदुवंशी के कुशल नेतृत्व में बल ने हाल के दिनों में कई चुनौतीपूर्ण मिशनों को अंजाम दिया है। अमे. रिकी दूतावास से यह सम्मान अर्पण यदुवंशी ने स्वयं ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सम्मान एसडीआरएफ के प्रत्येक उस जवान के परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है, जो ष्सेवा, सुरक्षा और समर्पणष के ध्येय वाक्य के साथ 24 घंटे तत्पर रहते हैं।उन्होंने बताया कि माउंट चौखंबा (चमोली)ऊंचाई पर फंसी दो विद. ेशी महिला ट्रैकर्स का सफल रेस्क्यू,वसुधारा (बद्रीनाथ)विपरीत मौसम के बीच विदेशी नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालना,उच्च हिमालयी ट्रैक पर फंसे पर्यटकों के लिए चलाया गया जीवनरक्षक अभियान।प्रतिकूल मौसम और ग्लेशियरों के बीच जान बचाने की बल की इस क्षमता ने विदेशी पर्यटकों के बीच उत्तराखंड की सुरक्षा व्यवस्था के प्रति विश्वास को और अधिक सुदृढ़ किया है।

## जुगरान ने की लोक सेवा आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रवि दत्त गोदियाल से वार्ता

**देहरादून( शाह टाइम्स संवाददाता )।** इंटर कालेज प्रवक्ता भर्ती का विज्ञापन शीघ्र अतिशीघ्र निकालने के लिए मंगलवार को भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने राज्य लोक सेवा आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष डा रवि दत्त गोदियाल से वार्ता की। आयोग के अध्यक्ष ने जुगरान को आश्वस्त किया कि प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है और आयोग गहनता से परीक्षण कर रहा है कि कोई भी कानूनी कमी पेशी न रह जाए। जुगरान ने आयोग के अध्यक्ष को बताया कि वर्ष 2021 के बाद प्रवक्ता इंटर कालेज की भर्ती नही निकली है। पिछली भर्ती में स्क्रीनिंग परीक्षा सम्मिलित थी अब संशोधन बाद स्क्रीनिंग हटा दी गई है, विद्यार्थियो को उनके विषय में विषय विशेषज्ञ मिल सके और पठन-पाठन में विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से संबंधित विषय के विद्यार्थियों को लाभ हो।

## खेत में पहुंचकर कृषि मंत्री ने किसानों के साथ किया संवाद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी देहरादून स्थित रानी पोखरी भट्ट नगर गांव में किसानों के बीच पहुंचे और सीधे खेतों में जाकर खेती-किसानी की जमीनी हकीकत को जाना।

कृषि मंत्री जोशी ने किसानों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके बहुमूल्य सुझावों को गंभीरता से लिया।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने खेतों में फसलों का अवलोकन करते हुए किसानों से उत्पादन लागत, सिंचाई व्यवस्था, बीज, खाद, कीटनाशक और विपणन से जुड़ी चुनौतियों पर किसानों से चर्चा की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गीतांजलि, जैविक बोर्ड सदस्य निरंजन डोभाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण शर्मा, सतीश सेमवाल, संदीप भट्ट, इंद्र पाल सिंह, एके उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

### समाज के निर्माण में साहित्यकारों की अहम भूमिका : जोशी

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को ऋषिकेश स्थित पीएमश्री आईडीपीएल इंटर कॉलेज में भारतीय साहित्य संगम की और से आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं साहित्यकार सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने विभिन्न प्रतिष्ठित साहित्यकारों की पुस्तकों का विमोचन किया तथा उत्कृष्ट योगदान देने वाले साहित्यकारों को सम्मानित भी किया।

## एक नजर .......

### फैशन टूर ने सांस्कृतिक संवाद को दी नई दिशा : देबस्री

**देहरादून।** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने इस साल के संस्करण का समापन एक ऐसी नई और क्रांतिकारी फैशन कहानी के साथ किया, जिसने पारंपरिक फैशन शिल्प की सीमाओं को तोड़ दिया। प्रतिष्ठित हावड़ा ब्रिज की भव्य पृष्ठभूमि में, और शहर की ऐतिहासिक हुगली नदी को एक शानदार रनवे में बदलते हुए, फिनाले एडिशन में डिजाइनर अनामिका खन्ना का प्रयोगधर्मी कलेक्शन प्रस्तुत किया गया। शोस्टॉपर के रूप में करिश्माई ईशान खट्टर की मौजूदगी ने इस प्रस्तुति को और खास बना दिया, जिसने परंपरा से आगे बढ़ते हुए फैशन को नए युग में प्रवेश कराया।

### गुणवत्ता वाली म्यूचुअल फंड सलाह का विस्तार

**देहरादून।** म्यूचुअल फंड सलाह देने वाली वेल्थटेक प्लेटफॉर्म पावरअप मनी ने आज घोषणा की कि उसने सीरीज-ए फंडिंग राउंड में 12 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। इस राउंड का नेतृत्व पीक एक्सवी ने किया, जबकि मौजूदा निवेशकों एक्सेल, ब्लूम वेंचर्स और केएई कैपिटल ने अपने पहले के निवेश पर भरोसा जताते हुए दोबारा निवेश किया। पाव. रअप मनी के संस्थापक और सीईओ प्रतीक जिंदल ने कहा, "उच्च गुणवत्ता और निष्पक्ष म्यूचुअल फंड सलाह किसी खास वर्ग तक सीमित नहीं होनी चाहिए।

### सरकारी बैंकों और एनबीएफसी से 130 करोड़ रुपये की फंडिंग हासिल की

**देहरादून।** भारत के तेजी से बढ़ते माइक्रोफाइनंस संस्थानों में से एक और वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और अग्रणी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से 130 करोड़ रुपये की फंडिंग हासिल की है। इस रणनीतिक फंडिंग से कंपनी की विस्तार योजनाओं में मदद मिलेगी और वह बैंकिंग सेवाओं से वंचित क्षेत्रों और उन समुदायों को किफायती ऋण उपलब्ध कराने की अपनी क्षमता बढ़ाएगी जिनके बीच बैंकिंग सेवाएं बहुत कम उपलब्ध हैं।

### राठ जनविकास समिति मनाएगी स्थापना दिवस

**देहरादून।** राठ जनविकास समिति के अध्यक्ष मेहरबान सिंह गुसाईं ने आगामी 25 दिसम्बर को आयोजित रजत जयंती कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी साझा करते हुए कहा कि राठ जनविकास समिति अपना 25वाँ स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ रजत जयंती वर्षके रूप में मनाने जा रही है। इस अवसर पर समिति की लोकप्रिय पत्रिका राठ बयार स्मारिका का विमोचन किया जाएगा। साथ ही राठ क्षेत्र के 12 मेधावी छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त राठ क्षेत्र के निर्धन परिवारों की 4 मेधावी छात्राओं को 5000/- (प्रत्येक) को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

### युवा अपनी प्रतिभा से जिले, प्रदेश देश का नाम करें रोशन : डॉ. रावत

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष व सांसद राज्यसभा के तत्वाधान में खेल,शिक्षा एवं युवा कल्याण विभाग की और से आयोजित ष्सांसद खेल महोत्सव जनपद/संसदीय क्षेत्र में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन हॉकी ग्राउंड,पवेलियन ग्राउंड,देहरादून मे हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत , सांसद नरेश बंसल व विधायक खजानदास ने किया। वॉलीबॉल,हॉकी,फुटबॉल,खो-खो,कबड्डी, पिठू एथलेटिक्स (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर,) आदी की जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं हुई।जिसमे विभिन्न ब्लाक स्तर की विजेता टीमो ने भाग लिया। कैबिनेट मंत्री डॉ रावत ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों को नई उड़ान देने के उद्देश्य से देहरादून में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक विक्रम सिंह,युवा कल्याण अधिकारी प्रमोद पाण्डे,अपर परियोजना निदेशक सोनम गुप्ता,जिला क्रीड़ा अधिकारी रविन्द्र भण्डारी आदि अधिकारी,कोच व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## भाजपा ने न वीडियो बनाया न दुष्प्रचार की मंशा: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने हरीश रावत द्वारा पुलिस में की गई शिकायत को लेकर स्पष्ट किया कि हरदा से संबंधित वीडियो न तो पार्टी के द्वारा बनाया गया और न ही पार्टी की मंशा किसी की छवि खराब करना है। कहा कि अगर पूर्व सीएम के द्वारा कोई मामला दर्ज कराया गया है तो उसका अध्ययन किया जायगा, पार्टी भी ऐसे वीडियो की जांच चाहती है और कानूनी प्रक्रिया का पालन करेगी। चौहान ने कहा कि पूर्व सीएम पर तुष्टिकरण के आरोप अक्सर लगते रहे हैं। कहा कि हरदा इससे पहले सभी तीर्थो का भ्रमण कर चुके हैं और शायद, कुछ गलतियों का प्रायश्चित करने कि कोशिश भर थी।

# महिला कांग्रेस ने सरकार का पुतला दहन किया

■ अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीआईपी के नाम का खुलासा करने की मांग




**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा विधायक सुरेश राठौर की पत्नी उर्मिला सनावर की और से हत्याकांड में शामिल वीआईपी का नाम उजागर किये जाने के बाद मंगलवार को प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने भाजपा सरकार का पुतला दहन किया।

ज्योति रौतेला ने कहा कि भाजपा विधायक सुरेश राठौर की पत्नी उर्मिला सनावर ने हत्याकांड में शामिल वीआईपी का नाम एक बड़े नेता के रूप में उजागर किये जाने व भाजपा की पूर्व जिला पंचायत सदस्य आरती गौड की और से हत्याकांड में प्रयोग किये गये वनन्तरा रिसार्ट पर स्थानीय विधायक रेणु बिष्ट के इशारे पर बुल्डोजर की कार्रवाई किये जाने के खुलासे ने साबित कर दिया है कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा के राज्य नेतृत्व के साथ-साथ शीर्ष नेतृत्व भी शामिल है।

ज्योति रौतेला ने कहा कि विधायक की पत्नी की और से जिस प्रकार भाजपा के बड़े नेता जिसको उर्फ में गट्टू कहा जा रहा है, के नाम का ,खुलासा कर दिया है।

पुतला दहन करने वालों में प्रदेश महिला उपाध्यक्ष आशा मनोरमा शर्मा, महानगर अध्यक्ष उर्मिला ढौंडियाल थापा, महामंत्री पुष्पा पंवार, निधि नेगी, सुशीला शर्मा, देवेन्द्र कौर, दीपा चौहान, अनुराधा तिवाडी, भावना, नीरू सिंह, जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह, अनिता सकलानी, रूचि रौतेला, पिंकी गुसांई, अनीता, जस्सी, संतोष आदि महिला कांग्रेस पदाधिकारी शामिल थे।

### हत्या में शामिल होने का मुकदमा दर्ज हो: डॉ. प्रतिमा

**देहरादून।** कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा के पूर्व विधायक की पत्नी की और से हत्याकांड में शामिल वीआईपी का नाम उजागर करने पर बयान जारी करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी को उक्त वीआईपी और विधायक रेणु बिष्ट पर तुरन्त कार्रवाई कर उनके खिलाफ हत्या में शामिल होने का मुकदमा दर्ज कराना चाहिए। अब भाजपा नेतृत्व को तय करना चाहिए कि वह न्याय के साथ खडी है या हत्यारों और बलात्कारियों के साथ। भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या मर्यादा पुरुषोत्तम रामचन्द्र जी ने अपने वंशजों को महिलाओं का अपमान एवं अमर्यादा की सीख दी थी? कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह ने आरोप लगाया कि देवभूमि में सबसे जघन्य हत्याकांड भाजपा सरकार और पुलिस के संरक्षण में भाजपा नेता के रिसोर्ट में हुआ और इस हत्याकांड में भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व, राज्य नेतृत्व एवं स्थानीय विधायक शामिल थे यह देवभूमि के लिए सबसे कलंकित करने वाली बात है।

## एमडीडीए ने शिमला बाईपास क्षेत्र में चलाया सीलिंग अभियान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** एमडीडीए की और से प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत अवैध निर्माणों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को शिमला बाई क्षेत्र में नियमों के विरुद्ध किए जा रहे अवैध व्यवसायिक निर्माणों पर सीलिंग की प्रभावी कार्रवाई की गई। एमडीडीए का स्पष्ट कहना है कि प्राधिकरण क्षेत्र में बिना स्वीकृति किए जा रहे किसी भी प्रकार के निर्माण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्राधिकरण द्वारा की गई इस कार्रवाई के तहत मुकेश के शिमला बाई-पास रोड, एसआर पैट्रोल पम्प के निकट, नया गांव देहरादून में



किए गए अवैध व्यवसायिक निर्माण को सील किया गया।

जांच में पाया गया कि यह निर्माण बिना मानचित्र स्वीकृति और प्राधिकरण के नियमों का उल्लंघन करते हुए किया जा रहा था। इसके अलावा संग्राम सिंह द्वारा रतनपुर, शिमला बाई-पास रोड देहरादून में किए गए अवैध व्यवसायिक निर्माण पर भी सीलिंग की कार्रवाई की गई।

यह पूरी कार्रवाई संयुक्त सचिव एमडीडीए गौरव चटवाल के आद. ेशों के अनुपालन में की गई। अभियान सहायक अभियन्ता शशांक सक्सेना, अवर अभियन्ता ललित नेगी, सुपरवाइजर तथा पुलिस बल की उपस्थिति में शांतिपूर्ण एवं नियमानुसार संपन्न किया गया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

**प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति : तिवारी**

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि एमडीडीए की टीम लगातार निगरानी कर रही है जहां भी नियमों का उल्लंघन पाया जाएगा, वहां सीलिंग और ध्वस्तीकरण जैसी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में सभी निर्माण कार्य स्वीकृत मानचित्र एवं नियमों के अनुरूप ही किए जाएं। अवैध निर्माणों पर कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी।

## विंटेज कार रैली में दुर्लभ क्लासिक कारों की दिखी झलक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** डीएसओएम एंड आई (देहरादून) के तत्वावधान में देहरादून में एक विंटेज कार रैली का आयोजन किया गया, जिसमें अतीत की दुर्लभ और यादगार गाड़ियों ने ऑटोमोबाइल प्रेमियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

इस रैली में प्रसिद्ध सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक व्यक्तित्व डॉ. सैयद फारूक की व्यक्तिगत स्वामित्व वाली प्राचीन एवं क्लासिक कारों की विशेष भागीदारी रही। डॉ. सैयद फारूक ने कुल 9 वाहनों के साथ भाग लिया, जिसने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी।

रैली के दौरान विभिन्न युगों की विंटेज गाड़ियों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें एक पुरानी सैन्य जीप, क्लासिक सेडान कारें तथा अन्य ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण वाहन शामिल थे। अपनी मूल स्थिति और उत्कृष्ट रखरखाव के कारण ये सभी वाहन आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे।

## श्रीनगर-पौड़ी क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** श्रीनगर-पौड़ी क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। क्षेत्र के अनछुए एवं प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पर्यटकों की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिये पर्यटन विभाग, संस्कृति एवं धर्मस्व विभाग तथा गढ़वाल मंडल विकास निगम को ठोस और प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं।

इसके अलावा क्षेत्र में हेली सुविधाएं मुहैया कराने, कमलेश्वर-धारी देवी-देवलगढ़ख्र खिर्सू-कंडोलिया पर्यटन सर्किट एवं क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों के सौंदर्यीकरण के कार्यों में तेजी लाने को भी अधिकारियों को कहा।

सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मंगलवार को शासकीय आवास पर अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर व पौड़ी में पर्यटन की संभावनाओं एवं विकास को लेकर पर्यटन विभाग, संस्कृति एवं धर्मस्व विभाग तथा गढ़वाल मंडल विकास निगम की संयुक्त बैठक ली। जिसमें उन्होंने क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने, प्रमुख पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों के विकास तथा आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डॉ. रावत ने कहा कि श्रीनगर-पौड़ी क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध है। इन संभावनाओं का समुचित उपयोग कर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित करने को अधिकारियों को कहा।

कैबिनेट मंत्री ने विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन विकास के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से योजनाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिये। बैठक में अपर सचिव पर्यटन अभिषेक रोहिल्ला, महाप्रबंधक जीएमवीएन पीयूष सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे जबकि व अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया।

## शीतलहर में कोई न सोए खुले में रैनबसेरों में पुख्ता हों इंतजाम: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी में बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिलाधिकारी सविन बंसल एक्शन मोड में हैं। मंगलवार को जिलाधिकारी ने लालपुल स्थित नगर निगम के रैनबसेरे का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर के किसी भी रैनबसेरे में सुविधाओं को लेकर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।डीएम ने रैनबसेरे में बिस्तर, पेयजल, शौचालय और प्रकाश व्यवस्था की बारीकी से जांच की।परिसर में नियमित सफाई रखने और निराश्रितों को स्वच्छ वातावरण देने के निर्देश दिए। शीतलहर के मद्देनजर शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त अलाव जलाने को कहा।

उन्होंने कहा कि निराश्रितों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है, इसके लिए नगर निगम और संबंधित विभाग आपसी तालमेल से काम करें।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि लालपुल रैनबसेरे में पिछले एक सप्ताह से रोजाना 15 से 19 लोग आश्रय ले रहे हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी बेसहारा व्यक्ति खुले में सोने को मजबूर न हो। इस दौरान मुख्य नगर आयुक्त नमामी बंसल और एसडीएम सदर हरिगिरि समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सीएस ने लिया शीतलहर से बचाव की तैयारियों का जायजा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने मंगलवार को प्रदेश में शीतलहर की तैयारियों के सम्बन्ध में सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली।

मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को विभिन्न विभागों द्वारा नोडल अधिकारी नामित किया जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारियों को कोल्ड वेब एक्शन प्लान भी तैयार करते हुए, उसके अनुसार कार्यवाही किए जाने के भी निर्देश दिए। सभी जनपदों में बर्फबारी एवं पाला ग्रस्त क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर लिया जाए। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शीत ऋतु में शीतलहर एवं बर्फबारी से सुरक्षा हेतु सभी जनपदों में अस्थाई रैन बसेरों की व्यवस्था एवं इसके लिए पृथक से नोडल अधिकारी नामित किया जाएं।

आवश्यकतानुसार कम्बलों के वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जनपदों में चिकित्सा स्वास्थ्य हेतु आपातकालीन सेवाओं के लिये कार्यरत चिकित्सकों की सूची, मोबाईल नम्बर एवं आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त मात्रा में भण्डारण भी अनिवार्य रूप से कर लिया जाए।

मुख्य सचिव ने शीत ऋतु में शीतलहर एवं बर्फबारी से सुरक्षा हेतु सभी जनपदों में खाद्य आपूर्ति, पेयजल एवं ईंधन का मार्च माह के अन्त तक के लिये पर्याप्त मात्रा में भंडारण की व्यवस्था कर ली जाए।

इस मौके पर प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय, सचिव दीपेन्द्र कुमार चौधरी, डॉ. एस.एन. पाण्डेय, विनोद कुमार सुमन एवं अपर सचिव रंजना राजगुरू आदि वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर नीरज उर्फ वीर ने रोमांचक चुनाव जीता

## डीबीए चुनाव मतगणना के दौरान शुरू से लीड मिली

- 114 मतों से विजयी
- विजेता को 372 मत
- उपविजेता को 258 मत

विवेक वर्मा शाह टाइम्स

**हरिद्वार।** हरिद्वार बार संगठन के वार्षिक 2025-26 चुनाव के पश्चात जब मतगणना शुरू हुई तो पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर जब भी घोषणा होती की मत किस प्रत्याशी को कितने मिले है तो पुस्तकालय अध्यक्ष पद के सभी प्रत्याशियों की धड़कने तेज हो जाती थी शरू के 75 बैलट पेपर की गणना के दौरान नीरज कुमार वीर और सुखदेव प्रताप के बीच रोमांचक मुकाबला चला हालांकि नीरज कुमार वीर शुरू से ही लीड कर रहे थे। बाकी प्रत्याशियों के पक्ष में हुए मतों की भी गिनती बढ़ रही थी लेकिन 250 मतगणना के पश्चात भी नीरज कुमार निरंतर लीड कर रहे थे अधिवक्ता पंकज कुमार व महिला अधिवक्ता राजलक्ष्मी उपाध्याय को भी मिले मतों में धीमे-धीमे बढ़ोतरी हो रही थी। 300 मतगणना तक नीरज कुमार को 122 मत मिल चुके थे तथा 51 मतों की लीड मिल चुकी थी वीर और उसके समर्थकों ने जीत का जश्न मनाना शुरू कर दिया था। 500 मतगणना के पश्चात 79 मतों की लीड मिल चुकी थी लंबे समय से इंतेजार के बाद रात्रि 8:30 बजे 1003 मतगणना हो चुकी थी परिणाम घोषित हुआ और नीरज कुमार 114 मतों से विजयी हुए। वीर को कुल 372 मत मिले जबकि उपविजेता



सुखदेव प्रताप को 258 मत मिले। पंकज कुमार को 171 तथा राजलक्ष्मी उपाध्याय को 165 मत मिलें। एक संयोग यह भी हुआ की डी.बी.ए पुस्तकालय अध्यक्ष नीरज कुमार 114 व डी.बी.ए अध्यक्ष जसमहेन्द्र 115 मतों से विजयी हुए सिर्फ एक मत का अंतर रहा। जीत के पश्चात बड़ी धूम धाम से जश्न हुआ अधिवक्ता नीरज कुमार ने इस अवसर पर ढोल भी बजाया और ऐसा बजाया की जैसे पहले से अभ्यास करके आए हो। पुस्तकालय अध्यक्ष ने इस रोमांचक जीत के दौरान सभी वरिष्ठ अधिवक्ता व अधिवक्ता साथियों का आभार जताया व धन्यवाद कहा। सभी समर्थकों ने पुस्तकालय अध्यक्ष को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। खुशी के इस अवसर के दौरान आतिशी बाजी भी हुई। पुस्तकालय अध्यक्ष वीर ने बताया कि शपथग्रहण के पश्चात पुस्तकालय कक्ष की प्रगति के लिए निरंतर कार्य करेंगे एवं कक्ष की व्यवस्था में सुधार करायेंगे तथा अधिवक्ता साथियों के हित में सदैव कार्य करेंगे। नीरज कुमार वीर पूर्व में कार्यकारिणी सदस्य पद पर डी.बी.ए हरिद्वार की ओर से सेवा दे चुके है। अधिवक्ताओं ने बताया कि वीर ने अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए काफी मेहनत की व योजना बनाकर चुनाव में नामांकन किया था व पूर्व में भी चुनाव जीतने का अनुभव रहा जिसका लाभ इस चुनाव में मिला। बधाई के दौरान अधिवक्ता विमल कुमार, गोपेश्वर, विवेक वर्मा, राहुल कुमार, नीरज पाल, वरिष्ठ अधिवक्ता कुलदीप सिंह, पूर्व डी.बी.ए हरिद्वार अध्यक्ष नमित शर्मा, मीनाक्षी वर्मा, राव शबाहत अली, सचिन बेदी, रियाजुल हसन, तनवीर भारती, निमित वसन, फिरोज खान, दीक्षा, हिमांशु वर्मा, संजीत कुमार, विनय गर्ग, अंशुल सिंह, रोहित कनवाल, स्मिता वत्स, नीरज पाल, शशांक, सन्नी, सभी चुनाव अधिकारी एवं सभी चुने हुए पदाधिकारी आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में 48 शिकायतों का निस्तारण

## शेष शिकायतें त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित

- एल 1 व 2 पर 631 शिकायतें लंबित

शाह टाइम्स संवाददाता


**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुनवाई में जनता द्वारा जो भी समस्याएं दर्ज कराई जा रही है उन समस्याओं को त्वरित एवं समयबद्धता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करे। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही एवं शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए, शिथिलता बरती जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक करवाई सुनिश्चित की जाएगी। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराना सुनिश्चित करे संबंधित अधिकारी बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज समस्याओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि दर्ज शिकायतों को सभी अधिकारी गंभीरता से लेते हुए समय सीमा के अंतर्गत तत्परता से निस्तारण करना सुनाश्चित करे तथा शिकायतकर्ता से पोर्टल के माध्यम से भी बात करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एक माह से अधिक लंबित शिकायतों का तत्परता से निस्तारण कराना सुनाश्चित करे। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि विभागों से संबंधित एल 1 पर 519 शिकायतें तथा एल 2 पर 112 शिकायतें निस्तारण हेतु लंबित है जिन्हें शीघ्र निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में सी.डी.ओ ललित नारायण मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दीपेंद्र सिंह नेगी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पी.आर चौहान,जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश,मुख्य शिक्षा अधिकारी आशुतोष भण्डारी, जिला अर्थ संख्या आधिकारी नलिनी ध्यानी, लो.नि.वि अधिशासी अभियंता दीपक कुमार, एआरटीओ नेहा झा, डीएसओ श्याम आर्य, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, नोडल स्वजल चंद्रकांत मणि त्रिपाठी सहित जिला स्तरीय सम्बन्धित अधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादी मौजूद रहे।

# अधिकारी ने किया खाद्य प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण

- मदर डेयरी व गोवर्धन ब्रैड के घी का नमूना लिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 22 दिसंबर को आगामी क्रिसमस एवं नववर्ष त्योहारी सीजन के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा अधिकारी नगर निगम क्षेत्र कैलाश चंद्र टम्टा ने कनखल क्षेत्र में खाद्य कारोबार प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण अभियान चलाकर घी के दो नमूने तथा पनीर का एक नमूना जांच हेतु लैब प्रयोगशाला प्रेषित किया। कनखल स्थित रिलायंस रिटेल लिमिटेड के स्टोर से मदर डेरी ब्रैंड घी तथा गोवर्धन ब्रैंड घी का नमूना लिया गया इसके अतिरिक्त कनखल स्थित जीरो डिग्री नामक रेस्टोरेंट से खुले पनीर का नमूना लिया गया साथ ही उक्त रेस्टोरेंट में मसालों के पैकेट पर पैकिंग एवं एक्सपाइरी तिथि के स्पष्ट नहीं होने पर लगभग पंद्रह पैकेट विभिन्न मसालों के मौके पर ही नष्ट कराया गया कनखल स्थित बैकरी बेंटो केकर्स में भी ʃʃʃʃ नीती का अनुपालन नहीं होने पर चेतावनी नोटिस दिया गया अभियान के अंदर लगभग आठ या दस दुकानों का औचक निरीक्षण खाद्यसुरक्षा अधिकारी द्वारा किया गया।



# लैब टेक्नीशियन की हत्या का रहस्य खुलासा

## मृतक द्वारा महिला दोस्त को परेशान किए जाने से आरोपी आक्रोशित हुआ

- कप्तान आदेश पर रानीपुर पुलिस सक्रिय हुई
- लगभग एक वर्ष लगा अभियुक्त की तलाश में

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर पुलिस ने लैब टेक्नीशियन की गोली मारकर की गई हत्या के रहस्य से पर्दा उठा दिया है। रानीपुर क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 18.01.2025 को ग्राम गढ़मीरपुर में लैब टेक्नीशियन वसीम की अज्ञात व्यक्ति द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक के पिता मुस्तकीम की तहरीर पर कोतवाली रानीपुर में अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के अनावरण हेतु रानीपुर पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सी.सी.टी.वी कैमरों का अवलोकन, मृतक के मोबाइल फोन से संबंधित डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण सहित अनेक प्रयास किए गएकिंतु प्रारंभिक जांच में कोई ठोस सुराग हाथ नहीं मिला। इस पर एसएसपी हरिद्वार द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए मामले की पुनः गहन विवेचना के आदेश दिए गए। मामले को चुनौती के रूप में लेते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तथा क्राइम इन्वेस्टिगेशन यूनिट को जिम्मेदारी सौपी गई। पुनः जांच के दौरान एक ग्रे रंग की जुपिटर स्कूटी संख्या UK 08 AQ 2050 संदिग्ध के रूप में सामने आई। स्कूटी की तलाश के दौरान दिनांक 22.12.2025 की रात्रि में सुमननगर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को उक्त स्कूटी सहित हिरासत में लिया। व्यक्ति की पहचान अभिमन्यु पुत्र अर्जुन सिंहनिवासी ग्राम सकौती पोस्ट गुरुकुल नारसन, थाना मंगलौर, हरिद्वार के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह वर्ष 2015 में होमगार्ड में भर्ती हुआ था। वर्ष 2024 में उसकी दोस्ती एक महिला होमगार्ड से हुई। बाद में उसे पता चला कि उक्त महिला की पूर्व में मृतक वसीम से दोस्ती थी तथा उसके मोबाइल में वसीम के साथ फोटो व संदेश मौजूद थे। मृतक द्वारा महिला को लगातार कॉल व मैसेज कर परेशान किए जाने से आरोपी के मन में आक्रोश उत्पन्न हुआ और उसने वसीम की हत्या की योजना बनाई। चलती मोटरसाइकिल पर मारी गोली। आरोपी ने सोशल मीडिया के माध्यम से वसीम की जानकारी जुटाई और उसकी दिनचर्या की रेकी कि। दिनांक 17.01.2025 की सायं आरोपी ने बहादराबाद के चौकी बाजार से महिला की स्कूटी दूसरी चाबी से खोलकर वसीम की मोटरसाइकिल का पीछा किया। ग्राम गढ़मीरपुर के पास मौका पाकर आरोपी ने चलती मोटरसाइकिल पर वसीम को देशी तमंचे से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ग्रे रंग की जुपिटर स्कूटी बरामद की। साथ ही आरोपी की निशानदेही पर धनौरी तेली वाला रोड, करवला स्थित जंगल से एक 315 बोर का तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई गई।



# सरकारी संपत्तियों से अतिक्रमण हटाने के आदेश : डी.एम

## राजमार्ग पर सड़क किनारे से भी अतिक्रमण हटेगा

- कूड़ा निस्तारण के लिए योजना तैयार करने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जनपद की सरकारी भूमि एवं परिसंपत्तियों पर किए अतिक्रमण को हटाने एवं जनपद हरिद्वार को स्वच्छ,सुंदर जनपद बनाने के लिए सफाई अभियान में और अधिक तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ डाम कोठी में की गई बैठक। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि सरकारी भूमि एवं परिसंपत्तियों पर किसी भी तरह से कोई अतिक्रमण न हो तथा किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।उन्होंने कहा कि जनपद को स्वच्छ, सुंदर जनपद बनाने के लिए चलाए जा रहे सफाई अभियान में सभी अधिकारी और तेजी लाए तथा अपने अपने क्षेत्रों में बेहतर ढंग से सफाई व्यवस्था पर और अधिक फोकस देने को कहा है ताकि जनपद को स्वच्छ, सुंदर जनपद बनाए जा सके।बैठक में जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश को निर्देश दिए है कि उनकी भूमि पर जो भी अतिक्रमण किया गया है,उस अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए,संबंधितों को नोटिस निर्गत करते हुए अतिक्रमण हटाने की त्वरित कार्यवाही करना सुनाश्चित करे,इसमें यदि प्रशासन के सहयोग की आवश्यकता है तो अवगत कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने एसडीओ सिंचाई उत्तर प्रदेश को निर्देश दिए है कि उनकी भूमि पर जो भी गंदगी है उन क्षेत्रों में साफ सफाई का कार्य त्वरित गति से किया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग हरिद्वार को भी निर्देश दिए है कि वह भी अपनी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए आवश्यक कार्यवाही तत्परता से करे एवं सभी क्षेत्रों में साफ सफाई करना भी सुनाश्चित करे, सफाई में किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए । बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता एनएचएआई को निर्देश दिए है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क किनारे जो भी अतिक्रमण किया गया है,उसको चिन्हित करते हुए उसे तत्काल हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए,इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर साफ सफाई करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य नगर आयुक्त से कहा कि आगामी कुंभ मेले को सफलतापूर्व संपन्न कराने के लिए कचरा प्रबन्धन के उचित निस्तारण हेतु बेहतर कार्य योजना तैयार करने को कहा इसके साथ ही नगर निगम क्षेत्रांतर्गत कही भी कूड़े के ढेर न हो उनके उचित निस्तारण की कार्यवाही त्वरित गति से की जाए। उन्होंने नगर निगम क्षेत्रांतर्गत किए गए अतिक्रमण को भी चिन्हित करते हुए नगर निगम की भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही तत्परता से की जाए साथ ही उन्होंने कहा कि सभी वार्डो में व्यापक सफाई अभियान चलाया जाए। उप जिलाधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट को अपने अपने क्षेत्रों में अतिक्रमण चिन्हित करते हुए तत्काल हटाने के दिए निर्देश जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए है कि उनके क्षेत्रांतर्गत राजस्व भूमि पर कही अतिक्रमण किया गया है तो उसको चिन्हित करते हुए तत्काल हटाने की कार्यवाही सुनाश्चित की जाए।उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि जनपद में चलाए जा रहे सफाई अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए सफाई अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए तथा अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित करे। जिलाधिकारी, मुख्य नगर अधिकारी ने अमरापुर घाट एवं शंकराचार्य चौक क्षेत्रांतर्गत की जा रही सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देश दिए है कि उनके द्वारा जो भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफाई का कार्य किए जा रहा है उसको बेहतर ढंग से किए जाए तथा शंकराचार्य चौक के आसपास सौंदर्यकरण करने के निर्देश दिए इसके साथ ही घाटों के किनारे किसी भी तरह से कोई अतिक्रमण न किया जाए। बैठक में मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम नंदन कुमार,उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, अधिशासी अभियंता एनएचएआई अतुल शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर एनएचएआई संतोष साही, एसडीओ सिंचाई उत्तर प्रदेश भारत भूषण, सहायक अभियंता कृष्ण कुमार सैनी, सहायक अभियंता सिंचाई हरिद्वार विजय सिंह,उप राजस्व अधिकारी सिंचाई कुलदीप रावत आदि मौजूद रहे।

# एक दिवसीय सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम

## महिला सुरक्षा हेल्पलाइन ने आत्मरक्षा की तकनीक सिखाई

- मुख्य उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं का आत्मविश्वास एवं मनोबल बढ़ाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 22 दिसम्बर को सहायक पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी महिला सुरक्षा जितेन्द्र चौधरी तथा सहायक पुलिस अधीक्षक सदर/पुलिस लाइन निशा यादव की उपस्थिति में पुलिस लाइन रोशनाबाद में महिला सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षकों महिला कांस्टेबल शोभा, सुष्मिता एवं रितू द्वारा आत्मरक्षा की बुनियादी एवं महत्वपूर्ण तकनीकों की जानकारी देते हुए व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। साथ ही प्रशिक्षकों द्वारा आत्मरक्षा तकनीकों का डेमो प्रस्तुत कर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं के आत्मविश्वास एवं मनोबल को बढ़ाते हुए उन्हें स्वयं की सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं सक्षम बनाना रहा। कार्यक्रम में पी.एम.एस स्कूल, द ऑक्सफोर्ड स्कूल, न्यू सेंट थॉमस स्कूल, नवोदय विद्यालय तथा सिडकुल स्थित मिल्टन एवं मास्कोर्ड कंपनियों की बालिकाओं एवं महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रभारी महिला सुरक्षा हेल्पलाइन उप निरीक्षक अंजना चौहान, ममता मखलोगा द्वारा जानकारी प्रदान की गई। नशा एवं साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु साइबर सेल से उप निरीक्षक प्रकाश चन्द, है.का. योगेश कैन्थोला, ए.एच.टी.यू टीम से का. मुकेश तथा ए.एन.टी.एफ टीम से महिला कांस्टेबल चांदनी द्वारा भी जागरूकता संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद के समस्त थानों की महिला हेल्पडेस्क प्रभारी एवं अन्य महिला पुलिसकर्मिगण उपस्थित रहे।



# भूमिगत विद्युत लाइन सुविधा की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन के पदाधिकारियों ने कुंभ मेला अधिकारी सोनिका से भेंट वार्ता कर कुंभ निधि से उपनगरी ज्वालापुर में विकास कार्य कराने की मांग की है। भेंट वार्ता के दौरान इरशाद अली एवं हाजी इरफान अली भट्टी ने कहा कि कुंभ के विकास कार्यों में ज्वालापुर को भी सम्मिलित किया जाना चाहिए। विकास से क्षेत्र के लोगों को सुविधा प्राप्त हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग सीवर, पेयजल लाईनों में लीकेज आदि समस्याओं से जूझ रहे हैं। पुरानी हो चुकी सीवर लाईनों को बदला जाए। ज्वालापुर को भूमिगत विद्युत लाइन की सुविधा प्रदान की जाए। जर्जर हो चुकी सड़कों का निर्माण कराया जाए।

# क्रिसमस कार्यक्रम होटल प्रबंधन ने रद्द किया

## केवल भव्य गंगा आरती का आयोजन होगा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** होटल भागीरथी में 24 दिसम्बर को होने वाला क्रिसमस कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। मंगलवार को होटल प्रबंधन ने पत्रकारवार्ता कर कार्यक्रम रद्द करने की घोषणा की। होटल का संचालन कर रही अतिशय कंपनी के जी.एम नवनीत सिंह ने बताया कि कुछ संगठनों द्वारा आपत्ति किए जाने के बाद कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। अब केवल भव्य गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी की भावनाओं को आहत करने का प्रबंधन का कोई इरादा नहीं था। क्रिसमस के अवसर पर हरिद्वार और हिंदू संस्कृति के विपरीत किसी कार्यक्रम का आयोजन नही किया जा रहा था। केवल गंगा पूजन, आरती और बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना था। उसे भी अब रद्द कर दिया गया है। अब केवल गंगा पूजन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि होटल में आने वाले सभी अतिथीयों का स्वागत हिंदू रीति से किया जाता है। होटल में मंदिर भी स्थापित किया गया है और अतिथीयों को गंगा पूजन की जानकारी भी दी जाती है। हिंदू मान्यताओं के अनुरूप ही होटल का संचालन किया जा रहा है। नवनीत सिंह ने कहा कि गंगा हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है। र्मनगरी की मान मर्यादाओं का पूरा सम्मान किया जाता है। पत्रकारवार्ता के दौरान सिक्योरिटी मैनेजर शुभम पवार भी मौजूद रहे।

# एईएसएल व सेना आर्मी और सीआरपीएफ के बीच एमओयू साइन

## कर्मियों के बच्चों को मिलेगी विशेष छूट

- शहीद के बच्चो को निशुल्क शिक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने भारतीय सेना के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसके तहत वर्तमान में सेना में सेवा दे रहे सैनिक, सेवानिवृत्त सैनिक, गैलेंट्री पुरस्कार विजेता, दिव्यांग सैनिक तथा ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सैनिकों के परिवारों को विशेष छूट मिलेगी। एईएसएल के देशभर में स्थित सभी केंद्रों और शाखाओं में प्रवेश लेने वाले भारतीय सेना के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। भारतीय सेना के कर्नल सेरेमोनियल एंड वेलफेयर तीन एवं चार तथा एईएसएल के चीफ एकेडमिक एंड बिजनेस हेड दिल्ली एनसीआर डॉ. यशपाल ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। जानकारी देते हुए हरिद्वार स्थित इंस्टिटयूट के बिजनेस मैनेजर भगवंत सिंह ने बताया कि इंडियन आर्मी और सीआरपीएफ के साथ हुए एमओयू के तहत एईएसएल के सभी केंद्रो पर आर्मी और सीआरपीएफ के सेवारत और सेवानिवृत्त जवानों के बच्चों को कोचिंग फीस में बीस फीसदी छूट दी जाएगी। ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सैनिकों के बच्चों को सभी फीस में सौ फीसदी छूट दी जाएगी। 20 फीसदी से अधिक दिव्यांग कर्मियों और वीरता पुरूस्कार प्राप्त सैनिकों के बच्चों को ट्यूशन फीस में सौ फीसदी छूट का लाभ मिलेगा। भारतीय सेना के कर्मियों के बच्चों को व्यापक मेंटरिंग और काउंसलिंग सहायता भी प्रदान की जाएगी। यह सहायता शैक्षणिक और करियर से जुड़ी सभी शंकाओं के समाधान के लिए वर्चुअल और फिजिकल दोनों माध्यमों से उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि एईएसएल की पहले से चल रही सभी स्कॉलरशिप योजनाएं भी जारी रहेंगी। जिनका लाभ प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को मिलता है। इस दौरान राहुल कुमार मिश्रा, शिवनाथ कुमार, हेमंत कुमार, भारत चंदवानी भी मौजूद रहे।

# बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन

## हिंदुओं की हत्या का विरोध

- सरकार सुरक्षा में नाकाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बांग्लादेश में हो रही हिंदुओं की हत्या के विरोध में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनव्वर कुरैशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पीठ बाजार चौराहे पर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हिंदुओं पर अत्याचार रोकने में विफल बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मनव्वर कुरैशी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार चिंता का विषय हैं। बांग्लादेश सरकार हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। जिससे बांग्लादेश के हिंदू अत्यंत कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। मनव्वर कुरैशी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हिंदुओं की सुरक्षा में नाकाम बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिए। इस मुद्दे पर पूरा देश सरकार के साथ है। प्रदर्शन करने वालों मे अमजद अली साबरी, हसीन शेख, सूरज, वसीम साबरी, कृष्णा, नासिर, सफदर, मास्टर नसीम आदि शामिल रहे।

# पुलिस की गिरफ्त में शातिर मोबाइल स्नैचर

- मोबाइल बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 22 दिसम्बर को शिवम वर्मा पुत्र संतोष कुमार निवासी पन्थी सेरामऊ दक्षिणी सदर बाजार शाहजहांपुर उ.प्र हाल पता रोशनाबाद सिडकुल हरिद्वार ने दिनांक 5 नवंबर को कालागेट रोशनाबाद सिडकुल के पास से दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार द्वारा उसका वीवो T-4 फोन छीनकर भाग जाने के संबंध में थाना सिडकुल पर मामला दर्ज कराया था। जिसपर कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा महिंद्रा ग्राउंड के किनारे झाड़ियो के पास से दो संदिग्धों को दबोच कर छीना गया मोबाइल वीवो बरामद किया गया। आरोपीयों से नाम व पता पुछने पर मोहम्मद फैज पुत्र शरीफ निवासी ग्राम बड़ागांव शाहजहांपुर उ.प्र हाल निवासी रोशनाबाद सिडकुल व तोहिद पुत्र सुल्तान निवासी रोशनाबाद निकट झंडा चौक सिडकुल बताया। आरापीयो के विरु) मुकदमें में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है पुलिस टीम से उप निरीक्षक हरिश्चंद्र, कांस्टेबल प्रदीप कुमार एवं अनिल कंडारी ने विधिक कार्रवाई कि

## सूचना खोया पाया

मेरे वाहन ऑटोरिक्शा नंबर UK08TA0931 का परमिट नंबर AUTO6783 व आर.सी तथा अन्य सभी मूल कागजात वास्तव में गिरकर कहीं गुम हो गए हैं। जिनका प्रयोग अवैध होगा। धर्मेन्द्र पुत्र स्व. मुन्नीलाल, निवासी 375, राजीव नगर, बाल्मीकि बस्ती, हरिद्वार-249401, उत्तराखण्ड।

# सांसद खेल प्रतियोगिता का रानीपुर विधायक ने किया शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सांसद लोकसभा हरिद्वार त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 अन्तर्गत जनपद स्तरीय खेल का प्रथम दिन कल सम्पन्न हुआ। जिसमें जनपद की 11 विधानसभा स्तर पर विजयी खिलाडी तथा सीधे जिले स्तर पर प्रतिभाग करने वाले खिलाडियों ने प्रतिभाग किया, जिसके परिणाम निम्न है।

1. पिट्टू बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला रानीपुर व खानपुर विधानसभा के मध्य हुआ खानपुर विजयी हुई।
2. म्यूजिकल चेयर में अनुभा-प्रथम, वरनिका-द्वितीय तथा कुमकुम तृतीय रही।
3. सौ मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में पिंकी प्रथम, हिमानी द्वितीय तथा अंशिका तृतीय रही।
4. सौ मीटर दौड़ में बालक वर्ग में आशीष प्रथम, अजय कुमार द्वितीय तथा अखिल नेगी तृतीय रहे।
5. चार सौ मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में पिंकी प्रथम, अंशिका गुसाई द्वितीय तथा तन्नु तृतीय रही।
6. चार सौ मीटर दौड़ में बालक वर्ग में यश चौधरी प्रथम, अंशुल द्वितीय तथा नितिन पंवार तृतीय रहे
7. रस्साकसी बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला झबरेड़ा तथा रानीपुर के मध्य हुआ झबरेड़ा विजयी हुई।
8. वालीबॉल बालिका वर्ग में फाईनल मुकाबला खानपुर और रानीपुर के मध्य हुआ तथा खानपुर विजयी हुई।
9. चम्मच दौड़ बालिका वर्ग में रितु हरिद्वार विधानसभा से विजयी रही।
10. चम्मच दौड़ बालक वर्ग में अवि भगवानपुर विधानसभा से विजयी हुए।

इस अवसर पर रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए उनकी हौसला अफजाई की तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा आशुतोष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, वरिष्ठ नेता भाजपा विमल कुमार, जिला महामंत्री भाजपा हीरा सिंह बिष्ट, बिरेन्द्रपाल, मनोज सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रमोद चन्द पाण्डेय,जिला क्रीड़ा अधिकारी शबाली गुरूंग, व्यायाम प्रशिक्षक, मुकेश भट्ट, जिला खेल समन्वयक गजेन्द्र सिंह,उप-क्रीड़ा अधिकारी प्रदीप कुमार, शिक्षा विभाग के समस्त शिक्षक एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे।



## सूचना संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा पुत्र अश्वनी कुमार निवासी ग्राम अलीपुर इब्राहिमपुर उर्फ ईक्कड, थाना पथरी, तहसील व जिला हरिद्वार हमारे कहने-सुनने में नहीं है। जिस कारण हमने अपने पुत्र अश्वनी कुमार को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुये संबंध विच्छेद कर दिये हैं। भविष्य में हमारे पुत्र अश्वनी कुमार द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेनदेन व व्यवहार के लिये हम और हमारा परिवार जिम्मेदार नहीं होंगे। ब्रजपाल पुत्र श्री भुल्लन सिंह व श्रीमती कुसुम देवी पत्नी श्री ब्रजपाल निवासीगण ग्राम अलीपुर इब्राहिमपुर उर्फ ईक्कड तहसील व जिला हरिद्वार।

## सार्वजनिक सूचना

मैंने अपने पुत्र शुभम व पुत्रवधू रेखा से संबंध विच्छेद कर अपने चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। दोनों मेरी चल अचल संपत्ति के उत्तराधिकारी नहीं होंगे। नरेशो पत्नी श्री काका पुत्र श्री कृपाल निवासी ग्राम रोहालकी किशनपुर तहसील व जनपद हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
शाह टाइम्स हरिद्वार
डी. एस. वर्मा
प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ
मो.: 9411100741

एक नजर

## मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में हुआ जनसंवाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय, टनकपुर एवं चंपावत में जनहित से जुड़े कार्यक्रमों का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय टनकपुर के नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं एवं आम नागरिकों से संवाद स्थापित किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान श्री बृजवाल ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा आयोजित बहुउद्देशीय शिविरों के माध्यम से आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इन शिविरों में सहभागिता करने तथा आसपास के नागरिकों को जागरूक करने की अपील की। इस अवसर पर श्रम विभाग से संचालित योजनाओं पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी देवेश पांडे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी महिलाओं एवं आमजन को दी और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं एवं आम नागरिकों ने जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।



**महिलाओं व श्रमिकों को योजनाओं की दी गई जानकारी**

## खटीमा राजस्व विभाग ने असहायों को बांटे कंबल

शाह टाइम्स संवाददाता



**खटीमा।** उपजिलाधिकारी तुषार सैनी के दिशा निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम बढ़ती ठंड चलते ग्रामीण इलाकों चंदेली मुंडली मझोला टेडाघाट हल्दी कंचनपुरी आदि शहरी क्षेत्र में उप निरीक्षक के द्वारा गरीब असहाय निर्धन परिवारों को कंबल वितरण किए, जिससे ठंड से निर्धन लोगों ने राहत महसूस की। इस दौरान खटीमा तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवान, कानून गो राजकुमार, ऋषिपाल, हल्का पटवारी नवनीत सिंह, आसिफ अली, अनिल कुमार आदि थे।

## उत्तराखंड के वन प्रमुख रंजन कुमार मिश्रा करेंगे चंपावत जिले का तीन दिवसीय दौरा

शाह टाइम्स संवाददाता



**चंपावत।** उत्तराखंड वन विभाग के प्रमुख (हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स) रंजन कुमार मिश्रा चंपावत जिले के तीन दिवसीय भ्रमण पर आ रहे हैं। उनका यह दौरा 26 दिसंबर से रामनगर से प्रारंभ होगा। रामनगर में रात्रि विश्राम के उपरांत वे 27 दिसंबर को चंपावत पहुंचकर यहां चम्पावत वन प्रभाग के स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद श्री मिश्रा जिले में संचालित विभिन्न इको टूरिज्म एवं वन आधारित विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

भ्रमण कार्यक्रम के तहत वे जिम कार्बेट ट्रील, बस्तियां में पौधारोपण, मॉडल क्रूज स्टेशन, शारदा कॉरिडोर, ठुलीगाड़, इको टूरिज्म साइट, खलडूंगा, इंटीग्रेटेड कार्यक्रम सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन करेंगे। इसके अतिरिक्त वे बूम स्थित शारदा कॉरिडोर के अंतर्गत विकसित इको टूरिज्म साइट का भी भ्रमण कर चंपावत को मॉडल जिले के रूप में और अधिक विकसित करने की संभावनाओं पर मंथन करेंगे। रात्रि विश्राम चंपावत में प्रस्तावित है। दौरे के दौरान श्री मिश्रा जिले के वन क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति, वन आधारित रोजगार, स्थानीय आजीविका से जुड़ी योजनाओं एवं इको टूरिज्म के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण के प्रयासों का भी गहन अध्ययन करेंगे।

**27 दिसंबर को चंपावत वन प्रभाग के स्थापना दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल**

## न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ का भव्य आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत भूमलाई न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि भैरव दत्त राय, प्रधानाचार्य हरीश कलौनी, नरेश राय ने किया। प्रकाश चन्द्र उपाध्याय के संचालन में प्रथम दिवस अंडर 14 वर्ग की एथलेटिक्स तथा ग्रुप गेम की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। श्री उपाध्याय द्वारा सभी बच्चों और मार्गदर्शक शिक्षकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय खिलाड़ियों को क्रमशः 300, 200 तथा 150 रुपये, मेडल और प्रमाण पत्र दिए गए। यह प्रतियोगिताएं सांसद खेल महोत्सव की निर्धारित कार्ययोजना के तहत आयोजित की जा रही हैं। व्यायाम संकुल समन्वयक प्रदीप बोहरा ने बताया कि प्रतियोगिताओं में विभिन्न खेल विधाओं को शामिल किया गया है। खेल महाकुंभ में ब्लॉक खेल समन्वयक दीप जोशी, जीवन मेहता, ग्राम प्रधान कोयाटी प्रेम सिंह, सह खेल समन्वयक मीरा पंत, पूर्व संकुल समन्वयक कैलाश ओली, मोहन गहतोड़ी, नवीन जोशी, रेवाधर बिनवाल, राजेश जोशी, सुरेश जोशी, राखी गहतोड़ी, आदि ने सहयोग प्रदान किया।



**बच्चों ने किया शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन**

## नए साल से रुद्रपुर में मंगलवार को नॉनवेज की बिक्री पर रोक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** नये साल 2026 से रुद्रपुर शहर में मांस और मछली की बिक्री को लेकर नगर निगम सख्त रुख अपनाने जा रहा है। नगर निगम के निर्णय के अनुसार जनवरी से प्रत्येक मंगलवार को शहर में मीट और मछली की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। इस निर्णय के साथ ही महापौर विकास शर्मा ने स्पष्ट कर दिया है कि नियमों की अनदेखी करने वाले दुकानदारों के खिलाफ जुर्माना लगाने के साथ-साथ दुकान सील करने जैसी कठोर कार्रवाई भी की जाएगी। शहर में मांस विक्रेताओं द्वारा नियमों की अवहेलना को लेकर महापौर को लगातार शिकायतें मिल रही थीं। कई क्षेत्रों में खुले में मांस काटे जाने, दुकानों के आसपास गंदगी फैलने और स्वच्छता मानकों की अनदेखी की शिकायतें सामने आई थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए महापौर ने नगर निगम में मांस विक्रेताओं की बैठक बुलाकर उन्हें नियमों की जानकारी दी और भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। बैठक में महापौर ने साफ शब्दों में कहा कि शहर में अब मंगलवार को मीट और मछली की दुकानें बंद रहेंगी। इस पर मांस विक्रेताओं ने क्रिसमस और थर्टी फर्स्ट को देखते हुए दिसंबर माह तक इस निर्णय को स्थगित रखने का अनुरोध किया। महापौर ने इस आग्रह को स्वीकार करते हुए दिसंबर तक मंगलवार को दुकानें खुली रखने की अस्थायी अनुमति दे दी, लेकिन यह भी स्पष्ट कर दिया कि जनवरी 2026 से मंगलवार को शहर में कहीं भी मीट की दुकान खुली नहीं मिलेगी। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ बिना किसी चेतावनी के कार्रवाई की जाएगी।

# मझेड़ा जनसेवा शिविर में उमड़ा जनसैलाब

- बहुविभागीय शिविर में मंत्री सतपाल महाराज ने सुनीं जनता की आवाज
- बहुविभागीय जनसेवा शिविर में सैकड़ों लोगों को मिला सीधा लाभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत आज जनपद पिथौरागढ़ की न्याय पंचायत मझेड़ा के लिए मोस्टामानू मेलास्थल में एक दिवसीय बहुविभागीय जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज द्वारा की गई।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों के माध्यम से आमजन को सरकारी योजनाओं, सेवाओं एवं लाभों की जानकारी के साथ-साथ मौके पर ही समाधान उपलब्ध कराया गया। शिविर में क्षेत्रीय जनता की भारी भागीदारी रही और बड़ी संख्या में लोगों ने सीधे लाभ प्राप्त किया। राजस्व विभाग द्वारा 19 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों का सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने अवगत कराया कि यह अभियान जनपद में 17 दिसंबर से प्रारंभ हुआ है और आज का शिविर इस श्रृंखला का चौथा शिविर है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि शिविरों में प्राप्त जनसमस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य शासन को जनता के द्वार तक पहुंचाना है, ताकि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि सरकार स्वयं जनता के बीच जाकर समस्याएं सुन रही है और समाधान दे रही है। मंत्री ने नागरिकों से अपील की कि वे इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर अपने जीवन स्तर को सशक्त बनाएं। इस दौरान जिलाधिकारी आशीष भटगांई, मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, जिलाध्यक्ष भाजपा गिरीश जोशी, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद, मेयर नगर निगम कल्पना देवलाल, ब्लॉक प्रमुख विण लक्ष्मी गोस्वामी, बिरेंद्र बोहरा, समेत विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# शास्त्री मूर्ति के पास कबाड़ के गोदाम में भीषण आग

- दमकल की मुस्तैदी से टली बड़ी अनहोनी



शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** शहर के व्यस्त इलाके शास्त्री मूर्ति के समीप देर रात्रि उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक कबाड़ के गोदाम से अचानक आग की लपटें उठने लगीं। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और पूरा इलाका धुएं के गुबार में तब्दील हो गया।

कबाड़ व्यवसायी नसीम ने बताया कि सोमवार की रात करीब 11 बजे उनके गोदाम में अचानक आग भड़क उठी। गोदाम में ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों की तत्परता और सूझबूझ से एक बड़ी अनहोनी टल गई। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण न पाया जाता, तो आसपास की दुकानों और रिहायशी इलाकों को भारी नुकसान हो सकता था। राहत की बात यह रही कि इस अग्निकांड में फिलहाल किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि यदि कुछ देर और हो जाती, तो हालात बेहद भयावह हो सकते थे।

# विहिप-बजरंग दल ने बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी कर फूंका पुतला



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के रानीखेत रोड पर मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में कथित तौर पर हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उसका पुतला दहन किया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला धर्म प्रचारक प्रमुख हृदयेश शर्मा ने कहा कि बांग्लादेश में जिहादी मानसिकता लगातार बढ़ती जा रही है, जिसका सीधा निशाना वहां का हिंदू अल्पसंख्यक समाज बन रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल के दिनों में जिस तरह की घटनाएं सामने आई हैं, उसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। कहा कि बांग्लादेश में एक हिंदू युवक को नग्न अवस्था में घुमाने के बाद पेड़ से बांधकर उसकी हत्या किए जाने की घटना न केवल अमानवीय है, बल्कि पूरे मानव समाज को शर्मसार करने वाली है।उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल इस तरह की जिहादी मानसिकता को किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेंगे।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि देश के जिस भी हिस्से में जिहादी मानसिकता पनपेगी, उसका संगठनात्मक स्तर पर विरोध किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि आईपीएल या किसी अन्य खेल प्रतियोगिता में भारत में बांग्लादेश के खिलाड़ी भाग लेते हैं, तो इसका भी विरोध किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत सरकार से इस पूरे मामले में कड़ा रुख अपनाने और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए। इस दौरान जिला धर्म प्रसार प्रमुख हिर्देश शर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष भूपेंद्र मेहरा, फूल कुमार, प्रशांत तिवारी, मयंक कांडपाल, विजय शर्मा, अंजली रावत, हिमांशु रावत, हर्ष शर्मा, जगदीश, अर्चित गोयल, विशाल, नितेश शर्मा, सुभाष ध्यानी, सुशील कुमार, भूरा कश्यप, संजय कश्यप, विशाल कश्यप, नवीन करगेती, ऋतिक, रोहित, सौरभ, कार्तिक कश्यप, विनोद रावत, बलदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

# न्याय की साधना को मिला सम्मान टनकपुर ने रचा गौरव का इतिहास

- विनोद प्रकाश एडवोकेट को न्याय और विधि के क्षेत्र में पचास वर्षों की सेवा के लिए किया गया सम्मानित



शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** पर्यटक आवास गृह में नगर के प्रथम वकील रहे विनोद प्रकाश एडवोकेट को न्याय और विधि के क्षेत्र में पचास वर्षों की सेवा के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सुप्रीम कोर्ट, भारत (नई दिल्ली) के न्यायमूर्ति एन. कोटेश्वर सिंह के कर-कमलों से प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार (उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड) की उपस्थिति ने इस अवसर को और भी गरिमामय बना दिया। उन्होंने विनोद प्रकाश एडवोकेट को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे अधिवक्ता न्यायपालिका की आत्मा होते हैं, जो न केवल कानून का पालन करते हैं बल्कि समाज को न्याय का रास्ता दिखाते हैं। सम्मान ग्रहण करते समय विनोद प्रकाश एडवोकेट की आंखों में वर्षों की साधना, संघर्ष और संतोष साफ झलक रहा था। उन्होंने विनम्रता से कहा कि यह सम्मान उनका नहीं, बल्कि उस विश्वास का है जो जनता ने वर्षों तक उन पर किया। उन्होंने अपने गुरुओं, सहकर्मियों और परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि न्याय सेवा उनके लिए पेशा नहीं, जीवन का संकल्प रही है।

इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बना टनकपुर आज स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा था। यह कार्यक्रम आने वाली पीढ़ियों के अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणा बन गया कि समर्पण, ईमानदारी और धैर्य से किया गया कार्य एक दिन इतिहास बन जाता है।

# पूर्व चेयरमैन के पुत्र और पोतों पर धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में केस दर्ज

- आरोपी ने लालच देकर खातों में लाखों रुपए डलवाए, खाते बाद में हुए फ्रीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** कमीशन का लालच देकर दूसरों के बैंक खातों में रुपए डलवाए खाते फ्रीज होने पर पीड़ित ने दी तहरीर पुलिस ने गदरपुर की पूर्व चेयरमैन के पुत्र और दो पोतों पर धोखाधड़ी सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपी. चंद पुत्र सुभाष चंद्र निवासी लखनऊ ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गोपी का दोस्त नईम पुत्र मोहम्मद अली उर्फ तिवारी निवासी भोला कॉलोनी ने कहा कि मेरे दोस्त सत्यम एवं प्रशांत पुत्र अनिल सिंह निवासी वार्ड नंबर 2 गदरपुर में रहते हैं उनसे आपकी मुलाकात करवानी है। हालांकि गोपी भी सत्यम पुत्र अनिल सिंह को पहले से जानता था क्योंकि सत्यम की मां चंद्रा जोशी नगर पालिका का चुनाव लड़ चुकी है। गोपी नईम के साथ सत्यम से मिला तो सत्यम ने बताया कि मेरे पिता ने डेढ़ करोड़ रुपये की संपत्ति हल्द्वानी में बची है, जिसमें कुछ रुपया उनके खाते में आ चुका है तथा खातों की लिमिट पूर्ण हो चुकी है बकाया पैसा वह अपने खाते में नहीं ले सकते तुम लोग मेरी मदद करो मुझे अपना खाता नंबर दे दो ताकि मैं आपके खाते में रुपया डलवा कर निकलवा सकूं क्योंकि प्रॉपर्टी खरीदने वाली पार्टी नगद पैसे देने से मना कर रही है जिसके बदले में तुम्हें कुछ रुपये भी दूंगा। सत्यम की बातों का विश्वास करते हुए बेरोजगारी के चलते गोपी ने अपना एवं अपने भाई के खाता तथा कुछ अपने अन्य दोस्तों के खाते भी सत्यम को व्हाट्सएप के माध्यम से भेज दिए। इसके बाद गोपी के एसबीआई खाते में दिनांक 6 जून को 449203 आए तथा इसी दिनांक को बैंक के माध्यम से सत्यम द्वारा प्रार्थी की बैंक जाकर 445000 नगद कैश निकलवा लिए दिनांक 11 जून को प्रार्थी के एक्सिस बैंक के खाते में 500003 रु डलवाए उसी दिन चेक के माध्यम से 490000 रु. कैश निकलवा लिए गए प्रार्थी के भाई किशन कुमार के एसबीआई खाते में 450000 रु. आए उसी दिन 440000 रु. निकालवा लिय गए सत्यम द्वारा बताया गया कि किसी प्रकार की कोई भी परेशानी आपको नहीं होगी इसी प्रकार 13 जून को समीर पुत्र आमिर खान निवासी लखनऊ के पीएनबी खाते में 500000 रु. दिनांक 16 जून को राजकुमार पुत्र हीराराम निवासी कुआं खेड़ा के पीएनबी खाते में 5लाख रुपए सत्यम द्वारा उसी दिन निकलवा लिए गए दिनांक 18 जून को रहमान पुत्र जमील का निवासी लखनऊ के एसबीआई के खाते में 500000 रु. उसी दिन प्रशांत द्वारा बैंक में जाकर चार 490000 रुपये निकाल लिए गए। मेरे भाई के द्वारा श्यामल मलिक पुत्र सुधांशु मलिक निवासी दिनेशपुर के साथ आपसी लेनदेन के चलते 150000 रु. 17 जून एवं 19 जून 2025 को दो किस्तों में ऑनलाइन गूगल पे के माध्यम से अदा किए गए। किशन कुमार की साइबर क्राइम कंप्लेंट होने पर हमें जानकारी मिली कि श्याम मलिक की डेढ़ लाख रुपए की रकम 30 जून को लीन होल्ड हो गई है।

## पिथौरागढ़ को मिलेगा पासपोर्ट सेवा केंद्र, डीएम की पहल

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** जनपद में लंबे समय से प्रतीक्षित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र की स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण और निर्णायक कदम उठाया गया। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कलक्ट्रेट परिसर में प्रस्तावित स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर पासपोर्ट सेवा केंद्र शुरू किए जाने की प्रक्रिया को गति दी।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, देहरादून से पहुंचे वरिष्ठ अधिकारियों तजेंद्र सिंह बिष्ट एवं डीएस राणा द्वारा केंद्र के लिए प्रस्तावित कमरों का निरीक्षण किया गया। डाक विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर बुनियादी ढांचे, स्थान की उपयुक्तता एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का विस्तृत आकलन किया गया। निरीक्षण उपरांत तैयार की गई संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट केंद्र सरकार के MEA मंत्रालय को भेजी जाएगी।

## नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जलाए गए अलाव

**टनकपुर।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय टनकपुर, जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद के सहयोग से नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाए गए। इस पहल का उद्देश्य ठंड से सबसे अधिक प्रभावित जरूरतमंदों, राहगीरों, मजदूरों और असहाय लोगों को राहत प्रदान करना रहा। प्रशासन की ओर से बस अड्डों, मुख्य चौराहों, बाजार क्षेत्रों और रिहायशी इलाकों में पर्याप्त संख्या में अलाव की व्यवस्था की गई।


**पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
विद्युत भवन, नजदीक-आई०एस०बी०टी० क्रॉसिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून- 248002
कारपोरेट आई०डी० U40101UR2004GOI028675 मो० नं० 9412057639 ई-मेल:- ee2_it@ptcul.org

**निविदा विस्तारण सूचना**

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में प्रकाशित निविदा संख्या tender specification T.No. 02/EE(IT-II)/Dehradun/2025-26 जोकि दिनांक **23.12.2025** को खोली जानी थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा दिनांक **09.01.2026** तक विस्तारित की जाती है निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि **08.01.2026** है। निविदायें पंजीकृत/स्पीडपोस्ट डाक के माध्यम से ही प्राप्त की जायेंगी। विज्ञापन से सम्बन्धित अन्य शर्तें पिटकुल की वेबसाइट **www.ptcul.org** पर एवं इस कार्यालय में भी उपलब्ध है।
ई-निविदा से सम्बन्धित जानकारी हेतु सम्पर्क करें +91-7088112452

पत्रांक: 505/अधी०अभि०(सू०प्रौ०-द्वितीय)/पिटकुल/
दिनांक: 22/12/2025
अधिशासी अभियन्ता (सू०प्रौ०-II)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी०एम०एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी०आई०एन० सं०: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक-1007 **निविदा सूचना** दिनांक- 23/12/2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (गलोगी लजवि), यूजेवीएन लि०, गंगा भवन, यमुना कालोनी, देहरादून इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः-
**निविदा सूचना सं०: 19/अ०अ०(ग०कॉ०)/2025-26:** गलोगी विद्युत गृह में यूनिट-1 के नोजल ऑपरेटिंग सिस्टम का रखरखाव, मरम्मत, संरेखण व सेटिंग का कार्य।
**अनुमानित लागतः** रू 5,00,500.00 (कर अतिरिक्त)
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः** 23.12.2025, 17:00 बजे से
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 15.01.2026, 15:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
अधिशासी अभियन्ता (गलोगी एसएचपी)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**कार्यालय सहायक अभियन्ता-III**
**पी०एम०जी०एस०वाई०, सिंचाई खण्ड, देहरादून**
email: eepmgsydehradun@rediffmail.com

पत्रांक: 297/स०अ०- III/पी.एम.जी.एस.वाई./सिं०ख०-दे०दून/वी-1 दिनांक: 23/12/2025

**"अल्पकालीन निविदा सूचना सं०-03/2025-26"**

सहायक अभियन्ता, पी०एम०जी०एस०वाई०, सिचांई खण्ड, देहरादून के उपयोगार्थ दिनांक **16.01.2026** से **31.12.2026** तक (12 माह) वाहन की आवश्यकता है। राजकीय उपयोग हेतु चालक सहित ईधन रहित मासिक किराये पर रखने हेतु दिनांक **12.01.2025** तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सांय 3:00 बजे तक निविदा आमंत्रित किये जायेंगें जो कि उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में 3:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र०सं० | वाहन का प्रकार | वाहनों की संख्या | उपयोगार्थ अधिकारी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बुलैरो (व्यवसायिक रजिस्ट्रेशन | 01 | सहायक अभियन्ता, पी.एम.जी.एस.वाई. सिंचाई खण्ड, देहरादून। | |

शर्तेः-
1 वाहन का रजिस्ट्रेशन 03 वर्ष से पूर्व का न हो। (अर्थात 2023 या उसके पश्चात् का रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।)
2 वाहन का पंजीकरण टैक्सी परमिट में होना चाहिये।
3 वाहन से सम्बन्धित अभिलेख जैसे पंजीकरण, फिटनेस, इंश्योरेंस आदि पूर्ण होना चाहिये।
4 वाहन से सम्बन्धित अभिलेख अनुबन्ध के समय संलग्न करना आवश्यक है।
5 वाहन के चालक का कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस पर्वतीय एवं मैदानी होना चाहिये।
6 वाहन स्वामी को चालक का पारिश्रमिक व वाहन के रख-रखाव का व्यय स्वंय वहन करना होगा।
7 प्राप्त निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सहायक अभियन्ता तृतीय, पी.एम.जी.एस.वाई., सिंचाई खण्ड, देहरादून को होगा।
8 वाहन के किराये की दरें स्वीकृत होने की दशा में वाहन स्वामी को 100/-रू0 के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध-पत्र भरना होगा।
9 वाहन के मरम्मत की अवधि में वाहन स्वामी द्वारा अन्य समकक्ष वाहन उपलब्ध कराना होगा।

सहायक अभियन्ता-तृतीय
पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड,
6-इन्दिरा नगर, देहरादून

**कार्यालय उप जिलाधिकारी डुण्डा उत्तरकाशी।**

संख्या 266 / पी0ए0 - विज्ञप्ति पत्रा0 / 2025 दिनांक: 23.12.2025

**:: अल्प कालीन निविदा प्रेस विज्ञप्ति ::**

जिलाधिकारी महोदय उत्तरकाशी के आदेश संख्या - 1559 / बत्तीस - 01 ( 2025-26) दिनांक 22 दिसम्बर, 2025 एवं संख्या - 287 / बत्तीस - 01 ( 2025- 26 ) दिनांक 25 अक्टूबर 2025 के क्रम में तहसील डुण्डा अन्तर्गत **स्थल - ग्राम बडेथी ( निकट बडेथी चुगी वाई पास डाउन स्ट्रीम ) में, ग्राम डुण्डा मध्ये चौकी ढगार ( राज होटल के डाउन हिल ) में भागीरथी नदी तल ग्राम मातली, में भागीरथी नदी तल** में जमा अतिरिक्त उप खनिज बोल्डर्स, बजरी एवं आर०बी०एम० को हटाये जाने के लिये उत्तराखण्ड रिवर ड्रेजिंग नीति 2021 यथा संशोधित 2024 में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत निस्तारण किये जाने हेतु खुली नीलामी की प्रक्रिया के माध्यम से जनपद उत्तरकाशी के इच्छुक व्यक्तियों एवं संस्थाओं से **दिनांक 24.12.2025 समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 30.12.2025 समय सांय 05:00 बजे** तक आवेदन आमंत्रित किये जायेगे । उपरोक्त तिथियों में किसी भी कार्य दिवस को तहसील कार्यालय डुण्डा, उत्तरकाशी से आवेदन पत्र प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त आवेदनों की जाँच के पश्चात स्वीकृत आवेदकों को खुली नीलामी में प्रतिभाग किये जाने हेतु अनुमति प्रदान की जायेगी । चिन्हित स्थल हेतु खुली नीलामी की प्रक्रिया गठित समिति द्वारा **दिनांक 31.12.2025 को समय 11:00 बजे प्रातः से जिला मुख्यालय कलक्ट्रेट उत्तरकाशी कक्ष संख्या-11 में प्रारम्भ की जायेगी।** आवेदनकर्ता बोली में प्रतिभाग करने हेतु नियत समय से एक घण्टा पूर्व स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें । लॉट तथा विज्ञप्ति की शर्तों के सम्बन्ध में जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय उप जिलाधिकारी डुण्डा, उत्तरकाशी एवं खनन विभाग उत्तरकाशी के जनपदीय कार्यालय से सूचना प्राप्त कर सकते है।

( देवानन्द )
उप जिलाधिकारी,
डुण्डा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दो सगे भाइयों की मौत

## एक का शव घर के भीतर और दूसरे का घर के पीछे चबूतरे पर मिला

- पुलिस को घटना स्थल से नहीं मिले आत्महत्या जैसे सुराग
- मजदूरी करते थे दोनों भाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक घर में दो संगे भाईयों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। एक का शव घर के भीतर और दूसरे के घर के पीछे चबूतरे पर पड़ा पाया गया। पुलिस को घटना स्थल से आत्महत्या जैसे सुराग नहीं मिले हैं। जिसके बाद से पुलिस ने हत्या के एंगल से भी मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने दोनो शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार बच्चीनगर लामाचौड़ निवासी 45 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र स्व. पूरन चन्द्र यहां अपने छोटे भाई 31 वर्षीय सुनील व वृद्धा मानसिक दिव्यांग मां देवकी देवी व 12 साल की बेटी प्रतिमा के साथ रहता था। बताया जा रहा दोनो संगे भाई पेशे से मजदूरी का काम करते थे और शराब के आदी थे। बताया जा रहा कि बीते सोमवार की रात दोनो ने शराब पी और खाना खाकर सो गए। मंगलवार की सुबह दो संगे भाई मनोज व सुनील बेसुध हालत में एक घर के अंदर जबकि दूसरा घर के पीछे चबूतरे पर पड़ा हुआ था। जब काफी देर तक दोनो नहीं उठे तो मां व बेटी ने उनको उठाने का प्रयास किया लेकिन दोनो में से कोई नहीं उठा। जिसके बाद आस-पास के लोग एकत्र हो गए और लोगों ने इसकी जानकारी मुखानी पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही मुखानी पुलिस मौके पर पहुंच गई और घर में पड़े दोनो भाईयों को देखा तो पह मृत पड़े हुए थे। घर के अंदर दो संगे भाईयों की संदिग्ध मौत से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर मुखानी पुलिस और सीओ सिटी अमित कुमार मौके पर पहुंचे। सीओ अमित कुमार ने बताया कि मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। इसके साथ स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।







### दोनों भाइयों की एक साथ मौत, कई सवाल हुए खड़े

- सुबह शराब से शुरू, रात शराब के साथ होती थी खत्म
- हाल ही में बेची थी तीन लाख की जमीन,
- बिकने से बची प्रॉपर्टी भी हो सकती है मौत की वजह
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी पुलिस की निगाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार की सुबह बच्चीनगर लामाचौड़ क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में दो संगे भाईयों की हुई मौत से हर कोई हैरान है कि आखिर दोनो भाईयों की एक साथ मौत कैसे हो गई। दोनों भाइयों की एक साथ मौत ने पुलिस के सामने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्योंकि यह दोनो भाई शराब पीकर क्षेत्र में हल्ला करते रहते थे दोनो भाईयों की सुबह शराब से ही शुरू होती थी और शराब से ही रात खत्म होती थी। बीते सोमवार की रात भी दोनो भाईयों ने जमकर शराब पी और सुबह घर के अंदर मृत मिले। चूंकि पुलिस को आत्महत्या के घटना स्थल से कोई अहम सुराग भी नहीं मिले हैं। ऐसे में जमीन से मिली रकम और बची प्रॉपर्टी के लिए भी दोनों भाइयों की हत्या की जा सकती है। हालांकि हत्या के भी कोई ठोस सुबूत नहीं मिले हैं। अब पुलिस की सारी जांच पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी है। बता दें कि मुखानी थानाक्षेत्र के बचीनगर लामाचौड़ में एक में रहने वाले मनोज कुमार और सुनील पेशे से मजदूर थे। मनोज यहां अपनी मान. सिक दिव्यांग मां देवकी देवी और 12 साल की बेटी प्रमिता के साथ रहता था। पास रहने वाले और रुद्रपुर में नौकरी करने वाले मनोज के चचेरे भाई अजय कुमार आर्या का कहना है कि दोनों भाई शराब के आदी थे। वह सुबह की शुरूआत शराब से और रात शराब से खत्म करते थे। दोनो नशे में धुत होकर क्षेत्र के लोगों को गाली गलौज भी करते थे। दोनो से क्षेत्र के लोग भी परेशान थे। बताया जा रहा कि दोनो भाईयों की शराब की लत इतनी बुरी हो चुकी थी कि दोनो ने अपनी साइकिल और घर का दरवा. जा तक शराब के लिए बेच दिया। मृतकों के चचेरे भाई अजय ने बताया कि उनके पिता और मनोज के पिता के बीच दो बीघा जमीन का बंटवारा हुआ था। मनोज और उसके भाई ने शराब के लिए सारी जमीन कौड़ियों के दामों में बेच दी और सिर्फ एक छोटा सा खंडहरनुमा घर बचा हुआ है, जिसमें दोनों अपनी मां व बेटी प्रतिमा के साथ रहते थे। बताया जा रहा कि दोनो भाईयों ने हाल ही में दोनों ने तीन लाख रुपए में एक जमीन बेची थी। इससे मिले रुपए दोनों ने आधे-आधे बांट लिए थे, जिसके बाद से दोनों न सिर्फ अत्यधिक शराब पीने लगे थे, बल्कि खाना भी ऑनलाइन मंगाते थे। माना जा रहा है कि जमीन से मिले रुपयों को हासिल करने के लिए भी हत्या की जा सकती है। हो यह भी सकता है कि बची जमीन पर किसी की नजर हो, उसे हथियाने के लिए दोनों को रास्ते से हटा दिया गया। हालांकि हत्या के पुख्ता निशान भी पुलिस को घटना स्थल से नहीं मिले हैं, लेकिन दोनों भाइयों की एक साथ मौत ने पुलिस के सामने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सीओ सिटी अमित कुमार ने बताया कि इसे अभी आत्महत्या नहीं कहा जा सकता। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह सामने आएगी। इसके अलावा घटनास्थल से मारपीट जैसा भी कुछ सामने नहीं आया है।

**मनोज की आदत से परेशान चार साल पहलने पत्नी ने छोड़ा**

बताया जा रहा कि मृतक मनोज की रानीखेत स्थित तिरछाखेत निवासी लता देवी से शादी हुई थी। दोनों के तीन बच्चे हुए। कई साल तक लता इस बात का इंतजार करती रही कि मनोज की आदतों में सुधार आएगा, लेकिन जब मनोज की आदत में सुधार नहीं हुआ तो वह करीब चार साल पहले अपने दो बच्चों के साथ गायब हो गई। मंगलवार को जब मनोज के मौत की खबर मिली तो चचेरे भाई अजय ने मनोज के साले को फोन किया। पता लगा कि उनका भी कई सालों से लता से संपर्क नहीं हुआ है।

## जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही, उलझती जा रही पुलिस

- घटनास्थल पर बांटा चोरी का माल, सिंधी चौराहे से तीन दिशाओं में बंटा गैंग
- सब्जी बेचने वाला मुख्य आरोपी जनकराज निकला नेपाल की ओर
- ऑटो वाले को अतिरिक्त भुगतान कर पहुंचे थे सिंधी चौराहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुसुमखेड़ा स्थित राधिका ज्वैलर्स में बीते 17 दिसंबर को हुई सवा करोड़ रुपये की चोरी के मामले में पुलिस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अब यह सामने आया है कि चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद चोरों का गैंग ऑटो से सिंधी चौक पहुंचा और वहां से तीन अलग-अलग दिशाओं में बंटकर फरार हो गया। अभी तक मुख्य आरोपी जनकराज जोशी को माना जा रहा है, जो चम्पावत की ओर फरार हो चुका है। बता दें कि बीते 17 दिसंबर को कुसुमखेड़ा स्थित राधिका ज्वैलर्स में हुई चोरी की वारदात की पुलिस ने जांच शुरू की तो पता लगा कि चोरी की घटना के बाद आरोपी गैंग ने घटना स्थल से ही एक ऑटो बुक किया था। आरो. पियों ने ऑटो चालक को अतिरिक्त पैसे दिए, जिसके बाद वह उन्हें दो चक्कर लगाकर सिंधी चौक लेकर पहुंचा। यहां से कुछ आरोपी बरेली की ओर, कुछ रामपुर रोड की ओर और मुख्य आरोपी जनकराज जोशी चम्पावत की ओर भाग गए। माना जा रहा है कि बरेली रोड की ओर भागे हुए आरोपियों का संबंध पीलीभीत से है, जबकि रामपुर रोड की ओर भागे आरोपी मुरादाबाद की तरफ जा सकते हैं। इन दोनों समूहों ने सिंधी चौक से कार का इस्तेमाल कर फरार हुए। वहीं, माना जा रहा इस चोरी का मुख्य आरोपी जनकराज जोशी चम्पावत होते हुए नेपाल की ओर भी भाग सकता है, क्योंकि उसकी पहचान नेपाली मूल के व्यक्ति के तौर पर की जा रही है। बताया जा रहा कि चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद शातिर चोरों ने घटना स्थल पर ही चोरी के माल का बंटवारा कर लिया था, फिर ऑटो लेकर भागे और सिंधी चौराहे से अलग-अलग दिशाओं में फरार हो गए। इधर एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि शातिर चोरों की तलाश के लिए पुलिस की टीमें सही ट्रैक पर हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जायेगा।

### चोरों ने छोड़े इतने सुबूत, पुलिस उलझी

ज्वैलर्स की दुकान में हुई चोरी के बाद पुलिस को उन सुबूतों का सामना करना पड़ रहा है, जो चोरों ने घटनास्थल से लेकर उत्तर प्रदेश तक छोड़े हैं। इन सुबूतों ने पुलिस को और उलझन में डाल दिया है। एक महत्वपूर्ण सुराग मोबाइल नंबरों का है, जिनका इस्तेमाल मुख्य आरोपी जनकराज जोशी द्वारा किया जाता था। पुलिस को जनकराज के आधा दर्जन से अधिक मोबाइल नंबर मिले हैं, जिनमें कई अन्य प्रदेशों के नंबर भी शामिल हैं, जिससे पुलिस को जांच की दिशा और भी जटिल हो गई है।

### पीलीभीत के आधार कार्ड की जांच

जांच में पुलिस को कुछ आधार कार्ड भी मिले हैं, जो उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के हैं। पहले माना जा रहा था कि इस वारदात में कुल पांच आरोपी शामिल थे, लेकिन अब जांच में यह सामने आ रहा है कि आरोपी संख्या 8 से भी अधिक हो सकती है। पुलिस इन आधार कार्ड्स की वास्तविकता की जांच कर रही है, यह देखने के लिए कि ये असली हैं या नकली। इसके अलावा, कुछ सीसीटीवी फुटेज भी मिले हैं, जिनमें आरोपियों की साफ तस्वीरें नजर आ रही हैं।

## व्यापार मंडल की युवा कार्यकारिणी गठित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के महानगर युवा अध्यक्ष कुंदन रावत ने महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल की संस्तुति पर युवा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए गौरव सोनकर व जीसान सिद्दीकी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष पर योगेश गिरी गोस्वामी, रोहित सनवाल और हरेंद्र बिष्ट, सचिव पर कोस्तुभ नेगी, सलमान सिद्दीकी और राहुल गोस्वामी, संगठन मंत्री के रूप में शुभम रावत और अंकुर कुमार, संयुक्त मंत्री पद पर बसंत दिवाकर और अखिलेश पाल, मीडिया प्रभारी के रूप में धर्मेंद्र रावत और क्रीत पाल, और प्रवक्ता के रूप में पंकज गुलारा को मनोनीत किया जबकि सरंक्षक पर चेतन जायसवाल और राहुल सागर मनोनीत किए। युवा अध्यक्ष कुंदन रावत ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी को व्यापारी हित में कार्य करना होगा और संगठन में एकजुट रहना होगा, क्योंकि एकता से ही किसी भी कठिन लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। महामंत्री ललित जायसवाल और कोषाध्यक्ष निलेश भारद्वाज ने नए पदाधिकारियों को बधाई दी।

## भुवन जोशी के पिता के निधन पर शोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति द्वारा मंगलवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य आंदोलनकारी भुवन जोशी के पिता के निधन पर शोक प्रकट किया गया। सभा में राज्य आंदोलनकारियों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। शोकसभा में समिति के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, जोशना पांडे, कमल जोशी, अयोध्या प्रसाद केसरवानी, हम पाठक, भुवन तिवारी, बलम बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# खस्ताहाल सड़कों पर फूटा आक्रोश

## पहाड़ी आर्मी ने दस दिन में समाधान न होने पर निगम में तालाबंदी की चेतावनी दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों को लेकर पहाड़ी आर्मी के पदाधिकारियों ने नगर नगर निगम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और नगर आयुक्त परितोष वर्मा का घेराव किया। उन्होंने चेताया अगर शीघ्र ही खस्ताहाल सड़क ठीक नहीं हुई तो वह उग्र आंदोलन के साथ निगम में ताला. बंदी करने को मजबूर होगे। मंगलवार को पहाड़ी आर्मी के नगराध्यक्ष भुवन पहाड़ी हिंदू के नेतृत्व दर्जनों लोग एकत्र हुए और नगर निगम कार्यालय पहुंचे। नगर निगम कार्यालय में क्षेत्र की खस्ताहाल सडकों को लेकर प्रदर्शन कर नगर आयुक्त का घेराव किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पिछले 2 सालों से निगम क्षेत्र के सभी वार्डों की सड़कों की खुदाई की गई है, जिससे नगरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों से उड़ने वाली धूल और गंदगी से अस्थमा और एलर्जी जैसी बीमारियों के मरीजों की हालत और खराब हो गई है। साथ ही, घरों का दूषित पानी सड़कों में बहने से संक्रामक बीमा. रियां फैल रही हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 10 दिनों के भीतर सड़कों की मरम्मत का काम शुरू नहीं हुआ तो पहाड़ी आर्मी उग्र आंदोलन के साथ निगम कार्यालय में ताला बंदी करने को मजबूर होगी। घेराव करने वालों में हिमांशु शर्मा, राजेंद्र कांडपाल, प्रेमा मेर, अंजू पांडे, गीता बिष्ट, कविता जीना, बसंत सिंह, हरेन्द्र राणा, आशा देवी, एसएस भंडारी, केएस मेहरा, खीम सिंह कैड़ा, मोहन सिंह, महेश भट्ट, गोविंद सिंह, कविता मेहरा, रमा उपाध्याय, चंद्रा गैड़ा, रेनु भाकुनी, तनुजा, दीपा बोरा, प्रभा उपाध्याय, गीता जोशी, दीपा पंत और सतीश फुलारा मौजूद रहे।



## पुलिस पर बदसलूकी का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थानाक्षेत्र में ठेले और फड़ लगाने वालों पर पुलिस ने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस ने ठेले वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कई ठेले को कब्जे में ले लिया। ठेले वालों में पुलिस ने उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मंगलवार को एसपी सिटी मनोज कत्याल से मिले और पुलिस कर्मियों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न का आरोप लगाया। इस दौरान एसपी सिटी से ठेले वालों ने कहा कि उन्हें हटाने के नाम पर पुलिस उनके साथ उत्पीड़न कर रही है। जबकि ठेले वाले रोजी-रोटी के लिए ईमानदारी से सिर्फ अपना काम कर रहे। ठेलेवालों ने पुलिस की बदसलूकी से जुड़े कुछ फोटो और वीडियो को एसपी सिटी मनोज कत्याल को भी दिखाई। जिसके बाद एसपी सिटी ने पुलिस को निर्देशित किया कि वह अपनी कार्रवाई के दौरान किसी से भी जोर-जबरदस्ती या बदलसूकी नहीं करेंगे। यदि ऐसी शिकायत आती है तो फिर कार्रवाई होगी। बता दें कि चोरी की घटना में शामिल जनक राज जोशी भी मुखानी थाना क्षेत्र में फड़ लगाकर सब्जी बेचता था। जिसके बाद पुलिस ने रविवार से शहर में और खासतौर पर ज्वैलरी शॉप के आस-पास फड़-ठेले लगाने वालों की जांच शुरू कर दी है।



# गुप्ता कम्पाउंड में पेयजल संकट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गुप्ता कंपाउंड समेत राजपुरा क्षेत्र के कुछ हिस्सों में लंबे समय से व्याप्त पेयजल संकट को लेकर लोगों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। ठंड के मौसम में पानी की किल्लत से परेशान स्थानीय लोगों ने युकां नेता हेमंत साहू की अगुवाई में जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने विभागीय अधिकारियों का घेराव कर नाराजगी जताई। इस दौरान हेमंत साहू ने कहा कि गुप्ता कम्पाउंड समेत राजपुरा के कई इलाकों में पिछले करीब एक माह से पेयजल संकट बना हुआ है। रानीबाग की ओर से आने वाली पेयजल लाइन तिकोनिया चौराहे के आसपास कहीं टूट गई है, लेकिन जल संस्थान अब तक उस लाइन को खोजने में विफल रहा है। इसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है और उन्हें बूंद-बूंद पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही टूटी हुई लाइन को खोजकर पेयजल व्यवस्था सुचारू नहीं की गई तो क्षेत्रवासी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन करने वालो में राजकुमार केसरवानी, किशोरी लाल, सुनीता देवी, पोसखी देवी, मुस्कान, नीलम, अर्चना गुप्ता, जया, सविता खन्ना, राजकुमारी देवी, रजनी गुप्ता, मदन वाल्मीकि, दया गुप्ता, मुन्नी गुप्ता आदि शामिल रहे।



# पारस्परिक स्थानांतरण न होने पर शिक्षकों में बेचैनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्राथमिक शिक्षकों के पारस्परिक स्थानांतरणों पर 3 माह बीतने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने से संबंधित शिक्षकों में भारी बेचौनी का माहौल बन गया है। उनका धैर्य धीरे-धीरे जवाब दे रहा है। इस संदर्भ में प्राथमिक शिक्षक संघ ने सरकार और विभाग को ज्ञापन भेजकर शीघ्र स्थानांतरण सूची जारी करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2025 में महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा द्वारा प्रारंभिक शिक्षा में कार्यरत शिक्षकों के पारस्परिक स्थानांतरण को लेकर उत्तराखंड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानांतरण अधि. नियम 2017 की धारा-27 के तहत निर्देश जारी किए गए थे। इसके तहत प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने सभी जनपदों से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन मांगे थे। सितंबर माह तक सभी जनपदों ने आवेदन संकलित कर स्क्रूटनी के बाद स्थानांतरण के लिए पात्र शिक्षकों की सूचियां भी जारी कर दी थीं, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई न होने से प्रदेशभर के शिक्षकों में उहापोह की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने एक बार फिर सरकार और विभाग को ज्ञापन भेजते हुए शीघ्र ही कार्रवाई की मांग की है।

# आर्यन व रामराज ने जीता मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रिकेट एसोसिएशन आफ बागेश्वर के तत्वावधान में आयोजित अंडर-19 का जिला क्रिकेट लीग मैच मंगलवार को गौलापार के एमएस क्रिकेट ग्राउंड तथा वैंडी क्रिकेट ग्राउंड गौलापार में खेले गए। पहले मैच में आर्यन क्रिकेट क्लब तथा सनराइज क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। आर्यन क्रिकेट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 37 ओवरों में अपने सभी विकेट खोकर 198 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइज क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 28 ओवर में 103 रनों पर धराशायी हो गई, और आर्यन क्रिकेट क्लब 95 रनों से मुकाबला जीता। जबकि दूसरा मैच रामराज क्रिकेट क्लब तथा प्लेफिट क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। खराब मौसम के कारण मैच 20-20 ओवरों का खेला गया। जिसमें रामराज क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते अपने निर्धारित 20 ओवरों में 233 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्लेफीट की पूरी टीम 18 ओवर एक बॉल में 88 रनों पर ढेर हो गई, और रामराज क्रिकेट क्लब ने 135 रनों से यह मैच जीत लिया। इस मौके पर क्रिकेट एसोसिएशन आफ बागेश्वर के संरक्षक हरीश रावल, अध्यक्ष राम चन्द्र पाण्डेय, कोषाध्यक्ष रमेश लो. हनी, सचिव रमेश दानू सहसचिव प्रदीप गढ़िया, लीग कोओर्डिनेटर सुरेश सोनियाल मौजूद रहे।

### सीनियर जिला क्रिकेट लीग 29 से

**हल्द्वानी।** डिस्ट्रिक्ट नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन 29 दिसंबर से किया जाएगा। प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नैनीताल जनपद के सभी इच्छुक खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं। इस लीग प्रतियोगिता के माध्यम से नैनीताल जिले की क्रिकेट टीम का चयन किया जाएगा, जो उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर्जनपदीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस प्रतियोगिता के आधार पर सत्र 2026-27 के लिए उत्तराखंड की रणजी टीम, विजय हजारे टीम और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

# चार साहिबजादों की शहीदी का इतिहास बच्चों को बताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चार साहिबजादो की शहीदी को समर्पित एक कार्यक्रम सिख फेडरेशन हल्द्वानी की और से मंगलवार को इंस्पिरेशन स्कूल में आयोजित किया गया। इसमें छोटे बच्चों ने 6 पोह से लेकर 13 पोह तक का गुरु गोबिंद सिंह जी के बच्चों की शहीदी का इतिहास प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की प्रस्तुति जसकीरत सिंह, हरगुन कौर, गुरनूर कौर, गुरकीरत सिंह, समरीन कौर, जयकरण सिंह, हरलीन कौर और भवजोत सिंह ने की। सिख फेडरेशन ने कार्यक्रम के लिए दीपक बल्यूटिया और पूरे स्कूल प्रशासन का आभार जताया। इस दौरान हरलीन कौर, बलजीत कौर, गुनीत कौर, अमितोज कौर, तरनप्रीत कौर, सिख फेडरेशन हल्द्वानी से गुरप्रीत सिंह प्रिंस, गगनदीप को. हली, मनप्रीत नागपाल, कुलबीर सिंह, तरन बिंद्रा, मनमीत कपूर, विक्की नरूला, जसकरन चड्डा, मनप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।



# धौलाखेड़ा में 'सपनों की उड़ान'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र धौलाखेड़ा में ब्लॉक स्तरीय सपनों की उड़ान कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह ने किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रतियोगिताओं से बच्चों में छिपी प्रतिभा सामने आती है और उन्हें अपनी क्षमताओं को निखारने का अवसर मिलता है। सपनों की दौड़ प्रतियोगिता में चंद्र कुमार जूनियर हाई स्कूल कुंवरपुर प्रथम, मितेश प्राथमिक विद्यालय मोतीनगर व अंजली आर्य प्राथमिक विद्यालय जयपुर पाडली तृतीय स्थान पर रहे। लोक नृत्य में प्राथमिक विद्यालय दीना ने प्रथम, प्राथमिक विद्यालय उदयलालपुर ने द्वितीय व प्राथमिक विद्यालय कठघरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोक वाद्य यंत्र सहित लोक गायन में प्रथम स्थान पर पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दौलिया, द्वितीय राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवलचौड़ व तृतीय राजकीय प्राथमिक विद्यालय नवाडखेड़ा कालोनी रहे। आदर्श एसएमसी में पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कालेज दौलिया पहला, प्राथमिक विद्यालय उदय लालपुर ने दूसरा व प्राथमिक विद्यालय देवलचौड़ ने तीसरा स्थान हासिल किया। नुक्कड़ नाटक में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज किशनपुर प्रथम, जूनियर हाईस्कूल कठघरिया द्वितीय व राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलबाबा तृतीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डिकर सिंह पडियार एवं मीनाक्षी बिनवाल ने किया। इस दौरान राहुल आगरी, कमलेश सुयाल, हिमांशु रोतेला, भुवन गुणवंत, पूर्णिमा कांडपाल, कुसुमलता मुरारी, रश्मि डालाकोटी, उमा कार्की, सरस्वती आर्या, प्रकाश चंद्र, आशीष बिष्ट, वीना पडलिया, पूर्णिमा टम्टा, सपना महतो. लिया, दीपाली पांडे, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।



# डा. गणेश सिंह धर्मशक्तू को सीनियर इनलैंड फेलोशिप सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के अस्थि रोग (ऑर्थोपेडिक्स) विभाग के प्रो. डा. गणेश सिंह धर्मशक्तू ने एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि अर्जित कर संस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। डा. गणेश सिंह को हाल ही में गुवाहाटी में आयोजित ऑर्थोपेडिक्स के राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रतिष्ठित सीनियर इनलैंड फेलोशिप-2025 से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर तैयार की गई मेरिट सूची के आधार पर किया जाता है, जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियाँ, शोध कार्य, प्रकाशित शोध-पत्र, वैज्ञानिक लेखन एवं व्याख्यानों की गुणवत्ता को प्रमुख मानदंड माना जाता है। देशभर से चयनित अत्यंत सीमित एवं उत्कृष्ट प्रतिभागियों को ही यह प्रतिष्ठित फेलोशिप प्रदान की जाती है। सम्मान प्राप्त होने पर डा. गणेश सिंह ने उत्तराखंड ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. पुनीत अग्रवाल सहित चयन समिति का आभार व्यक्त किया। प्राचार्य डा. जीएस तितियाल ने इस उपलब्धि पर डा. गणेश सिंह को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पहली बार रैंकिंग में शीर्ष पर दीप्ति




● **दीप्ति ने 130 टी-20 मैचों में 18.99 की औसत से 6.11 की इकॉनमी रेट से 148 विकेट लिए है रेणुका सिंह ठाकुर दूसरी सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज**

**दुबई, वार्ता।** मंगलवार को जारी नई रैंकिंग में, श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज के पहले मैच में शर्मा के 1/20 के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड से एक रेटिंग अंक से आगे पहुंचा दिया। दीप्ति के पास टी-20 क्रिकेट में गेंदबाजी के लिए 737 रेटिंग प्वाइंट्स हैं। यह फॉर्मेट एलए 2028 ओलंपिक का हिस्सा बनने वाला है, जो गेम्स में इस खेल की वापसी का प्रतीक है। दीप्ति ने टी-20 के सबसे छोटे फॉर्मेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 130 टी-20 मुकाबलों में 18-99 की औसत और 6.11 की इकॉनमी रेट से 148 विकेट अपने नाम किए हैं। इस लिस्ट में रेणुका सिंह ठाकुर दूसरी सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज हैं, उन्होंने 14वें स्थान पर अपनी जगह बनाई।

दीप्ति की ऑलराउंडर क्षमता भी उतनी ही दमदार है। वह वर्तमान में महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय ऑलराउंडर रैंकिंग में वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर के बाद तीसरे स्थान पर काबिज हैं। महिला वनडे विश्व कप 2025 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने जाने के बाद, दीप्ति शर्मा 50 ओवर के फॉर्मेट में गेंदबाजों में पांचवें और ऑलराउंडरों में चौथे स्थान पर काबिज हैं। महिला टी-20 बैटिंग रैंकिंग में, स्मृति मंधाना शीर्ष पांच में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वर्ल्ड रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं। रविवार को विशाखापत्तनम में खेले गए पहले भारत-श्रीलंका मैच में भारत की प्लेयर ऑफ द मैच रहीं जेमिमा रोड्रिग्स पांच पायदान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं। पुरुष टी-20 रैंकिंग में भारत का जलवा बरक. रार है, जहां अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी में पहले और वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजी में पहले स्थान पर बने हुए हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल में भारत की जीत के स्टार खिलाड़ी तिलक वर्मा बल्लेबाजों में चौथे स्थान पर हैं, जबकि हार्दिक पांड्या विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर रहकर भारत के सर्वश्रेष्ठ टी-20 ऑलराउंडर बने हुए हैं। टी-20 टीम रैंकिंग में भारतीय मेंस टीम वर्ल्ड रैंकिंग में पहले स्थान पर है, जबकि महिला टीम तीसरे स्थान पर है।

# एफआईएच विश्व रैंकिंग में 8वें स्थान पर फिसला भारत, महिला टीम 10वें स्थान पर

● **महिलाओं की रैंकिंग में नीदरलैंड 3809 पांइट्स के साथ प्रथम स्थान पर**

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** भारत 2025 की शुरुआत पांचवें स्थान पर करने के बाद साल के अंत तक जाते-जाते एफआईएच विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर फिसल गया है जबकि महिला टीम 10वें स्थान पर है। 2025 में इंटरनेशनल हॉकी ने टॉप लेवल के एक्शन का एक लगातार कैलेंडर पेश किया।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग की लड़ाइयों से लेकर नेशंस कप और नेशंस कप 2 के रोमांच के साथ-साथ सभी महाद्वीपों में कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप तक - जिससे एफआईएच वर्ल्ड रैंकिंग में बड़े बदलाव हुए। पुरुषों और महिलाओं दोनों के खेल में, जानी-मानी टीमों ने अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि उभरती हुई टीमों ने महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। महिलाओं की रैंकिंग में, नीदरलैंड्स (3809) जिसने साल की शुरुआत टॉप स्थान पर की थी, उसने पूरे साल अपनी पकड़ बनाए रखी, एक और शानदार सीजन के साथ जिसमें उन्होंने प्रो लीग और यूरोहॉकी चैंपियनशिप में चैंपियनशिप जीतकर अपनी कैबिनेट में और ट्रॉफियां जोड़ीं, जबकि अर्जेंटीना (3326), बेल्जियम (3109) और चीन (2977) ने शानदार कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप और प्रो लीग अभियानों के साथ क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर बने रहे, जहां से उन्होंने साल की शुरुआत की थी। स्पेन (2777) टॉप-10 रैंकिंग में साल के सबसे बड़े फायदे में रहने वालों में से है, क्योंकि वे पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि साल की शुरुआत आठवें स्थान पर की थी! स्पेन की यह बढ़त ऑस्ट्रेलिया (2758), जर्मनी (2734) और इंग्लैंड (2510) की कीमत पर हुई है, जो सभी एक-एक स्थान नीचे गिर गए हैं, और साल का अंत छठे, सातवें और आठवें स्थान पर किया है। न्यूजीलैंड (2319) जिसने 2025 में महिलाओं का एफआईएच हॉकी नेशंस कप और ओसनिया कप जीता था, वह भारत (2315) से ऊपर नौवें स्थान पर पहुंच गया है, जिसे 2025 में प्रो लीग से बाहर होना पड़ा था। जापान (2186) और संयुक्त राज्य अमेरिका (2172) दो स्थान ऊपर चढ़कर ग्यारहवें और बारहवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि आयरलैंड (2030) और चिली (1999) तेरहवें और पंद्रहवें स्थान पर आ गए हैं, स्कॉटलैंड (2015) चौदहवें स्थान पर है। कोरिया (1864) सोलहवें स्थान पर बना हुआ है, उसके बाद फ्रांस (1742) है जिसकी एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2 में जीत ने उसे तीन स्थान ऊपर चढ़ने में मदद की। इटली (1737), उरुग्वे (1736) और दक्षिण अफ्रीका (1670) टॉप-20 में शामिल हैं।

## नेरेस के दो गोल की मदद से नेपोली ने इटेलियन सुपर कप का खिताब जीता

**रियाद, वार्ता।** डेविड नेरेस के दो गोल की मदद से नेपोली ने सोमवार को बोलोग्ना को 2-0 से हराकर अपना तीसरा इटेलियन सुपर कप खिताब जीता। नेपोली ने 39वें मिनट में स्कोरिंग शुरू की जब नेरेस ने पेनल्टी एरिया के बाहर थ्रो-इन पर कंट्रोल किया और फिर टॉप कॉर्नर में एक शानदार शॉट मारा। घंटे भर बाद ब्राज़ीलियन ने बढ़त दोगुनी कर दी, बोलोग्ना के बॉक्स के अंदर कब्ज़ा हासिल किया और आगे बढ़ते गोलकीपर को छकाते हुए एक टाइट एंगल से गोल किया। इस जीत से नेपोली को अपना तीसरा सुपरकोपा इटेलियन खिताब मिला, इससे पहले उन्होंने 1990 और 2014 में ट्रॉफी जीती थी। 2023 से, इटेलियन सुपर कप चार टीमों के फॉर्मेट में खेला जाता है, जिसमें सीरी ए चैंपियन और रनर-अप के साथ-साथ कोपा इटालिया के विजेता और रनर-अप शामिल होते हैं।

**खेल विशेष**

## हरमनप्रीत, सविता सलीमा सूरमा हॉकी के कप्तान बने रहेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** सूरमा हॉकी क्लब ने हॉकी इंडिया लीग के आने वाले सीजन के लिए अपनी लीडरशिप टीम को बरक. रार रखा है। क्लब ने घोषणा की है कि हरमनप्रीत सिंह पुरुषों की टीम के कप्तान बने रहेंगे, जबकि सीनियर गोलकीपर सविता व मिडफील्डर सलीमा टेटे एक बार फिर महिलाओं की टीम की सह-कप्तान होंगी। सूरमा हॉकी क्लब की प्रेस रिलीज के अनुसार, हरमनप्रीत की लीडरशिप और प्रभाव एसएचसी की योजनाओं के लिए बहुत ज़रूरी हैं। अपने डिफेंस में शांत स्वभाव और खतरनाक ड्रैग फ्लिकिंग क्षमता के लिए मशहूर, भारतीय राष्ट्रीय टीम के कप्तान ने पिछले सीजन में हॉकी इंडिया लीग में पुरुषों की टीम को तीसरा स्थान दिलाया था। ओलंपिक और एशियाई खेलों के मेडल्स सहित एक शानदार इंटरनेशनल करियर के साथ, हरमनप्रीत का अनुभव व दबाव में शांत रहने की क्षमता टीम को स्थिरता और अटैकिंग बढ़त दोनों देती है। एक बार फिर टीम की कप्तानी करने पर अपनी खुशी ज़ाहिर करते हुए हरमनप्रीत ने कहा कि इस टीम की कप्तानी करना हमेशा एक खास एहसास होता है। पिछले सीजन में तीसरे स्थान पर रहने से पता चला कि हम क्या कर सकते हैं, और हमने उससे बहुत आत्म विश्वास लिया है। टीम और करीब और मजबूत हुई है, और मुझे सच में विश्वास है कि हमारे पास सर्वश्रेष्ठ टीमों को चुनौती देने के लिए सही मिश्रण है। हम पूरी तरह से फोकस्ड, मोटिवेटेड हैं, और इस सीजन में जब हम मैदान पर उतरेंगे तो सब कुछ देने के लिए तैयार हैं। महिलाओं की टीम में, पिछले सीजन में मजबूत रनर-अप रहने के बाद सविता व सलीमा की लीडरशिप जोड़ी को बरकरार रखा गया है। सविता की निरंतरता और पीछे से लीडरशिप, सलीमा की मिडफील्ड में एनर्जी व क्रिएटिविटी के साथ मिलकर, टीम के प्रदर्शन की रीढ़ बनी है।

# महिला घरेलू क्रिकेट में मैच फीस दोगुना से ऊपर हुई

● **रिजर्व खिलाड़ियों को प्रतिदिन 25000 रुपये देने का बीसीसीआई ने लिया फैसला खेलेने वाले खिलाड़ियों के लिए फीस 50000 रुपये प्रतिदिन कर दी गई है**

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने महिला घरेलू क्रिकेट में मैच फ़ीस बढ़ा दी है। सीनियर प्रतियोगिताओं में पहली एकादश में खेलने वाली खिलाड़ियों के लिए यह फ़ीस 20,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये प्रति दिन कर दी गई है।

यह फ़ैसला सोमवार को मुंबई में हुई एपेक्स काउंसिल की बैठक में लिया गया। रिज़र्व खिलाड़ियों को इसका आधा यानी 25,000 रुपये प्रति दिन मिलेगा। आयु-वर्ग स्तर पर भी संशोधन किया गया है, जहां पहली एकादश का हिस्सा बनने वाली खिलाड़ियों को 25,000 रुपये प्रति दिन और रिज़र्व खिलाड़ियों को 12,500 रुपये प्रति दिन मिलेंगे। अब तक आयु-वर्ग की खिलाड़ी अगर एकादश में होती थीं तो उन्हें 10,000 रुपये प्रति दिन, जबकि रिज़र्व खिलाड़ियों को 5,000 रुपये मिलते थे।

इस फ़ीस ढांचे के तहत अगर कोई खिलाड़ी फ़ाइनल समेत सभी लीग मैच खेलती थी, तो पूरे सीजन में उसे कुल मिलाकर थोड़ा सा 2 लाख रुपये से ज्यादा मिलते थे। अब यह राशि बढ़कर लगभग 5 लाख रुपये हो जाएगी। ये बदलाव भारत की ऐतिहासिक वनडे विश्व कप जीत के बाद घरेलू क्रिकेट को मज़बूत करने के बीसीसीआई के निरंतर प्रयासों का हिस्सा हैं।

साथ ही सिस्टम के भीतर लंबे समय से मैच फ़ीस की समीक्षा की मांग भी उठ रही थी। ईएसपीएन क्रिकइंफो की समझ के मुताबिक, कई शीर्ष राज्य कोचों और खिलाड़ियों ने आंत. रिक रूप से इस बदलाव का अनुरोध किया था।

जूनियर स्तर पर वेतन में संशोधन युवा लड़कियों के बीच खेल में बढ़ती रुचि का नतीजा है, खासकर तब, जब भारत ने लगातार दो अंडर-19 विश्व कप खिताब जीते हैं। साल 2022 में बीसीसीआई ने महिला राष्ट्रीय टीम की मैच फ़ीस को पुरुष खिलाड़ियों के बराबर कर दिया था। इसके तहत टेस्ट खेलने वाली खिलाड़ियों को प्रति मैच 15 लाख रुपये, जबकि वनडे और ज्20ए मैचों के लिए क्रमशः 6 लाख और 3 लाख रुपये मिलने लगे थे।

## कमिंस और लियोन मेलबर्न टेस्ट से बाहर स्मिथ करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए कप्तान पैट कमिंस और अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन के बिना मैदान पर उतरेगा, क्योंकि मेजबान टीम ने एशेज सीरीज के चौथे मैच के लिए 15 सदस्यों की टीम का ऐलान कर दिया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ को कप्तान बनाया गया है, जबकि ऑफ-स्पिनर टॉड मर्फी और तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन को टीम में शामिल किया गया है। चौथा टेस्ट 26 दिसंबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होगा, जिसमें एडिलेड में 82 रन की जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया पहले ही 3-0 की अजेय बढ़त बना चुका है।

# एक ओवर में पांच विकेट लेकर इंडोनेशिया के गीड़ ने रचा इतिहास

● **ऐसा करने वाले गीड दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए है**




**बाली, वार्ता।** इंडोनेशिया के 28 वर्षीय दाएं हाथ के तेज गें. दबाज़ गीड प्रियांदना ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच (जहां फ़ॉल-ऑफ़-विकेट्स का आंकड़ा उपलब्ध है) के एक ओवर में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज (पुरुष या महिला क्रिकेट मिलाकर) बन गए हैं।


उन्होंने यह कारनामा मंगलवार को बाली में कंबोडिया के खलिफ पहले टी-20 में किया। प्रियांदना ने यह कारनामा तब किया, जब 168 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही कंबोडिया की टीम 15 ओवर में पांच विकेट पर 106 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। अपना पहला ओवर डालते हुए प्रियांदना ने पहली तीन गेंदों पर लगातार विकेट लेकर हैट्रिक पूरी की। उन्होंने इस क्रम में शाह अबरार हुसैन, निर्मलजीत सिंह और चंथोउन रथानक को पवेलियन भेजा। इसके बाद उन्होंने एक डॉट गेंद फेंकी और फिर मोंगदारा सॉक को आउट किया। इसके बाद उन्होंने एक वाइड फेंकने के बाद पेल वेननक को आउट कर मैच समाप्त कर दिया। इस ओवर में कंबोडिया सिर्फ़ एक रन ही बना सकी, जो अंतिम दो विकेटों के बीच आई एक वाइड से आया और उनकी टीम 60 रन से यह मैच हार गई। प्रियांदना ने इससे पहले पारी की शुरुआत करते हुए धर्मा केसुमा के साथ 11 गेंदों में 6 रन भी बनाए थे। विकेटकीपर बल्लेबाज़ केसुमा ने इंडोनेशिया के लिए बल्लेबाज़ी का नेतृत्व किया और 68 गेंदों में नाबाद 110 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और छह छक्के शामिल थे। हालांकि पुरुष टी-20 क्रिकेट में यह कारनामा इससे पहले दो बार हो चुका है। अल-अमीन हुसैन ने 2013-14 में विक्ट्री डे टी-20 कप में यूसीबी-बीसीबी एकादश की ओर से खेलते हुए अबाहानी लिमिटेड के खिलाफ एक ओवर में पांच विकेट लिए थे।

# रोहित शर्मा ने स्ट्रेंजर थिंग्स फिनाले के लिए नेटफ्लिक्स प्रोमो में जलवा बिखेरा

**मुंबई, वार्ता।** नेटफ्लिक्स ने स्ट्रेंजर थिंग्स 5 के बहुप्रतीक्षित फिनाले के लिए भारतीय क्रिकेट सुपरस्टार रोहित शर्मा को वॉल्यूम 2 की रिलीज से पहले एक खास प्रमोशनल वीडियो में शामिल करके चर्चा बढ़ा दी है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने मंगलवार को भारतीय कप्तान का एक नया प्रोमो जारी किया, जिसमें क्रिकेट की दुनिया को हॉकिन्स के सुपरनैचुरल ड्रामा के साथ मिलाया गया है।

क्लिप में रोहित शर्मा एक लॉकर रूम में अपने साथियों से बात करते दिख रहे हैं, जहां शुरुआत में माहौल आरामदायक और मज़ेदार है। लीडर मोड में आते हुए, क्रिकेटर सभी से फाइनल लड़ाई नज़दीक आने पर फोकस करने के लिए कहते हैं। ध्यान से सुनो। फिनाले आ रहा है। शर्मा ग्रुप से कहते हैं। सिर्फ़ आपका करियर ही नहीं, आपकी पूरी ज़िदगी उलट-पुलट हो सकती है। क्रिकेट की रणनीति और शो के मुख्य टकराव के बीच समानताएं बताते हुए, शर्मा अपनी टीम को षविपक्षीष की अप्रत्याशित प्रकृति के बारे में चेतावनी देते हैं। विपक्षी कहीं से भी हमला कर सकता है, ज़मीन से, दीवार से, या छत से भी वह कहते हैं, जो स्ट्रेंजर थिंग्स यूनिवर्स को परिभाषित करने वाले डरावने खतरों का ज़िक्र करते हैं। प्रोमो में शर्मा को एक खास किट का अनावरण करते हुए भी दिखाया गया है, साथ ही वह जो कीरी द्वारा निभाए गए फैन-फेवरेट कैरेक्टर स्टीव हैरिंगटन का भी ज़्क्रि करते हैं। जब विपक्षी के बारे में पूछा जाता है, तो शर्मा मुस्कुराते हुए पंचला. इन देते हैं कि वही आदमी जो लोगों को पतंग की तरह उड़ाता है, वेकना। तैयार हो जाओ, लड़कों।

# कोहली का विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबला चिन्नास्वामी से सीओई हुआ स्थानांतरित



**बेंगलुरु, वार्ता।** सुरक्षा कारणों के चलते कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी के सभी मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से हटाकर बीसीसीआई के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (सीओई) में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन मैचों में बुधवार को दिल्ली और आंध्र के बीच होने वाला उद्घाटन मुक़ाबला भी शामिल है, जिसमें विराट कोहली और पंत खेलते हुए नज़र आएंगे।

केएससीए को इस देर से हुए घटनाक्रम की जानकारी मंगलवार सुबह कर्नाटक के गृह मंत्रालय की ओर से दी गई। यह दो सप्ताह के भीतर मैदान में किया गया दूसरा बदलाव है। इससे पहले केएससीए ने लॉजिस्टिक और सुरक्षा चुनौतियों के कारण कोहली और पंत से जुड़े कम से कम कुछ मैच अलूर से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में स्थानांतरित किए थे। दिल्ली और आंध्र दोनों टीमों को इस नए फ़ैसले की जानकारी उनके अभ्यास सत्र से पहले दे दी गई है। अभ्यास सत्र भी अब सीओई में ही होगा। लॉजिस्टिक्स की ज़िम्मेदारी संभाल रहीं केएससीए को यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि बेंगलुरु में होने वाले सभी मैच बंद दरवाज़ों के पीछे खेले जाएं। बेंगलुरु पुलिस ने एयरोस्पेस पार्क के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया है, जहां सीओई स्थित है। सीओई इससे पहले भी बंद दरवाज़ों के पीछे दलीप ट्रॉफ़ी, महिला विश्व कप के अभ्यास मैच और भारत 'ए' द. अफ्रीका ए के बीच हुई सीरीज की मेजबानी कर चुका है। केएससीए ने इससे पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में को. हली और पंत से जुड़े मैचों के आयोजन को लेकर भरोसा जताया था। उन्होंने आम दर्शकों के लिए दो स्टैंड खोलने की संभावना भी जताई थी, जिनमें पूरी क्षमता होने पर 2000 से 3000 दर्शक बैठ सकते थे। हालांकि, इस प्रस्ताव को सरकार की ओर से कड़ा विरा. ेध झेलना पड़ा। सरकार ने संभावित सुरक्षा और अनुपालन संबंधी मुद्दों का हवाला दिया, जबकि चिन्हित किए गए कई क्षेत्रों में सुधार का काम अभी जारी है। क्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक, राज्य सरकार छुट्टियों के मौसम में चिन्नास्वामी स्टेडियम के आसपास किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचना चाहती थी। सोमवार को कर्नाटक सरकार द्वारा गठित एक समिति ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण किया और एक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# पीएम से मिले ओलंपियन नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी



**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर ने मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने उनके आवास पर हुई इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में फोटो साझा करते हुए यह जानकारी दी। श्री मोदी ने कहा कि आज सुबह 7 लोक कल्याण मार्ग पर नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर से मुलाकात हुई। हमने खेलों के साथ-साथ विभिन्न विषयों पर बातचीत की। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के शुरू में श्री मोदी ने फिटनेस को बढावा देने के नीरज चोपड़ा के प्रयासों की सोशल मीडिया पर काफी सराहना की थी। फिट इंडिया योजना के महत्व पर नीरज चोपड़ा के लेख पर प्रतिक्रिया करते हुए श्री मोदी ने कहा था कि यह दूरदर्शी और प्रेरक लेख मोटापे से लड़ने और स्वस्थ रहने की जरूरत पर बल देता है।

# 2026 में भारत के पास टी-20 विश्व कप व एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतना का होगा मौका

**भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम 2026 की शुरआत न्यूजीलैंड के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज से करेगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम का 2026 का शेड्यूल रोमांचक मुकाबलों और बड़े टूर्नामेंट्स से भरा है। इस साल पुरुष और महिला टी-20 विश्व कप के साथ-साथ एशियाई खेल प्रमुख आकर्षण होंगे। इसके अलावा भारत की सभी फॉर्मेट में द्विपक्षीय सीरीज की पूरी सूची भी शामिल है। चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप में जीत के साथ 2025 की शानदार सफलता के बाद, भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम 2026 की शुरुआत जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू व्हाइट-बॉल सीरीज से करेगी। इस सीरीज में पांच टी-20 और तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे।

इसके बाद फरवरी-मार्च में घरेलू मैदान पर होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 खेला जाएगा, जहां सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम 2024 में रोहित शर्मा की अगुवाई में जीते गए खिताब को डिफेंड करेगी। पिछली बार जब भारत ने पुरुष टी-20 विश्व कप की मेजबानी की थी, तब वेस्टइंडीज ने 2016 में खिताब जीता था। सेमीफाइनल में भारत को विजेता वेस्ट इंडीज से हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल 2026 का दबदबा मार्च से मई तक भारत के क्रिकेट कैलेंडर पर रहेगा, इस दौरान कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच निर्धारित नहीं है। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के हिस्से के रूप में कम से कम चार रेड-बॉल मैच खेलेगी, जिसमें साल के दूसरे हिस्से में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ दो-दो टेस्ट मैच की अवे सीरीज शामिल हैं। वहीं, डब्ल्यूपीएल पिछले साल की तरह फरवरी-मार्च के बजाय जनवरी-फरवरी में आयोजित होने वाली है। महिला क्रिकेट लीग (डब्ल्यूपीएल) के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी, जहां वह सभी प्रारूपों के टूर्नामेंट खेलेगी। इसके बाद जून-जुलाई में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 में भारत प्रतिस्पर्धा करेगा। टी-20 विश्व कप के बाद, भारत और इंग्लैंड लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाने वाले पहले वूमेंस टेस्ट मैच में खेलकर इतिहास रचेंगे। इस मैदान पर वर्ल्ड कप फाइनल सहित कई हाई-प्रोफाइल क्रिकेट मैच खेले जा चुके हैं। हालांकि, लॉर्ड्स में पहली बार महिला टेस्ट मैच होगा। भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमें 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची और नागोया में आयोजित होने वाले एशियन गेम्स 2026 में अपने गोल्ड मेडल को डिफेंड करने की कोशिश करेगी।

## नेमार की घुटने की सर्जरी सफल रही

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** ब्राज़ीलियाई सीरी ए क्लब सैंटोस ने बताया कि सैंटोस के फॉरवर्ड नेमार की बाएं घुटने में फटे मेनिस्कस को ठीक करने के लिए सर्जरी सफल रही। ब्राज़ील की नेशनल टीम के डॉक्टर रोड्रिगो लास्मार ने दक्षिणी शहर बेलो हो. रिज़ोंटे के माटर देई नोवा लीमा अस्पताल में आर्थ्रोस्कोपी की। सैंटोस की आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया कि सर्जरी सफल रही, और खिलाड़ी ठीक है। इसमें आगे कहा गया कि 33 वर्षीय खिलाड़ी को सोमवार दोपहर को छुटी दे दी गई और वह फिजियोथेरेपिस्ट राफेल मार्टिनी के कोऑर्डिनेशन में तुरंत अपना रिहैबिलिटेशन प्रोसेस शुरू करेंगे। इस महीने की शुरुआत में, नेमार ने खुलासा किया था कि उन्होंने 2025 ब्राज़ीलियाई सीज़न का दूसरा हाफ चोट के साथ खेला था, लेकिन सैंटोस को रेलिगेशन से बचाने में मदद करने के लिए दर्द के बावजूद खेलने का फैसला किया।

# 'जश्न मनाओ, लेकिन मर्यादा के साथ': सरफराज



इस्लामाबाद, वार्ता। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और अंडर-19 टीम के मौजूदा मेंटर सरफराज अहमद ने कहा है कि उन्होंने अपने खिलाड़ियों से भारत पर एशिया कप की जीत का जश्न सम्मान और खेल भावना के साथ मनाने और वैसा व्यवहार न करने का आग्रह किया जैसा उनके विरोधियों ने किया था।

सरफराज फाइनल के एक वायरल वीडियो के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें उन्हें अपने खिलाड़ियों से यह कहते हुए सुना गया कि अगर भारत के खिलाड़ी हद पार भी करें तो भी वे बदतमीजी न करें। फाइनल के दौरान दोनों टीमों ने हाथ नहीं मिलाए, जैसा कि मई में दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव के बाद से सभी स्तरों पर दोनों टीमों के बीच आम बात हो गई है। वैभव सूर्यवंशी एक गरमागरम ऑन-फील्ड पल में शामिल थे, जब अली रजा द्वारा आउट होने के बाद, उन्होंने मैदान से बाहर जाते समय अपने जूते की ओर इशारा किया। सरफराज ने अपने जवाब में उस घटना का जिक्र किया। मैंने उन भारतीय टीमों के खिलाफ खेला है जो क्रिकेट को क्रिकेट के तौर पर लेती थीं (और कुछ नहीं)। मैंने बाहर से देखा कि खेल के प्रति उनका व्यवहार अच्छा नहीं था। और उनके एक खिलाड़ी ने ऐसा इशारा किया जो आप सभी ने स्क्रीन पर देखा। मुझे लगता है कि वह अनुचित था। अगर आपको कोई दिक्कत है। हमने बहुत क्रिकेट खेला है और अगर मैदान पर कुछ कहा जाता है तो आप जवाब दे सकते हैं। लेकिन वह एक अनुचित जवाब था। जहां तक वीडियो की बात है, मैंने बस अपने खिलाड़ियों से कहा कि हमें जश्न मनाना चाहिए लेकिन मर्यादा के साथ। वे जो कर रहे हैं, हमें वह नहीं करना चाहिए। हमें खेल भावना दिखानी चाहिए। हमें शांत रहना चाहिए और अपनी टीम का साथ देना चाहिए और उन्हें वही करने देना चाहिए जो वे कर रहे हैं। पाकिस्तान ने दुबई में फाइनल 191 रनों से जीता और लौटने के बाद से उनका ज़ोरदार स्वागत हुआ।

## पीसीबी अंडर-19 भारतीय खिलाड़ियों के अनैतिक आचार संहिता को लेकर आईसीसी से संपर्क करेगा

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने सोमवार को घोषणा की कि बोर्ड एसीसी पुरुष अंडर-19 एशिया कप 2025 के फाइनल के दौरान भारतीय खिलाड़ियों के भड़काऊ व्यवहार के बारे में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) से संपर्क करेगा, जियो न्यूज़ ने रिपोर्ट किया। पाकिस्तान ने टाइटल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को आईसीसी अकादमी में भारत को 191 रनों से हराकर चैंपियनशिप जीत ली। प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ द्वारा विजयी पाकिस्तान अंडर-19 टीम को बधाई देने के लिए आयोजित एक रिसेप्शन में बोलते हुए, नकवी ने आरोप लगाया कि भारतीय खिलाड़ियों ने फाइनल के दौरान अपने पाकिस्तानी समकक्षों को बार-बार उकसाया। नकवी ने कहा कि अंडर 19 एशिया कप फाइनल में भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तानी खिलाड़ियों को उकसाते रहे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस घटना के बारे में आईसीसी को सूचित करेगा कि और कहा कि राजनीति और खेल को अलग रखा जाना चाहिए।

### समाजसेवियों व राजनीतिज्ञों ने किसान दिवस के रूप में मनाई स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती

# गरीब व किसानों के असली मसीहा थे पूर्व प्रधानमंत्री: काजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर विधायक काजी निजामुद्दीन ने आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 123 वी किसान दिवस के रूप में उनकी जयंती मनाई जिसमे मंगलौर विधानसभा के लोग भारी संख्या में इकट्ठा हुए इस मौके पर काजी निजामुद्दीन ने देश की सरकार पर वोट चोरी के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन उनके पिता के समय से मनाया जाता रहा है। साथ ही उन्होंने झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाती द्वारा विधुत विभाग के कर्मचारियों के घरों की बिजली काटे जाने की की सराहना करते हुए कहा कि विधायक का फैसला बहुत ही ठीक रहा अगर अब भी विधुत व्यवस्था नही सुधरी तो आगे बढ़ा आंदोलन भी किया जाएगां

विधायक काजी निजामुद्दीन ने कहा किचौधरी चरण सिंह किसानों व गरीबों के सच्चे मसीहा थे उन्होंने किसान हित में बड़े फैसले लिए और भूमि अधिकार का फैसला भी चौधरी चरण सिंह की ही देन है ।उन्होंने कहा कि हमें चौधरी चरण सिंह के बताए रास्ते पर चलना चाहिएहम उनकेरास्ते पर चलकर ही किसान हितों की रक्षा कर सकते हैं उन्होंने कहा कि वह हमेशा किसान हितेश ही रहे हैं उन्होंने हमेशा किसानों की लड़ाई लड़ी है सड़क से लेकर विधानसभा तक वह किसानों के साथ खड़े रहे हैं। झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाती ने ने कहा कि विधुत विभाग के अधिकारी सिर्फ गरीब जनता का शोषण करते है जबकि उद्योगपति को वह गरीबों के हिस्से लाइट बेचने का काम कर रहे हैं ।इस अवसर पर बड़ी तादाद में क्षेत्र के किसान व समाजसेवी और अन्य लोग मौजूद रहे




## चौधरी चरण सिंह किसानों व गरीब लोगों के लिए लड़ते रहे

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**रुड़की।** भारत रत्न महान स्वतंत्रता सेनानी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जयंती इनकी मूर्ति स्थित कर्नल एंक्लेव पर श्रद्धा पूर्वक मनाई गई जिसमें तमाम सामाजिक, राजनीतिक ओर चौधरी साहब के अनुयायी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी रुड़की महानगर अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी एडवोकेट ने चौधरी साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत के किसानों को सबसे बड़ा उपहार देने वाले चौधरी साहब थे जिन्होंने किसानों को भूमि का अधिकार दिया। चौधरी चरण सिंह बहु प्रतिभा के धनी थे वे किसान, अधिवक्ता, स्वतंत्रता सेनानी और राजनीतिज्ञ के साथ अर्थशास्त्री भी थे। पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी विवेक चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह सच्चे, ईमानदार और देशभक्त थे लेकिन आज उनकी जयंती पर केन्द्र सरकार ने उन्हें भुलाते हुए अनदेखा किया है क्योंकि सूचना विभाग द्वारा कोई श्रद्धांजलि आज किसी भी राष्ट्रीय समाचार पत्र में ना छपना इस बात को साबित करता है कि यह सरकार आजाद भारत के सबसे महान किसान मसीहा को भुला देना चाहती है। विवेक चौधरी ने युवाओं से चौधरी साहब के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया । इंद्रजीत सिंह यादव ने कहा कि चौधरी साहब किसान पिछड़ों दलितों और गरीबों के हक के लिए लड़ते रहे और इस ईमानदार नेता कोई दूसरा होना बहुत मुश्किल है।इस अवसर पर बड़ी तार में समाजसेवी व राजनीतिक दलों के नेता भी मौजूद रहे।



## कलियर विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** विधानसभा पिरान कलियर के रामपुर में डांडी वाले ढाल की और राज्य योजना के तहत बनने वाली सड़क का शिलान्यास विधायक हाजी फुरकान अहमद ने फीता काटकर किया।

विधायक हाजी फुरकान अहमद ने बताया कि करीब 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह सड़क इंटर लॉकिंग टाइल्स से बनाई जा रही है।उन्होंने कहा कि यह सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में थी जिससे लोगों को आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क बनने से अब स्थानीय निवासियों को राहत मिलेगी।उन्होंने बताया कि विधानसभा कलियर क्षेत्र के कई अन्य गांवों में भी महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण कराए जाने की योजना जारी है ताकि आमजन को बेहतर परिवहन सुविधा मिल सकें।स्थानीय लोगों ने कहा कि इस मुख्य सड़क की बहुत खराब स्थिति थी जिसके कारण लोगों को लंबे समय से परेशानी उठानी पड़ रही थी। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से अब समस्या दूर होगी।इस मौके पर जुल्फुकर,जाहिद,नईम,छोटा, नवाब,अनीस,जहांगीर,उस्मान,इरफान मौजूद रहें।



## जीवन में चौ. चरण सिंह के विचारों को अपनाएं: भड़ाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** क्षेत्र के किसानो ने चौधरी चरण सिंह की जयंती को राजा महेंद्र प्रताप इंटर कालिज मे बडी धूम धाम के साथ मनाया गया इस मौके पर सैकडो किसानो ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर फूल माला अर्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी किसानो और एक यज्ञ का आयोजन किया गया इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य आर्यव्रत चौधरी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला गया और उन्होंने उनको किसान मसीहा बतया और कहा की सभी किसानो के हितो मे कार्य करते थे पूर्व प्रधानमंत्री इस अवसर पर किसानो तथा कालेज प्रबंधक द्वारा मौजूदा लोगो के लिए लंगर की व्यवस्था आज 23 नवम्बर को राजा महेंद्र इंटर कालेज मे किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती को बडी धूम धाम के साथ मनाया गया! इस अवसर पर मुख्यतिथि करतार सिंह भड़ाना रहे इस मौके पर करतार सिंह भड़ाना के द्वारा इंटर कालिज के प्रागण मे लगी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर फूल मला अर्पण कर लोगो से चौधरी चरण सिंह के विचारों पर चलने की अपील की और कहा की चौधरी चरण सिंह किसानो के मसीहा थे जिन्होंने किसानो के हितो के कार्य किए!

## युवतियां सकुशल बरामद, आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस की ततपरता से घर से लापता हुई दो युवतियों का सकुशल लुधियाना से बरामद कर उनके परिजनों को राहत दी है। युवतियों के अचानक लापता होने से परिवारजन उनकी कुशलता को लेकर अत्यंत चिंतित थे। घर से बिना बताए चली गई थी, को पुलिस ने लुधियाना (पंजाब) से सकुशल बरामद किया। पूछताछ में बालिग युवती ने बताया कि वह अपनी मर्जी से लुधियाना गई थी और वहां एक दुकान में कार्य कर रही थी। युवती द्वारा स्वयं के बालिग होने तथा परिवार के साथ लौटने से इनकार किए जाने पर पुलिस द्वारा नियमानुसार उसे वहीं छोड़ा गया। वहीं दूसरे मामले में पोक्सो एक्ट से संबंधित नाबालिग अपहृता को खमाणु, लुधियाना रोड, फतेहपुर साहिब (पंजाब) से सकुशल बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी विशाल पुत्र रुकमेश निवासी गणेशपुर, रुड़की उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है, कोतवाली प्रभारी गंगनहर मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि "गुमशुदा एवं अपहृताओं की बरामदगी पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। टीमों ने सतत प्रयास कर दोनों मामलों में सफलता हासिल की है। भविष्य में भी इस प्रकार के मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।"

## विधायक वीरेंद्र जाति ने बिजली विभाग के अधिकारियों के आवासों की काटी बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कांग्रेस विधायक वीरेंद्र जाति ने बिजली विभाग के अधिकारियों के सरकारी आवासों पर जाकर उनके घर की बिजली काटी। इस संबंध में करीब पंद्रह दिन पहले वह अधीक्षण अभियंता अमित कुमार से मिले थे। करीब 15 दिन पहले विद्युत विभाग के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता अमित कुमार से मिलकर कांग्रेस विधायक वीरेंद्र जाति ने देहात क्षेत्र में हो रही अघोषित विद्युत कटौती को रोके जाने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि सुबह और शाम बिजली काटे जाने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है और वह अपने जरूरी कार्य को नहीं कर पा रहे हैं। अधीक्षण अभियंता कौन के द्वारा चेतावनी दी गई थी कि अगर एक हफ्ते के अंदर इस व्यवस्था में सुधार न हुआ तो वह अपने हाथों से बिजली अधिकारियों के आवासों की बिजली काटेंगे। हालांकि इसके बाद अधीक्षण अभियंता का तबादला भी हो चुका है। आज विधायक वीरेंद्र जाति सुबह ही अधीक्षण अभियंता,अधिशासी अभियंता एवं अन्य अधिकारियों के आवास पहुंचे और उन्होंने वहां की बिजली काट दी। उन्होंने कहा कि जो परेशानी जनता झेल रही है वहीं अधिकारी झेलेंगे तो शायद व्यवस्था सुधरेगी। उन्होंने कहा जनता के हक की बिजली किसी की मर्जी पर नहीं चलेगी।

## संत स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**रुड़की।** आदर्श नगर स्थित संत स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित प्रथम इंट्रा एकेडमी बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें इं. रविन्द्र वर्मा तथा एकेडमी एम्बेसडर विजय भूटानी ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विजय भूटानी ने कहा कि "प्रतियोगिता में उतरना ही पहली जीत है। हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन चुनौतियों को स्वीकार करने वाले ही आगे चलकर असली विजेता बनते हैं। आज बच्चों को रुड़की में जिस स्तर की सुविधाएं मिल रही हैं, वह हमारे समय में एक सपना हुआ करती थीं।"वहीं मोटिवेशनल स्पीकर इं. रविन्द्र वर्मा ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि "हार से सीख लेकर जो खिलाड़ी अगली प्रतियोगिता की तैयारी में जुट जाते हैं, वही आगे चलकर चौम्पियन बनते हैं। कड़ी मेहनत ही सफलता का एकमात्र रास्ता है। प्रतियोगिता के विजेता-अंडर-9: रिधान राणा (स्वर्ण) अंडर-11: दक्ष गोयल (स्वर्ण), अंडर-13: माधव सिंघल (स्वर्ण)अंडर-15: विहान राणा (स्वर्ण)अंडर-17: दक्ष दत्तल (स्वर्ण) रजत पदक विजेता: रणवीर चौधरी, दिशांक कौशिक, अर्श गुप्ता, आरव रोहिलाडबल्स मुकाबला: स्वर्ण: आरव रोहिला व आरुष सचदेवारजत: अर्श गुप्ता व तेजल बावेजा एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीतने वाले आरव रोहिला को "प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट" की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कोच गोविंद यादव, रुचिर गुप्ता, रमन गुप्ता, मुकेश सिंघल, हमजा आलम, दीव्या, वीरिका, मधुर अनेजा, कृष्णा, आरव दीक्षित सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



## सफाई आयोग सदस्य ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य विनय प्रताप सिंह ने कहा कि जो सफाई कर्मचारी सन 2018 से 10 वर्ष पूर्व से नगर पंचायत में काम कर रहे है उन सभी संविदा कर्मी सफाई कर्मचारीयो को नगर पंचायतो में नियमित किए जाएंगे। इनमें आउटसोर्स व स्वच्छता समिति से रखे गए सफाई कर्मचारी को शामिल नहीं की किया गया है। नगर पंचायत झबरेड़ा में मंगलवार को उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग सदस्य विनय प्रताप सिंह नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में किसी भी सफाई कर्मचारी को किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो उन्हें बेझिझक बताया जाए। समस्या का तत्परता से हल किया जाएगा।

## ट्रेन से कटकर 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** ट्रेन से कटकर 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया 3:30 मुरादाबाद रेलवे कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी की किलोमीटर 1539 खंबा नंबर 35,37 पर एक वृद्ध व्यक्ति का शव पड़ा है सूचना पर तुरंत ही लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार को भेजा गया विपिन कुमार पुलिस चौकी प्रभारी लक्सर बगैर देर किए अपनी टीम को लेकर मौके पर पहुंचे और देखा कि वह जो मृत व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है उसकी उम्र 65 से 70 साल नजर आ रही है उन्होंने बताया वरध व्यक्ति का शव किसी हिंदू का प्रतीत हो रहा है जिसके ट्रेन की चपेट में आने से दोनों पैर कट गए थे आसपास के क्षेत्र में उसकी सीनाक्त की बहुत कोशिश की गई लेकिन कोई भी ऐसी जानकारी नहीं मिली की मृत व्यक्ति कहां का है उसकी उम्र करीब 65 से 70 वर्ष नजर आ रही है गोरा रंग है उसने सफेद कुर्ता पजामा पहना है और उसके हाथ व गले में कलावा बधा है।

## दरगाह प्रबंधन व नगर पंचायत टीम ने सड़कों से हटवाया अवैध अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने को लेकर रुड़की तहसीलदार एवं दरगाह प्रबंधक विकास अवस्थी ने नगर पंचायत की टीम के साथ मिलकर साबरी गेस्ट हाउस के सामने वाली सड़क से अवैध अस्थाई दुकानों को हटवाया दोबारा लगाने पर उन्हें कड़ी चेतावनी भी दी है।

मंगलवार को दरगाह प्रबंधक एवं तहसीलदार रुड़की विकास अवस्थी ने कलियर पहुंचकर साबरी गेस्ट हाउस रोड पर अवैध रूप से दुकानें लगाकर अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सड़क और फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी से हटवाया। तहसीदार विकास अवस्थी ने बताया कि दरगाह क्षेत्र में लंबे समय से हो रहे अतिक्रमण के कारण यहां आने वाले जायरीनों और स्थानीय लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। सड़कों के दोनों ओर दुकानों के फैलने से जाम की स्थिति बनी रहती थी।नगर पंचायत को निर्देश दिए गए हैं कि हटाए गए स्थानों पर दोबारा कब्जा न होने पाए।उन्होंने कहा कि अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई है दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की जाएगी।दरगाह क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण को लेकर चिन्हित कर हर सप्ताह अतिक्रमण हटवाया जाएगा।इस मौके पर सुपरवाइजर राव शारिक,इंतखाब आलम, लेखाकार सद्दाम, अफजाल अहमद,हारून आदि दरगाह कर्मचारी मौजूद रहें।



## विद्युत कनेक्शन काटे जाने से गुस्साए अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** झबरेड़ा विधायक द्वारा सरकारी आवासों की बिजली काटे जाने के विरोध में बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता द्वारा थाने में तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। आरोप लगाया कि झबरेड़ा विधायक व उनके समर्थको के द्वारा सरकारी कार्य में अवैध घुसपैठ की और असुरक्षित कार्य किए हैं जिसमें उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करना आवश्यक है। अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में आज सुबह झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाति ने अपने समर्थकों के साथ बिजली विभाग के सरकारी आवासों में जाकर वहां की विद्युत लाइन काट दी थी जिसके कारण सरकारी आवासों की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई थी। वहीं इस कृत्य से गुस्साए अधिकारी अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचे और वहां उन्होंने बैठक कर इस कृत्य की निंदा की। इसके साथ ही विद्युत वितरण उपखंड प्रथम के उपखंड अधिकारी आकाश सिंह के द्वारा सिविल लाइंस कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें उनके द्वारा कहा गया गई कि विधायक वीरेंद्र जाति व उनके समर्थकों के द्वारा अधीक्षण अभियंता विवेक राजपूत, अधिशासी अभियंता विनोद पांडे व मुख्य अभियंता पिटकुल अनुपम सिंह के विभागीय आवास पर अनैतिक रूप से पहुंचते हुए हंगामा किया गया तथा अवैधानिक तरीके से विभागीय विद्युत संयोजनों को विद्यु संयोजनों के खंभे पर चढ़कर बिना किसी सुरक्षा के कनेक्शन काटे गए। तहरीर में कहा गया है कि विधायक द्वारा विद्युत संयोजनों को काटे जाने का एक कृत्य वैधानिक है और उनके स्क्रैच सरकारी कार्य में दैनिक घुसपैठ है।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम भूल वंश जन्म प्रमाण पत्र में तेनूरं दर्ज हो गया था जो गलत है मेरे पुत्र का असली नाम मो0 तेमूर है जो सही है आज के बाद मेरे पुत्र को मो0 तेमूर के नाम से ही जाना पहचाना समझा पढ़ा लिखा व दर्ज किया जाए।

**साजिद पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम दरगाहपुर ब्लॉक व तहसील लक्सर जिला हरिद्वार**

### संबंध विच्छेद-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र कुलदीप व उसकी पत्नी सिमरन को उनके गलत आचरण से तंग व परेशान आकर मैने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे अपने सभी सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं।

**श्रीमति संतोष पत्नी स्व० सतीश निवासी ग्राम सोहलपुर 'सिकरोड़ा, थाना पिरान कलियर, हरिद्वार।**

## किसानों को कृषि के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर शांतरशाह गांव में कृषि मौसम सेवा परियोजना आईआईटी रुड़की ने समेकित विकास परियोजना, प्रिंस पाइप और अंबुजा फाउंडेशन के सहयोग एक कार्यक्रम का आयोजन किया।

गोष्ठी में किसानों को आधुनिक कृषि के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें कृषि से जुड़े कई विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान ग्राम प्रधान सुरुचि सैनी ने विशेषज्ञों और फाउंडेशन का आभार जताते हुए कहा कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, और किसानों के आर्थिक रूप से मजबूत होने से ही देश आर्थिक रूप से सशक्त होगा। वही यह दिन अन्नदाताओं की मेहनत, संघर्ष और समर्पण को याद करने का अवसर प्रदान करता है। वही अंबुजा परियोजना के अधिकारी शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उन्हें सशक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है। संस्था का मानना है कि सही जानकारी किसानों को मजबूत बनाती है, इसलिए हर साल किसान दिवस पर ऐसे उपयोगी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसानों के शामिल होने की उम्मीद है। इस दौरान रोहताश कुमार, जॉनी सैनी, बृजेश कुमार, सुभाष सैनी, रजत कुमार, सतीश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### झबरेड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया नाला निर्माण का शुभारंभ

## कस्बे का बुनियादी विकास करना ही प्राथमिकता : किरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** नगर पंचायत झबरेडा अध्यक्ष किरण चौधरी द्वारा झबरेड़ा गुरुकुल मार्ग पर मंगलवार को दो सौ साठ मीटर नाला निर्माण का विधिवत रूप से पूजा पाठ करते हुए फीता काटकर शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत झबरेड़ा अध्यक्ष किरण चौधरी द्वारा मंगलवार को 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले दो सौ साठ मीटर लंबे नाला निर्माण का फीता काटकर शुभारंभ किया गया ।उन्होंने मौके पर ही नाला निर्माण कर रहे ठेकेदार को हिदायत देते हुए कहा कि नियम के अनुसार ही नाले का निर्माण होना चाहिए। किसी के द्वारा कोई शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने कहा कि कस्बे का चहुमुखी विकास करना ही उनकी प्राथमिकता है और वह झबरेड़ा नगर पंचायत क्षेत्र के बुनियादी विकास के लिए लगातार काम कर रही हैं और सभी वर्गों का एक समान विकास किया जा रहा है वह पूरे नगर पंचायत क्षेत्र का पूरी ईमानदारी जिम्मेदारी से बिना भेदभाव विकास करने के लिए काम कर रही है इस अवसर पर यशवीर सिंह धीर सिंह राजेंद्र सिंह आदित्य गुप्ता गुलाब सिंह नवाब अहमद आदि उपस्थित है।



## चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पुलिस द्वारा मंगलवार को एक व्यक्ति को चोरी की मोटरसाइकिल सहित उसे उस समय गिरफ्तार कर लिया जब पुलिस ग्राम कोटवाल आलमपुर नहर पुल के पास दो पहिया वाहनों की चेकिंग कर रही थी। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि मंगलवार सुबह ग्राम कोटवाल आलमपुर नहर पुल के पास पुलिस द्वारा दो पहिया वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया हुआ था। उसी समय ग्राम लाठर देवा हुण की ओर से एक व्यक्ति बाइक से आता दिखाई दिया। सामने पुलिस को देखकर उसने मोटरसाइकिल रोक दी तथा बाइक को पीछे मोड कर भागने की फिराक में था। पुलिस को शक होने पर पुलिस द्वारा उक्त बाइक सवार को दबोच लिया । पूछताछ करने पर बाइक सवार संदीप उर्फ बी डी पुत्र जितेंद्र निवासी ग्राम गदरजुडडा थाना मंगलौर बताया ।उसने बताया कि उसने यह बाइक 2 दिसंबर को झबरेड़ा के बाजार से चोरी की थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि बाइक चोरी की रिपोर्ट भी थाने में दर्ज है। उक्त का संबंधित धाराओं में चालान करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है।

# सम्पादकीय

बुधवार, 24 दिसम्बर 2025

## बांग्लादेश पर बवाल

बांग्लादेश में हिन्दू कार्यकर्ता की हत्या के बाद वहां आग लगी हुई है ,जिसका असर अब भारत में भी दिखाई देने लगा है। भारत के असम, जम्मू-कश्मीर, पश्चिमी बंगाल और उत्तर प्रदेश में हिन्दू संगठन प्रदर्शन कर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। किसी भी देश में लोगों की सुरक्षा उस सरकार का काम होता है, लेकिन बांग्लादेश में हसीना सरकार के तख्ता पलट के बाद यूनुस सरकार आने पर हालात और भी ज्यादा खराब हो गए हैं, जिसके कारण वहां रह रहे अल्पंख्यकों हिन्दुओं में भारी आक्रोश है। हो भी क्यों न, वहां की सरकार हिन्दुओं की रक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, जिसके कारण भारत में भी माहौल गरमा गया है। परिणामस्वरूप नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर हिन्दू संगठनों का जोरदार प्रदर्शन हुआ और प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए। बांग्लादेश में भी हिंदू युवक की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन हो रहा है। ये विडंबना ही है कि जिस सरकार को बनाने में सभी लोग भाग लेते हैं, लेकिन सरकार इनकी सुरक्षा में ही विफल हो गई है। और तो और सरकार आरोपियों को बचाने में लगी हुई है। विहिप और अन्य हिंदू संगठनों ने दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमिशन के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। बांग्लादेश में उस्मान हादी की हत्या के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या की गई है। दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मारा और बाद में उसका शव जलाया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद से बवाल मच गया। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार के खिलाफ पिछले कुछ दिन से सोशल मीडिया से लेकर सड़क पर प्रदर्शन हो रहा है। प्रदर्शन कर रहे एक शख्स ने रोते हुए कहा कि वहां लोग मारे जा रहे हैं, ये देश राम का है, ये देश कृष्ण का है। हम किसी को नहीं मारते पर वहां हमारी बहन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है। विरोध-प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी बैरीकेड को तोड़ने की भी कोशिश कर रहे थे। पुलिस को प्रदर्शनकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस ने बांग्लादेश हाई कमिशन के सामने सुबह से ही सुरक्षा बढ़ा दी थी। हालांकि, सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी प्रदर्शनकारियों ने बैरियर तोड़ते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी काफी आक्रोश में थे और उन्होंने सिक्योरिटी का दो लेयर भेद दिया था। इसके बाद भी प्रदर्शनकारी नहीं माने और उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को धता बताकर प्रदर्शन जारी रखा तथा सरकार से मांग की कि इस मामले में बांग्लादेश सरकार से बात की जाए और वहां रह रहे अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा की बात उठाई जाए। आज देश के तीन राज्यों में बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद सरकार में हलचल मची और भारत सरकार ने बांग्लादेश स्थित अपने उच्चायुक्तों की सुरक्षा को बढ़ा दिया, लेकिन इसी से काम चलने वाला नहीं है।

## दुविधा में भारतीय नेतृत्व



बंगलादेश में हिंदू महिलाएं के सिंदूर लगाकर स्वतंत्र रूप से घूमने में डरने की रिपोर्ट चिंता का विषय है, हालांकि यह मुद्दा गंभीर है, लेकिन भारतीय नेतृत्व बंगलादेशी अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाने में नैतिक दुविधा का सामना कर रहा है, क्योंकि देश के भीतर ही कुछ असामाजिक तत्व मुस्लिम महिलाओं के हिजाब जबरन उतारते देखे जाते हैं, कट्टरपंथियों के दबदबे वाली दुनिया में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए वास्तव में कौन खड़ा होगा, केंद्र सरकार को बंगलादेशी अधिकारियों के साथ इस मामले को गंभीरतापूर्वक उठाना चाहिए।

**-महबूबा मुफ्ती**
**अध्यक्ष, पीडीपी**

# आवाज की दुनिया के सरताज थे मोहम्मद रफी

**जन्मदिन पर विशेष**

**रफी साहब ने अपने सिने करियर में लगभग 700 फिल्मों के लिए 26 हजार से भी ज्यादा गीत गए, वह इंडस्ट्री में अपने मधुर स्वभाव के लिए जाने जाते थे।**



**मोहम्मद रफी-बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के बहुत बड़े प्रशंसक थे । मोहम्मद रफी फिल्म देखने के शौकीन नहीं थे लेकिन कभी-कभी वह फिल्म देख लिया करते थे । एक बार रफी ने अमिताभ बच्चन की फिल्म दीवार देखी थी । दीवार देखने के बाद रफी -अमिताभ के बहुत बड़े प्रशंसक बन गए । वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म नसीब में रफी को अमिताभ के साथ युगल गीत-चल चल मेरे भाई-गाने का अवसर मिला । अमिताभ के साथ इस गीत को गाने के बाद रफी बेहद खुश हुए थे । जब रफी साहब अपने घर पहुंचे तो उन्होंने अपने परिवार के लोगों को अपने पसंदीदा अभिनेता अमिताभ के साथ गाने की बात को खुश होते हुए बताया था । अमिताभ के अलावा रफी को शम्मी कपूर और धर्मेन्द्र की फिल्में भी बेहद पसंद आती थी ।**

अपने लाजवाब पार्श्वगायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाले आवाज की दुनिया के सरताज मोहम्मद रफी को पार्श्वगायक बनने की प्रेरणा एक फकीर से मिली थी। पंजाब के कोटला सुल्तान सिंह गांव में 24 दिसंबर 1924 को एकमध्यम वर्गीय मुस्लिम परिवार में जन्मे रफी एक फकीर के गीतों को सुना करते थे, जिससे उनके दिल में संगीत के प्रति एक अटूट लगाव पैदा हो गया। रफी के बड़े भाई हमीद ने मोहम्मद रफी के मन मे संगीत के प्रति बढ़ते रुझान को पहचान लिया था और उन्हें इस राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। लाहौर में रफी संगीत की शिक्षा उस्ताद अब्दुल वाहिद खान से लेने लगे और साथ ही उन्होंने गुलाम अली खान से भारतीय शास्त्रीय संगीत भी सीखना शुरू कर दिया। एक बार हमीद रफी को लेकर के-एल-सहगल संगीत कार्यक्रम में ले गए, लेकिन बिजली नहीं होने के कारण के-एल- सहगल ने गाने से इंकार कर दिया। हमीद ने कार्यक्रम के संचालक से गुजारिश की कि वह उनके भाई रफी को गाने का मौका दें। संचालक के राजी होने पर रफी ने पहली बार 13 वर्ष की उम्र में अपना पहला गीत स्टेज पर दर्शकों के बीच पेश किया। दर्शकों के बीच बैठे संगीतकार श्याम सुंदर को उनका गाना अच्छा लगा और उन्होंने रफी को मुंबई आने के लिए न्यौता दिया। श्याम सुंदर के संगीत निर्देशन में रफी ने अपना पहला गाना सोनिएनी हिरीए नी पार्श्व गायिका जीनत बेगम के साथ एक पंजाबी फिल्म गुल बलोच के लिए गाया। वर्ष 1944 मे नौशाद के संगीत निर्देशन में उन्हें अपना पहला हिन्दी गाना हिन्दुस्तान के हम है पहले आप के लिए गाया। वर्ष 1949 में नौशाद के संगीत निर्देशन में दुलारी फिल्म मे गाए गीत सुहानी रात ढल चुकी के जरिए वह सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंच गए और इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। दिलीप कुमार देवानंद, शम्मी कपूर, राजेन्द्र कुमार, शशि कपूर, राज. कुमार जैसे नामचीन नायकों की आवाज कहे जाने वाले रफी अपने संपूर्ण सिने कैरियर मे लगभग 700 फिल्मों के लिए 26000 से भी ज्यादा गीत गाए।

मोहम्मद रफी-बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के बहुत बड़े प्रशंसक थे। मोहम्मद रफी फिल्म देखने के शौकीन नहीं थे लेकिन कभी-कभी वह फिल्म देख लिया करते थे। एक बार रफी ने अमिताभ बच्चन की फिल्म दीवार देखी थी। दीवार देखने के बाद रफी -अमिताभ के बहुत बड़े प्रशंसक बन गए। वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म नसीब में रफी को अमिताभ के साथ युगल गीत-चल चल मेरे भाई-गाने का अवसर मिला। अमिताभ के साथ इस गीत को गाने के बाद रफी बेहद खुश हुए थे। जब रफी साहब अपने घर पहुंचे तो उन्होंने अपने परिवार के लोगों को अपने पसंदीदा अभिनेता अमिताभ के साथ गाने की बात को खुश होते हुए बताया था। अमिताभ के अलावा रफी को शम्मी कपूर और धर्मेन्द्र की फिल्में भी बेहद पसंद आती थी। मोहम्मद रफी को अमिताभ-धर्मेन्द्र की फिल्म शोले बेहद पंसद थी और उन्होंने इसे तीन बार देखा था। मोहम्मद रफी फिल्म इंडस्ट्री में मृदु स्वाभाव के कारण जाने जाते थे, लेकिन एक बार उनकी कोकिल कंठ लता मंगेश्कर के साथ अनबन हो गई थी। मोहम्मद रफी ने लता मंगेशकर के साथ सैकड़ों गीत गाए थे लेकिन एक वक्त ऐसा भी आया था जब रफी ने लता से बातचीत तक करनी बंद कर दी थी। लता मंगेशकर गानों पर रॉयल्टी की पक्षधर थी जबकि रफी ने कभी भी रॉयल्टी की मांग नहीं की। रफी साहब मानते थे कि एक बार जब निर्माताओं ने गाने के पैसे दे दिए तो फिर रॉयल्टी किस बात की मांगी जाए। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर के बीच बातचीत भी बंद हो गई और दोनों ने एक साथ गीत गाने से इन्कार कर दिया हालांकि चार वर्ष के बाद अभिनेत्री नरगिस के प्रयास से दोनों ने एक साथ एक कार्यक्रम में -दिल पुकारे-गीत गाया। मोहम्मद रफी ने हिन्दी फिल्मों के अलावा मराठी और तेलुगू फिल्मों के लिए भी गाने गाए। मोहम्मद रफी अपने करियर में 6 बार फिल्म फेयर अवार्ड से सम्मानित किए गए। वह वर्ष 1965 में रफी पद्म पुरस्कार से भी सम्मानित किए गए। 30 जुलाई 1980 को आस पास फिल्म के गाने शाम कयू उदास है दोस्त, गाने के पूरा करने के बाद जब रफी ने लक्ष्मीकांत प्यारे लाल से कहा कि शूड आई लीव जिसे सुनकर लक्ष्मीकांत प्यारे लाल अचंभित हो गए क्योंकि इसके पहले रफी ने उनसे कभी इस तरह की बात नहीं की थी। अगले दिन 31 जुलाई 1980 को रफी को दिल का दौरा पड़ा और वह इस दुनिया को ही छोड़कर चले गए।

**...साभार**

**उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर्स को जल खरीद गुलाम बना दिए गए, ना उनकी कोई कथा सुनने को तैयार है ना उनसे कोई बात करने को तैयार है। सरकार की नजरों में उनकी इमेज बहुत खराब है। चोर और निकम्मी है बैठे-बैठे फ्री की तनख्वाह लेते हैं अधिकारियों का सारा वक्त इन पर नियंत्रण करने में गुजर रहा है। यह बहुत चिंता की बात है।**

# उप्र में प्राइवेट टीचर्स की जिंदगी जहन्नुम



**शमशाद रशीद**

उप्र में प्राइवेट टीचर्स की जिंदगी हन्नुम हो गई है उनके सिर पर पढ़ाई के अलावा कई तरह के काम का बोझ और इतने कम कुछ इज्जतदार काम और कुछ बहुत ही बेइज्जती के काम उनसे करवाए जा रहे हैं जिसकी वजह से ना वह अपने सम्मान को बचा पा रहे हैं और न वह पढ़ाई के काम को ठीक कर पा रहे हैं ना वह अपनी जिंदगी में अपने परिवार अपने रिश्तेदार ना अपने दोस्तों को समय दे पा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर होना एक बहुत बड़ी सजा बनती जा रही है बहुत बड़ी हैरानी की बात यह है कि इसकी कोई चर्चा ही नहीं करता कि आखिर मास्टर साहब इतनी तकलीफ में क्यों हैं और अगर हैं तो इससे हमारी और आपकी जिंदगी सब की जिंदगी प्रभावित होगी। बच्चे सबके हैं पढ़ते वही हैं कारण क्या है उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर्स की समस्या का उत्तर प्रदेश की शिक्षा जगत की कौम है। उत्तर प्रदेश के प्राइमरी टीचर्स के मास्टर साहब पढ़ने के अलावा जितने भी काम हैं सब करते हैं जब यह सब आते हैं तो सब की डिजिटल अटेंडेंस भरते हैं। 36 तरह के एप हैं जिस पर यह प्रतिदिन ऑनलाइन डाटा भरते हैं। तस्वीर खींचते हैं तस्वीरें वीडियो बनाते हैं अपनी जीपीएस लोकेशन देते हैं और भरते हैं। जब यह सब काम कर लेते हैं उसके बाद में स्कूल में झाड़ू लगवाते हैं बॉथरूमों को साफ करते हैं बॉथरूमों को साफ करते हैं फिर उसके बाद प्रार्थना सभा करते हैं उसके बाद सारी डिटेल मुहैया करते हैं फिर उसके बाद वक्त बचा तो पढ़ाई और मिड डे मील पकवाते हैं, मिड डे मील के बाद फिर रिपोर्टिंग होती है यह सब करने के बाद उनको जनगणना का काम मतगणना का काम एसएआईआर का काम राष्ट्रीय कार्यक्रम कराए जाते हैं। ईंधन का इंतजाम और फिर शाम को प्रधान जी कहते हैं सुबह बाजार से सब्जी और कुछ अनाज भी लेते आना, क्योंकि कल बनेगा क्या अभी इसकी तैयारी नहीं है। इसके बाद बचा एबीएसए की चमचागिरी, प्रधान प्रधान की एरोला विधायक विधायक और बाकी अधिकारियों का और मीडिया के हर समय लगे कैमरे एक बहुत ही अपमानजनक काम है इनका। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जनपद में आवारा कुत्ते गिरने के काम में लगाया गया एक शिक्षक को। अगर इस काम में लगाया जाएगा तो क्या उसका कोई आत्म सम्मान बचेगा एक कुत्ते ढूंढने का उनकी गिनती करेगा। यह कौन लोग हैं जो इस तरह का फरमान जारी करते अध्यापकों के आत्म सम्मान के साथ-साथ हमारी मौजूदा आने वाली पीढ़ी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। आखिर क्या कारण है कि प्राइमरी का एक टीचर इतने तरह के काम करता है मतलब यह एक टीचर ना हो गया सुपरमैन हो गया, शक्तिमान हो गया, उनसे इतने काम कराया जाए क्या इसकी कोई व्यक्ति का जिंदगी नहीं है उसको शिक्षा के काम में लगाओ। अध्ययन और अध्यापक के काम में लगाओ जो बहुत ही पवित्र काम है। जब उसका ध्यान सारा दिन फालतू के कामों में वीडियो बनाने में मिड डे मील से लेकर बाथरूम की सफाई तक कराएगा, प्राइमरी टीचर होना एक अभिशाप सा बन गया। उनकी व्यक्तिगत जिंदगी खत्म हो गई है। उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर्स को जल खरीद गुलाम बना दिए गए, ना उनकी कोई कथा सुनने को तैयार है ना उनसे कोई बात करने को तैयार है। सरकार की नजरों में उनकी इमेज बहुत खराब है। चोर और निकम्मी है बैठे-बैठे फ्री की तनख्वाह लेते हैं अधिकारियों का सारा वक्त इन पर नियंत्रण करने में गुजर रहा है। यह बहुत चिंता की बात है अब अगर अब अगर शिक्षकों अब अगर शिक्षकों से इंसान के साथ-साथ कुत्ते भी गिन जाएंगे तो फिर समझ में उन्हें इज्जत कौन देगा। एक तरफ तो कहते हैं कि टीचर्स का काम एक बहुत सम्मान का पैसा है तो क्या उनको कुत्ते गिनने के काम में लगाया जाएगा। मास्टर नाम एक काम अनेक और इसी तरह से उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था चल रही है। अलीगढ़ के बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जो आदेश जारी किया था उसने वापस ले लिया है काफी आलोचना के बाद अब यह संभव था क्या कि मास्टर एक स्कूल के गेट पर खड़ा होकर कुत्तों की निगरानी करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एपस्टिन फाइल्स सत्ता की हनक का प्रतीक

एपस्टीन से जुड़ी जांच फाइलें केवल किसी एक व्यक्ति के अपराधों का दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे उस वैश्विक मानसिक स्थिति का प्रतिबिंब हैं, जिसमें सत्ता, धन और प्रभाव ने मनुष्यता को पीछे छोड़ दिया। यह तथ्य अपने आप में चिंताजनक है कि जिन नामों का उल्लेख इन फाइलों में आया है, वे अलग-अलग देशों, संस्कृतियों, रंगों, जातियों और धर्मों से आते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या किसी एक समाज की नहीं, बल्कि उस मानसिकता की है जो स्वयं को नियमों से ऊपर मानने लगती है।

जब किसी व्यक्ति के पास अत्यधिक शक्ति और साधन आ जाते हैं, तब उसके भीतर यह भ्रम जन्म लेने लगता है कि उसके लिए हर सीमा शिथिल है। यही भ्रम धीरे-धीरे संवेदनहीनता में बदल जाता है। दूसरे मनुष्य को वह एक स्वतंत्र व्यक्तित्व नहीं, बल्कि अपने सुख का साधन समझने लगता है। नाबालिग बालिकाएं, जिनका संरक्षण समाज का कर्तव्य है, ऐसे विकृत दृष्टिकोण में सबसे आसान शिकार बन जाती हैं, क्योंकि वे कमजोर होती हैं, निर्भर होती हैं और अक्सर अपनी पीड़ा व्यक्त करने में असमर्थ होती हैं।

आधुनिक समय की उपभोक्तावादी संस्कृति ने इस विकृति को और बढ़ाया है। जब जीवन का उद्देश्य केवल भोग, प्रदर्शन और सुख-साधनों का संग्रह बन जाता है, तब नैतिक विवेक धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। मनोरंजन उद्योग, डिजिटल प्लेटफॉर्म और दिखावटी जीवनशैली ने देह को वस्तु के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उम्र, मर्यादा और सहमति जैसी अवधारणाएं गौण होती चली गईं। परिणामस्वरूप, कुछ लोगों के लिए अपराध भी एक 'विशेष सुविधा' जैसा बन गया। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब लगभग हर देश में कानून हैं, अंतर्राष्ट्रीय संधियां हैं और मानवा. धिकारों की घोषणाएं हैं, तब भी ऐसे अवैधानिक कृत्य वर्षों तक कैसे चलते रहे।

इसका उत्तर यही है कि कानून पुस्तकों में तो जीवित रहते हैं, लेकिन जब उन्हें लागू करने वाली संस्थाएं प्रभाव, भय या स्वार्थ से ग्रस्त हो जाती हैं, तब न्याय निष्प्रभावी हो जाता है। जब अपराध करने वाले ही सत्ता और व्यवस्था के केंद्र में हों, तब सामान्य नागरिक के लिए न्याय पाना कठिन हो जाता है और प्रभावशाली लोगों के लिए हर दरवाजा अपने आप खुलता चला जाता है। यहीं से समाज में दोहरी व्यवस्था जन्म लेती है एक आम आदमी के लिए और दूसरी ताकतवर लोगों के लिए। जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और

> जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती।



प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती। मीडिया, न्यायपालिका और नागरिक समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर न हो। तीसरे, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना अनिवार्य है। सत्ता में बैठे लोगों के कार्यों पर निरंतर निगरानी, स्वतंत्र जांच और समयबद्ध न्याय ही ऐसे नेटवर्क को पनपने से रोक सकते हैं। चौथे, सांस्कृतिक स्तर पर यह पुन: स्थापित करना होगा कि संयम, मर्यादा और करुणा कमजोरी नहीं, बल्कि सभ्यता की पहचान हैं। जिन समाजों ने इन मूल्यों को जीवित रखा है, वे आज भी अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। एपस्टीन प्रकरण हमें यह याद दिलाता है कि नैतिक पतन अचानक नहीं होता, वह धीरे-धीरे तब होता है जब समाज छोटी-छोटी अनैतिकताओं को नजरअंदाज करता रहता है। यदि आज भी हमने समय रहते चेतना नहीं जगाई, तो नाम, स्थान और चेहरे बदलते रहेंगे, पर अपराध की प्रकृति बनी रहेगी। इसलिए यह केवल दूसरों की कहानी नहीं है, यह हम सभी के लिए आत्मपरीक्षा का अवसर है कि हम किस प्रकार का समाज भविष्य की पीढ़ियों को सौंपना चाहते हैं।

**-राजीव-राकेश**



**नई दिल्ली। शीत ऋतु के कोहरे के कारण रेल सेवाओं में देरी होने से यात्री रेलवे स्टेशन के बाहर इंतजार करते हुए।**

## विदेशी ड्रोन आयात पर अमेरिका के प्रतिबंध के फैसले पर खेद जताया


**बीजिंग।** मानवरहित हवाई वाहनों की दुनिया की सबसे बड़ी निर्माता कंपनी, चीनी ड्रोन निर्माता डीजेआई ने मंगलवार को अमेरिका द्वारा सभी नए आयातित विदेशी ड्रोनों को प्रतिबंधित करने के फैसले पर खेद व्यक्त किया। 'हुआनकिउ' समाचार एजेंसी के अनुसार डीजेआई ने कहा कि अमेरिका का यह कदम न केवल अमेरिकी उपभोक्ताओं और व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं के लिए पसंद की स्वतंत्रता को सीमित करता है, बल्कि एक खुले एवं निष्पक्ष बाजार के सिद्धांतों को भी कमजोर करता है।

## पाक में सुरक्षाबलों पर हमले में पांच पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक बार आतंकियों ने घात लगाकर सुरक्षाबलों पर हमला किया। इस हमले में पांच पुलिसकर्मी मारे गए हैं। घटना पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा राज्य की है, जहां मंगलवार को अज्ञात हमलावरों ने एक पुलिस की गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें वैन सवार पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने बताया कि हमला खैबर पख्तूनख्वा जिले के करक जिले में हुई, जहां पुलिसकर्मी रुटीन पेट्रोलिंग पर थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने पुलिस के वाहन पर हमला कर दिया, जिसमें पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। हमले के बाद पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है।

# अमेरिका ने H-1B और H-4 वीजा जांच सख्त की

### अब सोशल मीडिया भी चेक किया जाएगा, कई महीनों के लिए इंटरव्यू टाले गए



**■ यह कदम एच-1बी वीजा के दुरुपयोग और अवैध इमिग्रेशन पर रोक लगाने के लिए उठाया गया**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने एच-1बी और एच-4 वीजा के सभी आवेदकों की जांच सख्त कर दी है। 15 दिसम्बर से अब वीजा प्रक्रिया में ऑनलाइन और सोशल मीडिया की जांच भी शामिल कर दी गई है। यह नियम दुनिया भर के सभी देशों के आवेदकों पर लागू होगा।

भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने कहा कि यह कदम एच-1बी वीजा के दुरुपयोग और अवैध इमिग्रेशन पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है। इस फैसले के बाद भारत में हजारों आवेदकों के तय वीजा इंटरव्यू टाल दिए गए हैं। कई इंटरव्यू अब मार्च से मई तक के लिए रीशेडयूल किए गए हैं। इससे वे लोग ज्यादा परेशान हैं, जो इंटरव्यू के लिए पहले ही भारत आ चुके हैं और वीजा न होने के कारण अमेरिका वापस नहीं जा पा रहे। दूतावास के मुताबिक, एच-1बी और एच-4 वीजा के आवेदन लिए जा रहे हैं, लेकिन जांच बढ़ने से प्रक्रिया में ज्यादा समय लग सकता है। भारत सरकार ने कहा है कि वह इस मुद्दे पर अमेरिका से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि भारतीय छात्रों और पेशेवरों को परेशानी न हो। एच-1 बी वीजा क्या है- हाई स्किल्ड प्रोफेशनल्स जैसे डॉक्टर्स, इंजीनियर, सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल्स को एच-1 बी वीजा जारी होता है। 1990 में अमेरिकी कांग्रेस में बिल के जरिए ये वीजा अस्तित्व में आया। भारतीयों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा, क्योंकि हर साल कुल जारी किए जाने वाले एच-1बी वीजा में से 70 प्रतिशत भारतीय प्रोफेशनल्स को जारी किए जाते हैं। पहले फीस लगभग 9 हजार डॉलर थी, लेकिन सितम्बर 2025 में ट्रम्प ने इसे बढ़ाकर लगभग 90 लाख रुपये कर दिया। 3-3 साल के लिए दो बार जारी होता है। कुल अवधि 6 साल के बाद आवेदक चाहे तो ग्रीन कार्ड यानी नागरिकता से पहले की स्टेज के लिए आवेदन कर सकता है। ट्रम्प का एच-1 बी वीजा पर 9 साल में कभी हां, कभी ना वाला रवैया रहा है। पहले कार्यकाल में 2016 में ट्रम्प ने इस वीजा को अमेरिकी हितों के खिलाफ कहा था। 2019 में इस वीजा का एक्सटेंशन सस्पेंड किया। पिछले महीने ही यू-टर्न लेते हुए कहा: हमें टैलेंट की जरूरत है। ट्रम्प ने एच-1बी में बदलाव के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड लॉन्च किए थे। 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कॉर्पोरेट गोल्ड कार्ड' जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड (8.8 करोड़ कीमत) व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा।

# ट्रम्प ने सालभर में 18 हजार करोड़ चंदा लिया

### बदले में करोड़ों के फायदे दिए, लिस्ट में सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसा 6 भारतवंशी शामिल



**■ न्यूयॉर्क टाइम्स की जांच में खुलासा**
**■ 'ट्रस्ट फॉर दे नेशनल मॉल' नाम के संगठन के जरिए लिया पैसा, दान के बदले कोई राजदूत बना, किसी को कॉन्ट्रैक्ट मिले**
**■ ट्रम्प की टीम ने पैसे जुटाने के लिए कई अलग अलग रास्ते बनाए**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी टीम ने बड़े पैमाने पर चंदा जुटाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की जांच में सामने आया है कि चुनाव के बाद ट्रम्प और उनके करीबियों ने करीब 2 अरब डॉलर (18 हजार करोड़ रुपये) अलग-अलग फंड और योजनाओं के लिए इकट्ठा किए। यह रकम उनके इलेक्शन कैंपेन के लिए जुटाई गई राशि से भी ज्यादा है।

रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी कागजात, फंडिंग रिकॉर्ड और कई लोगों से बातचीत करके पता लगा कि कम से कम 346 बड़े दानदाता ऐसे हैं, जिनमें से हर एक ने 2.5 लाख डॉलर या उससे ज्यादा का चंदा दिया। इन लोगों से ही करीब 50 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम आई। इनमें से लगभग 200 दानदाता ऐसे हैं, जिन्हें या जिनके कारोबार को ट्रम्प सरकार के फैसलों से फायदा मिला। इनमें सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसे 6 भारतवंशी बिजनेसमैन शामिल हैं। इन फायदों में कई बातें शामिल हैं। किसी को राष्ट्रपति की तरफ से माफी मिली, किसी के खिलाफ चल रहे केस खत्म हो गए, किसी कंपनी को बड़े सरकारी ठेके मिल गए तो किसी को सीधे व्हाइट हाउस तक पहुंच मिली या सरकार में बड़ा पद दिया गया। हालांकि रिपोर्ट यह भी कहती है कि यह साबित करना मुश्किल है कि किसी ने पैसा दिया और बदले में सीधा फायदा मिला, लेकिन इतना जरूर है कि पैसे और फायदों का यह रिश्ता सवाल खड़े करता है। ट्रम्प की टीम ने पैसे जुटाने के लिए कई अलग-अलग रास्ते बनाए। इनमें सबसे बड़ा है मेगा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) आईएनसी, जो एक सुपर पीएसी है। पीएसी एक ऐसा संगठन होता है, जो राजनीति के लिए पैसा इकट्ठा करता है और उस पैसे से किसी उम्मीदवार या पार्टी का समर्थन करता है।

इसने नवम्बर 2024 से जून 2025 के बीच करीब 200 मिलियन डॉलर जुटाए। इसके अलावा ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के लिए बनी कमेटी ने करीब 240 मिलियन डॉलर जुटाए, जो अमेरिका के इतिहास में सबसे ज्यादा है। इतना ही नहीं, व्हाइट हाउस में एक शानदार बॉलरूम बनाने के लिए भी चंदा लिया जा रहा है। ट्रम्प का कहना है कि इसके लिए करीब 350 मिलियन डॉलर जुट चुके हैं, हालांकि टाइम्स को करीब 100 मिलियन डॉलर के दानदाताओं की पुष्टि मिली है। यह पैसा 'ट्रस्ट फॉर दे नेशनल मॉल' नाम के संगठन के जरिए लिया जा रहा है। ट्रम्प ने 4 महीने पहले अमेरिकी उद्योगपतियों को व्हाइट हाउस में डिनर पार्टी दी थी, इसमें सुंदर पिचाई, मार्क जुकरबर्ग, बिल गेट्स, टिम कुक समेत कई दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए थे। ट्रम्प ने 4 महीने पहले अमेरिकी उद्योगपतियों को व्हाइट हाउस में डिनर पार्टी दी थी, इसमें सुंदर पिचाई, मार्क जुकरबर्ग, बिल गेट्स, टिम कुक समेत कई दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए थे। इसके अलावा अमेरिका की आजादी के 250 साल पूरे होने पर होने वाले कार्यक्रमों के लिए बने संगठन 'अमेरिका 250', व्हाइट हाउस हिस्टोरिकल एसोसिएशन और एक राजनीतिक समूह सिक्योरिंग अमेरिकन ग्रेटनेस के लिए भी पैसा जुटाया गया। इनमें से कई जगह दान देने वालों के नाम सार्वजनिक करना जरूरी नहीं है, इसलिए पूरा सिस्टम काफी हद तक सीक्रेट बना हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प खुद इस पर नजर रखते हैं कि कौन कितना पैसा दे रहा है। उनकी फंडरेजिंग प्रमुख मेरिडिथ ओ'रूर्क उन्हें रेगुलर जानकारी देती हैं। कई लॉबिस्ट अपने क्लाइंट्स को सलाह देते हैं कि अगर ट्रम्प का ध्यान और पहुंच चाहिए तो इन संगठनों को दान देना फायदेमंद हो सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि एक महिला ने मेगा आईएनसी को 25 लाख डॉलर दिए और कुछ महीनों बाद उसके पिता को जस्टिस डिपार्टमेंट से रिश्वत मामले में बहुत कम सजा मिली। इसी तरह एक इंजीनियरिंग कंपनी पार्सन्स ने बॉलरूम प्रोजेक्ट के लिए 25 लाख डॉलर दिए और वह ट्रम्प के गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम जैसे अरबों डॉलर के सरकारी ठेकों की दौड़ में है। वीडियो गेम कंपनी रोब्लॉक्स के सीईओ ने भी बड़ा दान दिया और ट्रम्प की एआई से जुड़ी नीतियों की तारीफ की।

## अदालत ने दिया ट्रम्प प्रशासन को झटका

**■ जेल भेजे गए वेनेजुएला के कैदियों को मिले अपील का अधिकार**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय अदालत के जज ने ट्रम्प प्रशासन को झटका देते हुए आदेश दिया है कि अल सल्वाडोर की जेल भेजे गए वेनेजुएला के कैदियों को भी कानूनी अपील का अधिकार मिलना चाहिए। जज ने कहा कि या तो कैदियों को अदालती सुनवाई की सुविधा मिले या फिर उन्हें अमेरिका वापस लाया जाए। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज जेम्स बोसबर्ग ने ट्रम्प सरकार को उन लोगों के लिए दो हफ्ते के अंदर एक योजना बनाने का आदेश दिया, जिन्हें बाद में अल सल्वाडोर से कैदियों की अदला-बदली में वेनेजुएला वापस भेज दिया गया था। बोसबर्ग ने आदेश में लिखा कि याचिकाकर्ताओं को उस तरह से नहीं हटाया जाना चाहिए था, जिस तरह से उन्हें हटाया गया, बिना किसी नोटिस के और उन्हें विरोध करने का कोई मौका भी नहीं दिया गया, जो उनके कानूनी अधिकारों का साफ उल्लंघन है। ट्रम्प प्रशासन की अप्रवासन विरोधी कार्रवाई में यह मामला एक बड़ा कानूनी मुद्दा बन गया है। इसकी शुरुआत मार्च में हुई, जब ट्रम्प सरकार ने 18वीं सदी के युद्धकालीन कानून का इस्तेमाल करते हुए वेनेजुएला के आपराधिक गुटों के सदस्य होने के आरोप में कुछ अप्रवासियों को टेररिज्म कन्फाइनमेंट सेंटर नाम की जेल में भेज दिया गया था। जुलाई में अमेरिका के साथ कैदियों की अदला-बदली में 200 से जयादा प्रवासियों को वेनेजुएला वापस भेज दिया गया था।

## बांग्लादेश में उन्माद पर अमेरिका ने जताई चिंता

**■ इलिनॉय से डेमोक्रेट सांसद बोले: अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कानून का राज बहाल करे सरकार**
**■ दोषियों के खिलाफ पारदर्शी जांच और सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी है**

**वॉशिंगटन।** बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की कथित मॉब लिंचिंग को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ गई है। अमेरिका के सांसदों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए बांग्लादेश सरकार से धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून का राज बहाल करने की मांग की है।

इलिनॉय से डेमोक्रेट सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या को लक्षित हिंसा करार देते हुए कहा कि यह घटना देश में बढ़ती अस्थिरता और अशांति का संकेत है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ पारदर्शी जांच और सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी है। कृष्णमूर्ति ने अपने बयान में कहा मैं बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की मॉब लिंचिंग से बेहद आहत हूं। सरकार को न केवल दोषियों को सजा देनी चाहिए, बल्कि हिंदू समुदाय और अन्य अल्पसंख्यकों को आगे की हिंसा से बचाने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। वहीं, न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली की सदस्य जेनिफर राजकुमार ने भी इस घटना को बेहद भयावह बताते हुए कहा कि यह बांग्लादेश में धार्मिक उत्पीड़न के एक चिंताजनक पैटर्न को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि भीड़ ने युवक की बेरहमी से पिटाई की, फिर उसे आग के हवाले कर दिया और शव को सड़क पर छोड़ दिया गया।

राजकुमार के अनुसार, बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के आंकड़े बताते हैं कि अगस्त 2024 से जुलाई 2025 के बीच अल्पसंख्यकों पर 2400 से अधिक हमले हुए और 150 से ज्यादा मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। गौरतलब है कि घटना 19 दिसम्बर की है, जब मायमेनसिंह शहर में एक फैक्ट्री में काम करने वाले दीपू चंद्र दास को कथित रूप से ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने मार डाला। अब तक इस मामले में 12 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अमेरिकी सांसदों ने स्पष्ट कहा है कि धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा केवल बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की साझा जिम्मेदारी है।

## भारत-अमेरिका परमाणु सहयोग को 'शांति अधिनियम 2025' देगा बढ़ावा

**■ यूएसआईएसपीएफ ने नाभिकीय ऊर्जा का सतत दोहन तथा उन्नयन विधेयक 2025 के पारित होने का स्वागत किया**

**नई दिल्ली।** अमेरिका-भारतीय रणनीतिक सहभागिता पार्टनरशिप फोरम ने मंगलवार को -नाभिकीय ऊर्जा का सतत दोहन तथा उन्नयन विधेयक 2025 के पारित होने का स्वागत करते हुए इसे भारत के नागरिक परमाणु ढांचे में 'व्यापक सुधार' बताया, जो स्वच्छ ऊर्जा में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करेगा।

लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित होने के बाद इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली है। आजादी के बाद से भारत के परमाणु क्षेत्र में यह सबसे बड़ा सुधार है। यह नया कानून परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 और सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज अधिनियम 2010 का स्थान लेगा। यूएसआईएसपीएफ ने इस अधिनियम को भारत के ऊर्जा परिदृश्य में 'ऐतिहासिक मोड़' करार दिया है, जो अमेरिका और भारत के बीच परमाणु ऊर्जा विकास में बेहतर सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा। शांति अधिनियम भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी और विदेशी भागीदारी बढ़ाने, परमाणु ऑपरेटरों के लिए दायित्व ढांचे को स्पष्ट करने और 2008 में किए गए भारत-अमेरिका नागरिक परमाणु समझौते की लंबित संभावनाओं को क्रियान्वित करने की क्षमता के मद्देनजर इसमें महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं।

## चीनी ने भारतीयों के लिए लॉन्च किया ऑनलाइन वीजा सिस्टम

### आवेदन की स्थिति को रियल-टाइम में ट्रैक किया जा सकेगा



**बीजिंग।** दिल्ली स्थित चीनी दूतावास ने अब भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए 'चाइना ऑनलाइन वीजा एप्लीकेशन सिस्टम' लॉन्च किया है। इसके तहत अब भारतीय नागरिक चीन के लिए वीजा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिससे पहले की तरह भारी कागजी कार्यवाही और व्यक्तिगत तौर पर दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं होगी।

शेनझेन स्थित चीनी ऑनलाइन पोर्टल ग्रेटर बे एरिया (जीबीए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। दूतावास ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट वीचौट पर बताया कि यह सेवा 22 दिसम्बर, 2025 से आधिकारिक रूप से शुरू होगी। जानकारी के अनुसार ऑनलाइन वीजा आवेदन प्रणाली के तहत अब आवेदक 'वीजा फोर चाइना' वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं, दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं और बायोमेट्रिक अपॉइंटमेंट भी तय कर सकते हैं। यह सुविधा टूरिस्ट (एल), बिजनेस (एम), स्टूडेंट (एक्स) और वर्क (जेड) वीजा के लिए उपलब्ध होगी। रिपोर्ट की माने तो इस नई प्रणाली के तहत अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से दूतावास जाने की जरूरत केवल बायोमेट्रिक के लिए होगी। आवेदन की स्थिति को रियल-टाइम में ट्रैक किया जा सकेगा। इतना ही नहीं शुल्क का भुगतान यूनियनपे के जरिए आईएनआर में किया जा सकता है, जिससे विदेशी मुद्रा के अतिरिक्त खर्च से बचा जा सके। हालांकि, चीनी दूतावास की अंग्रेजी वेबसाइट पर अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। बता दें कि यह कदम भारत-चीन संबंधों को सामान्य करने की दिशा में उठाए गए हालिया प्रयासों का हिस्सा है। इसके तहत पिछले कुछ महीनों में दोनों देशों ने कई कदम उठाए हैं, जैसे कि भारत ने चीनी पेशेवरों के लिए बिजनेस वीजा प्रक्रिया तेज की। जुलाई में भारत ने चीनी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा जारी करना फिर से शुरू किया। इसके बाद अक्टूबर में दोनों देशों के बीच डायरेक्ट फ्लाइट्स फिर से शुरू हुई। गौरतलब है कि भारत और चीन के संबंध बीते कुछ वर्षों से बहुत ज्यादा अच्छे नहीं रहे। वहीं मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर सैन्य गतिरोध के कारण चीन के नागरिकों को भारत में वीजा जारी करना बंद कर दिया गया था। ऐसे में अब चार साल से अधिक के सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों ने धीरे-धीरे रिश्तों को सामान्य करने के कई कदम उठाए हैं।




# ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की अपील दोहराई


### अमेरिका के राष्ट्रपति बोलेः ग्रीनलैंड राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चाहिए, प्राकृतिक संसाधनों के लिए नहीं

**■ डेनमार्क ने 2009 में ग्रीनलैंड के स्वराज से जुड़ा अधिनियम अपनी संसद में पारित किया था**

**वाशिगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के अपने इरादे को दोहराते हुए कहा है कि यह क्षेत्र उन्हें 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए' चाहिए न कि प्राकृतिक संसाधनों के लिए। ट्रम्प ने फ्लोरिडा के पाम बीच पर संवाददाताओं से कहा कि हमें ग्रीनलैंड राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चाहिए, न कि खनिजों के लिए।

ट्रम्प का यह बयान उनके प्रशासन के पिछले बयान से मेल नहीं खाता, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्कटिक रणनीति और अहम खनिजों एवं प्राकृतिक संसाधनों की संभावनाओं के लिए ग्रीनलैंड चाहता है। ट्रम्प ने रविवार को लुइज़ियाना के गवर्नर जेफ़ लैंड्री को ग्रीनलैंड में अपना विशेष दूत नियुक्त किया था। अमेरिका के राष्ट्रपति ने फ्लोरिडा में कहा कि हमें ग्रीनलैंड चाहिए ही चाहिए और लैंड्री हमारी कोशिश की अगुवाई करना चाहते थे। वह कहते हैं कि वह (ग्रीनलैंड) डेनमार्क का है। डेनमार्क ने उस पर कोई खर्च नहीं किया और उसके पास कोई सैन्य सुरक्षा नहीं है। इसके जवाब में लैंड्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि विशेष दूत का पद ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बनाने के लिए एक स्वैच्छिक पद होगा। ग्रीनलैंड डेनमार्क का एक पूर्व औपनिवेशिक क्षेत्र है, जिसे 1979 में स्वराज का अधिकार दिया गया था। डेनमार्क ने 2009 में ग्रीनलैंड के स्वराज से जुड़ा अधिनियम अपनी संसद में पारित किया था, जिसके बाद इस द्वीप को अपने आंतरिक मामलों में फैसले लेने की आज़ादी मिल गई। डेनमार्क के प्रधानमंत्री कार्यालय की वेबसाइट के अनुसार, ग्रीनलैंड के विदेशी मामलों, रक्षा और सुरक्षा नीति पर अब भी डेनमार्क का ही अधिकार है। ग्रीनलैंड के लिए ट्रम्प के दूत की नियुक्ति से ग्रीनलैंड, डेनमार्क और यूरोपीय संघ में कड़ी राजनयिक उथल-पुथल हुई है। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने सोमवार को कहा कि वह इस नियुक्ति को लेकर डेनमार्क में अमेरिकी राजदूत केनेथ होवेरी को बुलाएंगे। रासमुसेन ने डेनमार्क के प्रसारक टीवी 2 से कहा कि मैं इस विशेष दूत की नियुक्ति से बहुत परेशान हूं। मैं खास तौर पर दूत के बयानों से परेशान हूं, जिन्हें हम बिल्कुल भी स्वीकार नहीं कर सकते। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नील्सन ने सोमवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि वे अमेरिका से अपनी 'संयुक्त क्षेत्रीय अखंडता' के लिए सम्मान की उम्मीद करते हैं।

## श्रीलंका को 45 करोड़ डॉलर का भारत देगा 'पुनर्निर्माण पैकेज': जयशंकर



**■ चक्रवात 'दितवाह' से हुई तबाही से उबरने में मदद के लिए नई दिल्ली ने बढ़ाए हाथ**

**कोलम्बो।** भारत ने चक्रवात 'दितवाह' से हुई तबाही से उबरने में श्रीलंका की मदद के लिए 45 करोड़ डॉलर के राहत एवं पुनर्निर्माण पैकेज की घोषणा की है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह जानकारी मंगलवार को दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में कोलंबो पहुंचे डा. जयशंकर ने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमारा दिसानायके को प्रधानमंत्री का पत्र सौंपा, जिसमें इस सहायता का विवरण दिया गया है। इस पैकेज में 35 करोड़ डॉलर की रियायती ऋण सहायता (लाइन ऑफ क्रेडिट) और 10 करोड़ डॉलर की अनुदान राशि शामिल है। विदेश मंत्री ने श्रीलंका के विदेश मामलों के मंत्री विजिता हेराथ के साथ भी बैठक की, जिसमें सहायता को शीघ्रता से पहुंचाने और देश की पुनर्निर्माण प्राथमिकताओं पर चर्चा भी की गई। डा. जयशंकर ने कहा कि मोदी के विशेष दूत के रूप में और राष्ट्रपति के लिए संदेश लेकर हम उनसे मिले। चक्रवात दितवाह से हुए नुकसान पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रधानमंत्री का जो पत्र मैंने सौंपा है, वह भारत की 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' भूमिका को आगे बढ़ाता है और 45 करोड़ डॉलर के पुनर्निर्माण पैकेज की प्रतिबद्धता जताता है।

